नई दिल्ली
मंगलवार, 19 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 27, अंक : 344
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 20

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 एमबापे की हैट्रिक से पीएसजी ने ...

## आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग की बड़ी कार्रवाई

# छह राज्यों के गृह सचिव हटाने के निर्देश, बंगाल के डीजीपी भी बदले गए...विवेक सहाय 'नए डीजीपी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निष्पक्ष लोकसभा चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सोमवार को गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटाने का भी आदेश दिया गया। यह कदम समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने के आयोग के कोशिशों का हिस्सा है। इस बीच, चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल सरकार ने विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।



विवेक सहाय

गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिवों को हटाने का आदेश

### जिनको एक जिले में 3 साल पूरे, वे नपेंगे




*चुनाव आयोग ने सभी राज्य सरकारों को उन सभी अधिकारियों का ट्रांसफर करने के आदेश दिए हैं, जो इलेक्शन के काम से जुड़े हुए हैं और एक जिले में तीन साल पूरे कर चुके हैं या अपने गृह जिले में तैनात हैं।*

### मिजोरम-हिमाचल प्रदेश के कई सचिवों को हटाया

मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभागों के सचिव को हटा दिया गया है। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ दिनों बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता वाले चुनाव पैनल ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त इकबाल सिंह चहल, अतिरिक्त आयुक्तों और उपायुक्तों को हटाने का भी आदेश दिया। आयोग ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया था कि वे चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों का तबादला करें, जो तीन साल पूरे कर चुके हैं या अपने गृह जिलों में हैं। महाराष्ट्र ने कुछ नगर निगम आयुक्तों और कुछ अतिरिक्त और उप नगर आयुक्तों के संबंध में निर्देशों का पालन नहीं किया था। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को सोमवार शाम छह बजे तक रिपोर्ट देने के निर्देश के साथ बीएमसी और अतिरिक्त एवं उपायुक्तों का स्थानांतरण करने का निर्देश दिया था। मुख्य सचिव को महाराष्ट्र में समान रूप से पदस्थापित सभी नगर निगम आयुक्तों और अन्य निगमों के अतिरिक्त या उप नगर आयुक्तों को स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया गया। यह कदम मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की सोमवार को बैठक के बाद आया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आजम खान को सात साल की सजा



**रामपुर।** सपा के वरिष्ठ नेता एवं रामपुर से विधायक रहे आजम खान को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। ये सजा रामपुर के चर्चित डूंगरपुर मामले में हुई है। कोर्ट ने आजम खान पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आजम के साथ ही रिटायर्ड सीओ आले हसन, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खान और ठेकेदार बरकत अली को भी इतनी ही सजा हुई है।

### डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति को किया भंग



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बड़ा निर्णय लेते हुए भारतीय कुश्ती महासंघ यानी डब्ल्यूएफआई का दैनिक कार्य संभाल रही तदर्थ समिति को भंग करने का फैसला किया है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने नियमों का उल्लंघन करने का हवाला देकर डब्ल्यूएफआई की नई कार्यकारी समिति को निलंबित किया था।

### तेलंगाना राज्यपाल सौंदरराजन का इस्तीफा



**हैदराबाद।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसै सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पुडुचेरी के एलजी का पद भी छोड़ दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि तमिलिसै सौंदरराजन भाजपा के टिकट से तमिलनाडु से चुनाव लड़ सकती हैं। वह साल 2019 में चुनाव लड़ चुकी हैं लेकिन वह हार गई थीं।

**इलेक्टोरल बॉन्ड पर शीर्ष कोर्ट सख्त :** एसबीआई चेयरमैन को गुरुवार शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया

# सीजेआई की एसबीआई को कड़ी फटकार बोले- बच नहीं सकते, सब बताना पड़ेगा

सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा सब बताना पड़ेगा। वहीं, एसबीआई ने कोर्ट से कहा कि उसे बदनाम किया जा रहा है।



### सीजेआई वकील से बोले... आप मुझ पर चिल्लाइए मत

चंद्रचूड़ मामले पर सुनवाई के दौरान वकील मैथ्यू नेदुंपारा पर भड़क गए। सीजेआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर सुनवाई के दौरान नेदुंपारा से कहा कि आप मुझ पर चिल्लाइए मत। अगर आपको याचिका दाखिल करनी है, तो एप्लिकेशन दीजिए। हम यहां आपकी सुनवाई के लिए नहीं बैठे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को कड़ी फटकार लगाई है। सीजेआई ने बैंक से कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ा सब कुछ बताना पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को इलेक्टोरल बॉन्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया है। जिसमें भुनाए गए बॉन्ड की अल्फान्यूमेरिक संख्या और सीरियल नंबर शामिल हो। अगर इनमें से कोई भी शामिल हैं तो उन्हें जारी करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई चेयरमैन को गुरुवार 21 मार्च शाम 5 बजे तक एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। हलफनामे के संबंध में कहा गया ▶▶ शेष पेज 5 पर





**सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया कि इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द करने के उसके फैसले का सोशल मीडिया पर दुरुपयोग किया जा रहा है**

### केंद्र की दलील... इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द करने के कोर्ट के फैसले का सोशल मीडिया पर दुरुपयोग

इससे पहले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने पहले चुनावी बॉन्ड संख्या का खुलासा नहीं करने और इस तरह अपने पिछले फैसले का पूरी तरह से पालन नहीं करने के लिए एसबीआई की खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि चुनावी बॉन्ड संख्या, जो दानदाताओं को प्राप्तकर्ताओं से जोड़ती है, बैंक द्वारा खुलासा किया जाना चाहिए। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की इस दलील को खारिज कर दिया कि इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द करने के उसके फैसले का सोशल मीडिया पर दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात की चिंता नहीं है कि उसके फैसलों की व्याख्या तीसरे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भड़क गए चंद्रचूड़- मेरा मुंह मत खुलवाओ, आपको अच्छा नहीं लगेगा

*डीवाई चंद्रचूड़ मंगलवार को एक वरिष्ठ वकील की बात से खासा नाराज हो गए। सीजेआई ने यहां तक कह दिया कि वो उनका और मुंह न खुलवाएं। दरअसल, वकील ने कोर्ट को चुनावी बॉन्ड के फैसले पर स्वतः संज्ञान लेने की मांग की थी। चंद्रचूड़ ने कहा कि एक वरिष्ठ वकील होने के अलावा, आप एससीबीए के अध्यक्ष हैं। आप प्रक्रिया जानते हैं। ये सभी चीजें एक पब्लिसिटी स्टंट है और हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। सीजेआई ने आगे कहा कि आप मुझे और कुछ बोलने पर मजबूर न करें, वो आपको सुनने में अच्छा नहीं* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीजेआई ने एसबीआई से पूछा
### आप किस फॉर्मेट पर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के डेटा को रखते हैं?

हरीश साल्वे ने कहा कि जहां तक बॉन्ड के नंबर की बात है हमें कोई परेशानी नहीं है साझा करने में। हम दे देंगे। सीजेआई ने एसबीआई से पूछा कि आप किस फॉर्मेट पर इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के डेटा को रखते हैं? एल्फा न्यूमेरिक रखने का क्या मतलब था? क्या ये सुरक्षा को लेकर था या कुछ और? अगर बॉन्ड को भुनाया जाता था तो ये कैसे पता चलता है की वो फेक नहीं है? इस पर साल्वे ने कहा कि हम धनराशि का पता लगाते हैं। सीजेआई ने पूछा कि अगर बॉन्ड को भुनाया जाता था तो ये कैसे पता चलता है कि वो फेक नहीं है? एसजी तुषार मेहता ने कहा कि आपने फैसला दिया। लेकिन कोर्ट के बाहर कुछ दूसरी तरफ इसे अन्य ढंग से लिया जा रहा है। गंभीर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कांग्रेस कार्य समिति घोषणा पत्र को देगी मंजूरी

## आज शेष उम्मीदवारों के नाम फाइनल कर सकती है कांग्रेस



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे चुनाव हलचल तेज होती जा रही है। सात चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। ऐसे में अब केवल एक महीने का ही वक्त बचा है। जिसके मद्देनजर राजनीतिक दलों ने भी तैयारियां तेज कर रखी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र पर अंतिम रूप दिया जाएगा। ये बैठक सुबह 10 बजे से एआईसीसी मुख्यालय में होगी। कार्य समिति की बैठक के बाद पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी बैठक होगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा था कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

◆ पहले सुबह 10 बजे सीडब्ल्यूसी की बैठक, उसके बाद सीईसी की बैठक

### कांग्रेस की गारंटियां

रमेश ने कहा था कि पार्टी पांच न्याय – 'भागीदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- के मुद्दे पर चुनाव लड़ेगी। इनमें 25 गारंटी होंगी जिनकी घोषणा कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले ही कर चुके हैं। कांग्रेस ने अब तक दो अलग-अलग सूचियों में कुल 82 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

### केंद्रीय मंत्री ने शेयर किया वीडियो

## गामिनी ने पांच नहीं 6 चीतों को दिया था जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में 10 मार्च को मादा चीता गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया था। वहीं पहले खबर आई थी कि गामिनी ने पांच शावकों को जन्म दिया है। सोमवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर ये जानकारी दी कि गामीनी ने 10 मार्च को छह शावकों को जन्म दिया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा, ▶▶ शेष पेज 5 पर



■ चीतों की संख्या अब बढ़कर 27 हो गई है, जिसमें 14 शावक

### पीएम मोदी ने पुतिन को दी बधाई

## साथ मिलकर काम करने के लिए दोनों देश 'तत्पर'

पुतिन (71) 88 प्रतिशत वोट हासिल कर पांचवीं बार राष्ट्रपति बने



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी शानदार चुनावी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच समय की कसौटी पर परखी हुई साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्पर हैं। व्लादिमीर पुतिन (71) लगभग 88 प्रतिशत वोट हासिल करके पांचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं, जो ▶▶ शेष पेज 5 पर

### हिस्सेदारी घटकर 0.36 प्रतिशत

## नारायणमूर्ति ने पोते को गिफ्ट किए 240 करोड़ के शेयर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंफोसिस के संस्थापक एनआर नारायण मूर्ति ने अपने चार महीने के पोते एकाग्र रोहन मूर्ति को 240 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर उपहार में दिए हैं। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, भारत की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी में एकाग्र रोहन मूर्ति की 15,00,000 शेयर या 0.04 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पोते ▶▶ शेष पेज 5 पर



■ चार माह का है इंफोसिस संस्थापक का पोता एकाग्र

## बाबा महाकाल का 'नगर भोज' आज



### 50 हजार लोगों के लिए बनाए जा रहे व्यंजन

*उज्जैन। आठ मार्च को महाशिवरात्रि में शिव विवाह की रस्म निभाने के बाद मंगलवार को महाकाल का रिसेप्शन नगर भोज होगा। इसमें पूरे शहर को आमंत्रित किया गया है। खास बात यह है कि आमंत्रण में नगर भोज के लिए जो आमंत्रण बांटे गए हैं, उनमें स्वागतातुर तैंतीस करोड़ देवी-देवता और दर्शनाभिलाषी रिद्धि-सिद्धि संग भगवान गणेश और शिव के परिवार को* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वकील सुषमा समेत कई नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

# यूपी की लालगंज सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद हुई भाजपा में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश की लालगंज लोकसभा सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गईं। संगीता आजाद के पति अरिमर्दन आजाद लालगंज से बसपा के विधायक रह चुके हैं। वो भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसके साथ ही वकील सुषमा कुशवाहा समेत कई अन्य नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली। दिल्ली भाजपा मुख्यालय पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, यूपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में संगीता आजाद, अरिमर्दन और सीमा कुशवाहा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बसपा सांसद संगीता आजाद ने 2019 लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। संगीता आजाद ने भाजपा उम्मीदवार नीलम सोनकर को डेढ़ लाख वोटों के अंतर से हराया था। संगीता ▶▶ शेष पेज 5 पर




### चिराग पासवान को मिली पांच सीटें, चाचा पशुपति नाथ पूरी तरह हुए दरकिनार

# मांझी की हम और कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को दी एक-एक सीट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा हो गया है। भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लडेंगी। जदयू के खाते में 16 सीटें आई हैं जबकि चिराग पासवान को पांच सीटें मिली हैं। 'हम' और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक एक सीट दी गई है। एनडीए में चिराग पासवान के चाचा और केन्द्रीय मंत्री पशुपति पारस को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है। पारस को एक सीट भी नहीं दी गई है। भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व ने चिराग पासवान को ही रामविलास पासवान का उत्तराधिकारी माना है। बिहार में पारस की बजाय चिराग का प्रभाव लोक जन शक्ति पार्टी के मतदाताओं पर ज्यादा आंका गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में सोमवार शाम को एक पत्रकार वार्ता में सीट बंटवारे की घोषणा करते हुए पार्टी महासचिव विनोद तावड़े ने बताया की भाजपा 17, जदयू 16, लोक जन शक्ति पार्टी 5 तथा जीतनराम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक एक सीट चुनाव लडेंगी।

उन्होंने बताया कि पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, अजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटनासाहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम से भाजपा के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। वहीं वाल्मीकिनगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, ▶▶ शेष पेज 5 पर



जीतनराम मांझी



उपेंद्र कुशवाहा

### मंत्री पद से इस्तीफा दे, इंडिया गठबंधन का हाथ पकड़ सकते हैं पारस

बिहार एनडीए में सीटों की घोषणा के बाद पशुपति पारस कैंप में हलचल तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि वो जल्द ही केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफ़ा दे सकते हैं। उनकी 'इंडिया' गठबंधन से बातचीत भी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने शुक्रवार को कहा था कि वो हाजीपुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने ये भी कहा था कि उनकी पार्टी के अन्य सांसद उन सीटों से चुनाव लड़ेंगे, जहां से वे 2019 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुए थे। भाजपा पर उनकी पार्टी के साथ न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए पारस ने संकेत दिया था कि वो राजग से बाहर निकल सकते हैं। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी कहीं भी जाने को 'स्वतंत्र' हैं और उनके 'दरवाजे खुले हुए हैं'। उन्होंने कहा था कि वो बिहार में राजग उम्मीदवारों की आधिकारिक घोषणा का इंतजार करेंगे और उसके बाद भावी कदम के संबंध में कोई निर्णय लेंगे।

# ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग स्कैम में शामिल चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जीबीएल गोल्ड एप की फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाले रैकेट का आउटर नॉर्थ जिले की साइबर टीम ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें दिल्ली, वडोदरा और जिरकपुर पंजाब में छापा मारकर दबोचा गया। इनके पास से 24 मोबाइल, 42 डेबिट कार्ड, 22 चेकबुक और एक लैपटॉप बरामद हुआ।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार समयपुर बादली के रहने वाले अखिल नेगी ने 16 लाख की धोखाधड़ी के बारे में साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि व्हाट्सएप पर एक ग्रुप बना था, जिसमें दो एडमिन सोने के व्यापार के लिए स्टॉक की सिफारिशें देते थे और जीबीएल गोल्ड एप डाउनलोड करने के लिए कहते थे। उनके खाते से कई लेन देन हुए। हाल ही में जब उन्होंने जीबीएल पर बनाए गए खाते से चार लाख निकालने की कोशिश की, तो वह रकम नहीं निकल पाई। आखिरकार, उनके द्वारा दिए गए सभी संपर्क सूत्रों की मदद लेनी चाही लेकिन वह सब उनकी पहुंच से बाहर हो गए थे। बाद में उन्हें ब्लॉक तक कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की। बैंक खातों में पंजीकृत मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल हासिल कर उसका विश्लेषण किया। केस में पुलिस ने सबसे पहले सैम गोस्वामी उर्फ मंजीत गोस्वामी को अरेस्ट किया। इसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई और फिर वडोदरा में रेड कर एक फ्लैट से जसकीरत सिंह उर्फ जस्सी को पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी दबोच लिया। पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन गोल्ड ट्रेडिंग स्कैम लोगों को ठगने का एक नया तरीका है। इस मॉड्यूल में शामिल जालसाज शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप ग्रुप पर जीबीएल गोल्ड एप का लिंक भेजकर उसे डाउनलोड करवाते हैं। बाद में उस प्लेटफॉर्म के माध्यम से सोने में निवेश करने के लिए लुभाते हैं। शिकायतकर्ता का पैसा वॉलेट में दिखता है लेकिन निकासी के समय पैसा नहीं निकलता।

# दिल्ली वालों के लिए हीरो हैं सत्येंद्र जैन : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सत्येंद्र जैन दिल्ली वालों के लिए हीरो हैं। उन्होंने 24 घंटे बिजली, मुफ्त बिजली, अच्छे सरकारी अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। यह बातें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को सत्येंद्र जैन के जेल जाने के सोशल मीडिया एक्स पर पर शेयर एक वीडियो पर कहा। उन्होंने सोमवार को अपने ट्वीट में कहा कि वह सभी दिल्ली वालों के लिए हीरो हैं। उन्होंने 24 घंटे बिजली, मुफ्त बिजली, अच्छे सरकारी अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। उनके और उनके परिवार के लिए बेहद दुखी हूं। भगवान उसका भला करे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उनकी नियमित याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने शाम को आत्मसमर्पण कर दिया।

## हत्या के बाद आरोपी फरार

# रणहौला में दो लोगों की चाकू से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रणहौला इलाके में रविवार रात दो लोगों की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी फरार है। मरने वालों के नाम मुकेश और राजेश है। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल हत्यारे तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार वारदात रविवार रात करीब पौने 10 बजे मछली मार्केट के पास दास गार्डन कॉलोनी में हुई। कॉलर ने बताया कि यहां एक व्यक्ति अचेत हालत में पड़ा है। उसके शरीर से खून भी बह रहा है। पुलिस मौके पर प हुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। उसके सीने पर वार किया गया था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। जांच के मरने वाले की पहचान मुकेश के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि कुछ ही दूरी पर एक अन्य शख्स भी खून से लथपथ हालत में मृत मिला था। उसका नाम राजेश पता चला है। पुलिस आरोपियों का पता लगाने के लिये इलाके के कैमरा फुटेज खंगाल रही है। पुलिस अफसर फिलहाल हत्या की वजह को लेकर खुलकर नहीं बोल रहे हैं। वहीं सूत्रों से पता चला कि कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि मृतकों का एक बाइक सवार से हाथापाई हुई थी। आशंका है कि लूटपाट के दौरान हत्या की गई हो।

### हथियारों की बड़ी खेप के साथ दो सप्लायर अरेस्ट, बरामद हुई 20 पिस्टल

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने एमपी से अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले दो लोगों को अरेस्ट किया है। इनके पास से 20 सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुई। गिरफ्त में आये लोगों के नाम मध्य प्रदेश के बैतूल निवासी रहीम उर्फ बेटी व महराष्ट्र के अमरवती निवासी विशाल सोलव (26) है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हथियारों की यह खेप पकड़े जाने को पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन और सिमकार्ड भी जब्त किए हैं। डीसीपी मनोज सी के अनुसार दोनों के बुराड़ी इलाके में आने का इनपूट मिला था। पता चला था कि शाहदरा निवासी आसिफ को हथियार सप्लाई होंगे। इसके बाद पुलिस ने ट्रैप लगाकर दो लोगों को पकड़ लिया। रहीम 10 साल से अधिक समय से इस धंधे में धामिल है। वह बैतूल के शेख आजम से अवैध पिस्टल खरीद आगे सप्लाई करता था। शेख आजम कई साल से देश के विभिन्न हिस्सों में हथियार भेज रहा है। विशाल रहीम को तीन साल से जानता है। रहीम उसे प्रत्येक डिलीवरी के एवज में पांच हजार रुपये देता था। रहीम आधा दर्जन मामलों में शामिल रहा है। शेख आलम 10 हजार से 20 हजार में प्रति पिस्टल बेचता था। आगे इनके 30 हजार तक वसूले जाते थे।

# कॉल सेंटर की आड़ में ठगी करने वाले छह दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नौकरी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले एक रैकेट का खुलासा नॉर्थ पुलिस ने किया है। पुलिस ने इस मामले में चार युवतियों समेत छह लोगों को पकड़ा। आरोपी कॉल सेंटर की आढ़ में लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। इनके पास 10 मोबाइल, एक लैपटॉप, दो एटीएम कार्ड, नकली पैन कार्ड आदि सामान जब्त हुआ है। दो मुख्य आरोपियों के नाम कमालपुर बुराडी निवासी मोहित कुमार और बागपत यूपी निवासी पुनीत कुमार है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा के अनुसार 15 मार्च को इस कॉल सेंटर के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम ने कमालपुर बुराडी इलाके में एक बिल्डिंग की पहली मंजिल पर रेड कर दोनों मुख्य आरोपियों और चार लड़कियों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने नौकरी डॉट कॉम के माध्यम से एचडीएफसी बैंक में नौकरी का वादा करके कई लोगों को कॉल कर चूना लगाया। मोहित कुमार गरीब लोगों से नाम फर्जी खाते, एटीएम और फर्जी सिम कार्ड प्राप्त करता था। इसके बाद पुलिस ने बुराड़ी थाने में धोखाधड़ी सम्बंधी धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। दोनों मुख्य आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने पहले भी ऐसे अवैध कॉल सेंटरों के लिए काम किया था और अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपना खुद का कॉल सेंटर स्थापित किया। नौकरी के पंजीकरण आदि के लिए रकम उगाही जाती थी। इन्होंने लोगों को ठगने के लिए कुल 91 अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था।

# लिफ्ट में फंसकर सुरक्षाकर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली।

न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में लिफ्ट में फंसकर एक शख्स की मौत हो गई। मृतक का नाम विनोद कुमार बताया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया है। मृतक एक अगरबत्ती बनाने की फैक्ट्री में गार्ड की नौकरी करता था। हादसा कैसे हुआ अभी तस्वीर साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आज राज्यसभा सदस्य की शपथ लेंगे संजय सिंह : आप



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने संसद जाकर राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की इजाजत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल प्रशासन को संजय सिंह को 19 मार्च को शपथ लेने के लिए संसद ले जाने की इजाजत दी है। इस बात की जानकारी आम आदमी पार्टी ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में दी है। आप ने कहा कि सांसद संजय सिंह जनवरी में दूसरी बार राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं, निर्वाचित होने के बावजूद संजय सिंह का मामला प्रिविलेज कमेटी में लंबित होने के चलते शपथ नहीं दिलाई जा सकी थी। लेकिन अब शपथ के लिए मंजूरी मिल गयी है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जेल ऑथॉरिटी को संजय सिंह को 19 मार्च को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए संसद ले जाने की इजाजत दे दी है। जनहित के तमाम मुद्दों पर निर्भीकता से अपनी बात रखने वाले संजय सिंह का सांसद के रूप में यह दूसरा कार्यकाल है। आज भले ही सत्ता पक्ष द्वारा राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें जेल में बंद कर दिया गया हो लेकिन संसद में उनकी बेबाक आवाज एवं जनहित के लिए उनके अविरत संघर्ष का साक्षी पूरा देश रहा है।

# कोरिया के येओंगदेओक सिटी के महापौर पहुंचे दिल्ली विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कोरिया के येओंगदेओक सिटी के महापौर क्वांगयोल किम ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा "हाई-वेलनेस फेस्टा 2023 की यात्रा के दौरान किए गए दान की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने 3 अक्टूबर, 2024 को होने वाले येओंगदेओक इंटरनेशनल हाई-वेलनेस फेस्टा 2024" के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए कुलपति को निमंत्रण भी दिया। यह समारोह पारंपरिक कोरियाई चिकित्सा को भारतीय आयुर्वेद के साथ जोड़ता है और प्रतिभागियों को विभिन्न अनुभव प्रदान करने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को भी बढ़ावा देता है। इस दौरान दोनों देशों की पारंपरिक औषधीय प्रणाली के क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावना पर भी चर्चा की गई है। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अक्टूबर 2023 में ग्योंग बुक इंटरनेशनल हाई-वेलनेस फेस्टा 2023 के दौरान उनकी दक्षिण कोरिया के ग्योंग सांग बुक डो प्रांत की यात्रा और वहां के गवर्नर के साथ मुलाकात के दौरान के अद्भुत अनुभव भी साझा किए। कुलपति ने दक्षिण कोरिया के साथ मौजूदा संबंधों और आयुर्वेद योग के क्षेत्र में सहयोग के माध्यम से हमारे संबंधों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है।

प्राथमिकी में कहा गया कि औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी इस तरह की परीक्षा के दौरान सामान्य तौर पर शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। प्राथमिकी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछने लगे जिससे उन्हें काफी असहज महसूस हुआ। उसने आरोप लगाया कि जब मैंने जवाब देना बंद कर दिया तो उन्होंने मुझे बाहर भेज दिया और दोबारा आने को कहा। फिर उन्होंने मुझसे इंजेक्शन के बारे में पूछा और मुझे गलत तरीके से छूने लगे। सवाल पूछने के नाम पर उन्होंने मेरी गर्दन पर छुआ और मेरे निजी अंगों को छूने का प्रयास किया। इसमें कहा गया कि जब मैं उठकर जाने लगी तो उन्होंने मुझसे स्तन में गांठ से संबंधित बीमारी के बारे में पूछा और आपत्तिजनक इशारे किए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सहायक प्रोफेसर ने उसे परीक्षा में अच्छे अंक पाने के गुर सिखाने के लिए उसे अकेले विभाग में आने के लिए भी कहा। प्राथमिकी के अनुसार कि उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि वह हमारी लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करेंगे, इसलिए अगर मैं सहयोग करूंगी तो ज्यादा अंक देंगे। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उन्होंने इसी तरह की हरकत अन्य छात्राओं के साथ भी की, लेकिन परीक्षा में फेल करने की धमकी देकर उन्हें शांत करा दिया। पीड़िता ने दावा कि उन्होंने संबंधित प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन सहायक प्रोफेसर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्राथमिकी में कहा कि हमारे विभागाध्यक्ष ने भी प्रोफेसर का साथ दिया और अन्य अध्यापकों के बीच मुझे यह कहकर बदनाम किया कि ये झूठे आरोप लगा रही है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए (महिला का शीलभंग करने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग करना) और 509 (किसी महिला का शीलभंग करने के उद्देश्य से टिप्पणी, इशारा या कृत्य करना) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### ऑटो संगठन कर रहा है विशेष परिवहन आयुक्त को बदलने की मांग, एक सप्ताह बाद भी हल नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ऑटो टैक्सी चालकों के संगठन ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से गुहार लगाई है कि दिल्ली परिवहन के विशेष आयुक्त शहजाद आलम की जगह किसी अन्य अधिकारी को यह जिम्मेदारी दी जाए। संगठन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि राज निवास से अपील के बाद भरोसा मिला कि जल्द ही इस मामले पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। लेकिन एक सप्ताह होने को है अभी तक कुछ हुआ नहीं है। वर्मा ने कहा कि संगठन को पूरी उम्मीद है कि जल्द ही एलजी इस मामले पर संज्ञान लेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष आयुक्त शहजाद आलम की लापरवाही के चलते ऑटो टैक्सी यूनिट में अधिकांश कार्य लटके पड़े है। हालात यह है कि लंबे समय से ऑटो चालकों का कोई भी कार्य किसी भी प्रकार का नहीं किया जा रहा। जबकि इस संदर्भ में उपराज्यपाल महोदय एवं उपराज्यपाल के प्रधान सचिव आशीष कुंद्रा को भी पत्र भेज कर सूचित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व रहे परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा के जाने के बाद परिवहन विभाग के हालात बदहाल होते जा रहे हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ रिहान पुत्र शोहराज यादव निवासी एच–650, खड्डा कालोनी, जैतपुर एक्सटेंशन–II, नई दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **44/2023 दिनांक 15.02.2023 अन्तर्गत धारा 380/411/34 आईपीसी थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रिहान** मिल नही रहा है, और मुझे समाधानाप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रिहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **44/2023 दिनांक 15.02.2023 अन्तर्गत धारा 380/411/34 आईपीसी थाना कालिंदी कुंज, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ रिहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**हिमांशु तंवर**
महानगर दण्डाधिकारी–10
दक्षिण पूर्वी जिला
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/3186/SE/2024**
**(Court Matter)**

## देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने चुनावी तैयारियां कर दी हैं तेज

# दिल्ली में इस बार इंडिया गठबंधन की जीत की है गारंटी : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**खास बातें**

- दिल्ली में लोकसभा प्रत्याशियों ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रें में बढ़ा दिया है जनसंपर्क



दिल्ली में इस बार इंडिया गठबंधन की जीत की गारंटी है। यह दावा सोमवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने प्रैसवार्ता में किया है। राय ने प्रैसवार्ता में कहा कि देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। दिल्ली में हमारे लोकसभा प्रत्यशियों ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ा दिया है। पार्टी आगे की रणनीति अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से बना रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अधिकारों पर भारतीय जनता पार्टी लगातार कुठाराघात कर रही है और मतदाताओं के अधिकारों को कानून बनाकर छीन लिया गया है। इन विपरीत परिस्थितियों के बावजूद दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार काम कर रही है। मुख्यंत्री अरविंद केजरीवाल की नीतियों और विकास कार्यों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी का कारवां लगातार बढ़ रहा है और अलग-अलग सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के महत्वपूर्ण साथी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने सामान्य सीट पूर्वी दिल्ली लोकसभा से दलित समाज से आने वाले कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को टिकट दिया है।

गोपाल राय ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि खासतौर से पूर्वी दिल्ली में बीजेपी को मंथन करने के बाद एक भी ऐसा नेता नहीं मिला, जिसे वो अपना उम्मीदवार बना सके। क्योंकि पूर्वी दिल्ली से कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं था। इसलिए बीजेपी को उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से आयात करके एक पार्षद को यहां उम्मीदवार बनाना पड़ा। जिस तरह से युवाओं का आप के पूर्वी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने का सिलसिला शुरू हुआ है, वह कारवां आगे और बढ़ेगा। सभी लोग मिलकर के पूर्वी दिल्ली को एक ऐसा सांसद देने में सफल होंगे, जो जमीन से जुड़कर के लोगों के लिए काम करेगा और दिल्ली के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाएगा।

भाजपा के कई वरिष्ठ नेता अपने समर्थकों के साथ सोमवार को आम आदमी पार्टी शामिल हो गए। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय में दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक बंसल, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र कुमार चौहान और मयूर विहार जिला उपाध्यक्ष रौशन चंद समेत अन्य को पटका व टोपी पहना कर पार्टी में शामिल किया। ये सभी लोग पूर्वी दिल्ली में रहते हैं और जनता के बीच अच्छी पकड़ रखते हैं। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि आप ने पूर्वी दिल्ली की समान्य सीट से दलित समाज से आने वाले कुलदीप कुमार को टिकट दिया है। इससे प्रभावित होकर लोग आप' परिवार से जुड़ रहे हैं। हमें यकीन है कि इस बार इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों सीटें जीतेगा। पूर्वी दिल्ली से आप प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने कहा कि भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती है। पिछले 10 साल से भाजपा पूर्वी दिल्ली को धोखा दे रही है और इस बार जनता उसे सबक सिखाएगी।

**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**



सूरन शाही

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **सूरन शाही पुत्री कृष्ण बहादुर शाही निवासी मकान नं. 3/31, सुदामापुरी, मोती नगर, दिल्ली-15** जो अपने घर से **दिनांक 07.10.2023 सायं 6.00 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **636/2023, दिनांक 09.11.2023, थाना मोती नगर, पश्चिम ज़िला, दिल्ली,** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंग:** लड़की, **आयु:** 16 वर्ष, **कद:** 5' 2" फीट, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** हरे रंग का सूट व सलवार और पैरों में लाल रंग चप्पल पहनी हुई है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई-मेल: cic@cbi.gov.in**
**acp-aks-dl@delhipolice.gov.in**
**टेली. नं.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**थाना प्रभारी**
**थाना: मोती नगर, दिल्ली**
**फोन: 011-25101150**
**मोबाइल: 8750871125**
**DP/3132/WD/2024**

## 1,000 पेड़ों की कटाई पर डीडीए, वन अधिकारियों को अवमानना नोटिस जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (एसएयू) के निकट एक संपर्क सड़क के निर्माण के लिए दक्षिणी रिज भूमि के वृक्षों समेत 1,000 से अधिक पेड़ों की कटाई को लेकर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के उपाध्यक्ष और वन विभाग के प्रधान सचिव को सोमवार को अवमानना नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने कहा कि प्राधिकारियों का आचरण पेड़ों की कटाई के खिलाफ दिए गए अदालत के आदेशों का पूरी तरह से उल्लंघन करता है और उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में हलफनामा दायर करने को कहा कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने कहा कि डीडीए की भूमि पर 400 और वन भूमि पर 700 पेड़ काटे गए हैं। उन्होंने कहा कि यह अदालत द्वारा पारित आदेशों के प्रति पूर्ण उदासीनता और उनके पूर्ण उल्लंघन को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। अदालत ने आदेश दिया कि डीडीए के उपाध्यक्ष और प्रमुख वन सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया जाए। वे हलफनामा दायर करेंगे कि उनके खिलाफ अवमानना कार्रवाई क्यों न की जाए। अदालत ने प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि दक्षिणी रिज में और कोई पेड़ नहीं काटा जाए।

### आप ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

# समन को गैरकानूनी बता कर ईडी के सामने नहीं हुए पेश केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। आप ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है।

दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि यह समझ से परे है कि ईडी भाजपा के राजनीतिक एजेंडे को पूरा करना कब बंद करेगी। ईडी ने नोटिस दिए और मुख्यमंत्री ने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि वे अवैध हैं। ईडी उनके खिलाफ अदालत में गई। जब मामला अदालत में है तो दूसरा नोटिस भेजने की क्या जल्दी है। राय ने कहा कि यदि भाजपा केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है तो उन्हें समन की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि वे उन्हें किसी भी समय गिरफ्तार कर सकते हैं। आप नेता राय ने कहा कि यदि आप संविधान और कानून में विश्वास करते हैं, तो अदालत के फैसले का इंतजार करें। हम भी इंतजार कर रहे हैं। अदालत इस मामले पर एक अप्रैल को सुनवाई करेगी। वहीं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी को राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी अरविंद केजरीवाल को लगातार समन क्यों भेज रही है जब अदालत समन की वैधता से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है। अदालत इस मामले पर विचार कर रही है। ईडी कानून का सम्मान क्यों नहीं कर रही है और अदालत के आदेश का इंतजार क्यों नहीं कर रही है। आतिशी ने आरोप लगाया कि जब उन्हें जमानत मिल चुकी है तो ईडी समन क्यों भेज रही है। जैसे ही चुनाव की घोषणा हुई, एक पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को दो मामलों में समन भेजा गया। यह अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईडी को कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए और जब तक अदालत अपना फैसला नहीं सुना देती, उन्हें ये अवैध समन भेजना बंद कर देना चाहिए।

**खास बातें**

- दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के समन पर सोमवार को सीएम केजरीवाल को ईडी के सामने होना था पेश



### सीएम केजरीवाल का सम्मान खत्म, अब समन से बचते भाग रहे : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के जीवन में नैतिक मूल्यों का ह्रास हो चुका है। केजरीवाल के जीवन में सम्मान खत्म हो चुका है, अब उनके चारों ओर समन ही समन हैं जिनसे वह छिपते भाग रहे हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को सीएम केजरीवाल को घेरते हुए उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि सीएम केजरीवाल ने सोमवार को फिर ईडी के समक्ष पेश ना हो कर यह स्थापित कर दिया कि वह कानून की जांच का सामना करने की स्थिति में नहीं हैं। सीएम केजरीवाल जानते हैं कि उनके खोखले तर्क प्रेस वार्ताओं में तो चल सकते हैं पर जांच अथवा न्यायिक अधिकारियों के समक्ष नहीं टिक सकते और इसलिए वह जांच से भाग रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली जल बोर्ड की जिस जांच के मामले में सोमवार को अरविंद केजरीवाल पेश नहीं हुए उससे स्पष्ट हो गया है कि केजरीवाल भ्रष्ट हैं। जल बोर्ड के ताजा मामले में सबंधित अधिकारी 2018 में एक कंपनी एनकेजी को ठेका ना देने की सिफारिश कर चुके थे पर फिर भी केजरीवाल सरकार ने ठेका दिया। सचदेवा ने कहा है कि अधिकारियों की सिफारिश के बावजूद प्रतिबंधित कम्पनी को ठेका देने से स्पष्ट है कि केजरीवाल सरकार में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जलबोर्ड एक वो दाल है जिसमे सिर्फ कुछ काला नहीं है पूरी की पूरी दाल ही काली है।



## आधे मार्च के बाद भी न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री नीचे, होली पूर्व से सूरज होगा लाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मार्च महीने के आधे से ज्यादा बीतने के बावजूद दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री नीचे तक दर्ज हो रहा है। लेकिन दिन के समय तापमान बढ़ने लगा है, संभावना जताई जा रही है कि होली के अवसर पर सूरज लाल होगा। यानी होली के दिन पारा 32 डिग्री से ज्यादा तक पहुंच सकता है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सुबह का मौसम सुहावना बना हुआ है। सुबह के शुरुआती घंटें हवा में हल्की हल्की ठंडक बनी रहती है। ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से नीचे बना हुआ है। आईएमडी के अनुसार मुंगेशपुर में सबसे कम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस मौसम के सामान्य से लगभग 6 डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि मौसम विभाग की बेस वेधशाला सफदरजंग में सोमवार की सुबह तापमान 12.2 डिग्री सेल्सियस और मौसम कार्यालय लोधी रोड पर इससे भी कम 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं दिन का तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1 डिग्री कम है। अनुमान है कि बारिश नहीं होने के कारण अगले 4-5 दिनों में तापमान के धीरे-धीरे बढ़ेगा। बारिश की संभावना न होने के बावजूद दिल्ली में 20-21 मार्च और 23 से 24 मार्च के बीच कुछ बादल छाए रहेंगे। जिससे धूप आंशिक रूप से बाधित होगी। ऐसे आसार है कि दिल्ली के आसपास के क्षेत्र में 19 मार्च को एम्बेडेड सर्कुलेशन के साथ हल्का विक्षोभ है। यानी हरियाणा और दिल्ली की सीमा से लगे पूर्वोत्तर राजस्थान में हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी का कहना है कि दिल्ली में मार्च के आखिरी 10 दिनों में न्यूनतम तापमान लगभग 15-16 डिग्री सेल्सियस और दिन का अधिकतम तापमान 35-36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। इसलिए, मार्च के दौरान तापमान बढ़ने की संभावना नहीं है। वहीं, परेशान करने वाली गर्मी अप्रैल तक बढ़ेगी। इस साल का मौसम भी पिछले साल की राह पर है। पिछले साल 2023 में जब उच्चतम तापमान 35 डिग्री के निशान तक पहुंचने से बच कर 34.3 डिग्री सेल्सियस पर रुक गया था। वह भी महीने के बीच में 13 मार्च 2023 को। जिससे मार्च 2023 के आखिरी दस दिन काफी आरामदायक रहे, पारा 30 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। इस साल भी पिछली बार की तरह मौसम की स्थिति दोबारा बनने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

### विकसित भारत का रोडमैप 2047 पर कार्यक्रम का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज के विकसित भारत क्लब ने स्वामी श्रद्धानंद के राजनीति विज्ञान विभाग के सहयोग से विकसित भारत का रोडमैप 2047 पर एक कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को कॉलेज सेमिनार हॉल में किया। इस कार्यक्रम में सेंटर फॉर सोशल डेवलपमेंट के चेयरमैन और विकसित भारत, दिल्ली विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रोफेसर राजकुमार फलवारिया की मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में गरिमामयी उपस्थिति देखी गई साथ ही कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और उसके बाद अतिथियों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मनीष कुमार ने अतिथियों का परिचय कराया। इस दौरान वक्ताओं ने विकसित भारत के संदर्भ में अपने विचार रखे।

## जनता को जब-जब जरूरत पड़ी भाजपा के सातों सांसद हमेशा गायब रहे : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- दिल्ली में रेप, मर्डर, चोरी, डकैती की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, भाजपा सांसदों ने क्या किया

जब-जब दिल्ली की जनता को भाजपा के सांसदों की जरूरत पड़ी, भाजपा के सातों सांसद हमेशा गायब नजर आए और अब भारतीय जनता पार्टी एक नया जुमला दिल्ली की जनता के सामने प्रस्तुत कर, दिल्ली की जनता को बेवकूफ बनाने की एक और कोशिश कर रही है। यह बात सोमवार को आप के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रैसवार्ता में कही। सौरभ ने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवारों द्वारा आगामी 100 दिनों के अपने कामों का लक्ष्य रखने पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बड़ा ही हास्यास्पद है, कि भाजपा ने दिल्ली की जनता के समक्ष यह बात तो रख दी की आने वाले चुनाव में यदि उनके सातों सांसद जीतते हैं, तो वह अगले 100 दिनों में दिल्ली और दिल्ली की जनता के लिए क्या काम करेंगे, परंतु यह नहीं बताया कि भाजपा के जिन सात सांसदों को दिल्ली की जनता पिछले 10 सालों से जिता कर लोकसभा में बिठा रखा था, उन्होंने दिल्ली की जनता के लिए पिछले 10 सालों में क्या-क्या काम किया।

सौरभ ने प्रैसवार्ता में अपनी पार्टी की ओर से भाजपा से सात प्रश्न पूछे। उन्होंने पहला प्रश्न पूछा कि सन 2017-18 में भाजपा शासित नगर निगम द्वारा हजारों दुकानों, शोरूम और छोटे-छोटे व्यवसायों को सील किए थे तब इन दुकानदारों की मदद के लिए भाजपा के सांसदों ने क्या किया। दूसरा सवाल में पूछा कि भाजपा शासित डीडीए, एलएनडीओ, रेलवे विभाग और एएसआई ने पिछले लगभग डेढ़ साल में लाखों लोगों को उनके घर तोड़कर घर से बेघर कर दिया गया। क्या भाजपा का कोई भी सांसद केंद्र सरकार के बुलडोजरों के सामने आकर विरोध के लिए खड़ा हुआ। वहीं तीसरे सवाल में पूछा कि भाजपा के सातों सांसद बताएं कि पिछले 10 सालों में ट्रैफिक को सुधारने के लिए भाजपा ने क्या किया। वहीं चौथे सवाल में पूछा कि भाजपा के सातों सांसद बताएं कि पिछले 10 सालों में भाजपा ने दिल्ली में कानून व्यवस्था सुधारने के लिए क्या किया। पांचवें सवाल में पूछा कि भाजपा के सातों सांसद बताएं कि कोरोना में जब दिल्ली की जनता को उनकी जरूरत थी सातों सांसद कहां गायब थे।

### भाजपा ने मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आप नेताओं की कड़ी निंदा की

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने जांच एजेंसियों और दिल्लीवासियों के सवालों का जवाब देने के बजाय मीडिया के माध्यम से बेशर्मी से अप्रासंगिक मुद्दों को उछालने के लिए मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आम आदमी पार्टी के नेताओं की कड़ी निंदा की है। समाचारों में चर्चा है कि तेलंगाना नेता के. कविता ने शराब घोटाले की जांच में दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ नेता के खिलाफ गवाही दी है। सचदेवा ने कहा है कि ईडी की पूछताछ में केजरीवाल की भ्रष्टाचार गाथा उजागर होने के बाद आप नेतृत्व को भाजपा के सामने सवाल उठाने के बजाय दिल्लीवासियों के सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी आम आदमी पार्टी के नेता अपना राजनीतिक संतुलन खो चुके हैं और फालतू मुद्दे उठा रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि सोमवार को सौरभ भारद्वाज को दिल्लीवासियों को बताना चाहिए कि यदि उनके दावे के अनुसार उनके खिलाफ शराब घोटाला और अन्य भ्रष्टाचार के आरोप मनगढ़ंत हैं तो उनकी गिरफ्तारी के एक साल से अधिक समय बाद भी विभिन्न अदालतों ने सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका क्यों खारिज कर दी।

### अपने घर का सपना सच करने का डीडीए दे रहा है एक और मौका, चल रही फेस्टिवल योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) उन लोगों को अपने घर का सपना सच करने जा रहा है जो अभी तक अपनी छत नहीं बना पाए है। डीडीए अपनी फेस्टिवल स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2023 की सफलता से उत्साहित होकर फेस्टिवल स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2024 का तीसरा चरण शुरू कर चुका है। इस योजना के तहत डीडीए पूरी दिल्ली में कई श्रेणियों के फ्लैट लेकर आया है, और खास बात यह है कि उनकी पुरानी कीमतों में कोई बढ़ोतरी भी नहीं की है। यानी कहा जा सकता है पिछले वर्ष या उससे पूर्व में जो कीमतें रखी गई थी उसमें कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। डीडीए के एक आला अधिकारी ने बताया कि फेस्टिवल स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2024 को लेकर प्राधिकरण खासा उत्साह है। योजना 14 मार्च से आरंभ हो चुकी है और लोगों द्वारा पंजीकरण को देखकर डीडीए को उम्मीद है कि इस बार भी अच्छी कामयाबी मिलेगी। अधिकारी अनुसार इस योजना में पॉकेट 11, सेक्टर जी-7 नरेला में 7931 ईडब्ल्यूएस और एलआईजी फ्लैट शामिल किए है। इनकी कीमत एलआईजी की कीमत 25.2 लाख रुपये, प्लिंथ एरिया 50 वर्गमीटर। जबकि ईडब्ल्यूएस फ्लैट की कीमत 14 लाख रुपये, प्लिंथ एरिया 35 वर्ग मीटर है और सभी नवनिर्मित फ्लैट है।

### महापौर करती हैं सिर्फ घोषणाएं, धरातल पर नहीं हुआ कोई कार्य : पूर्व महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने निगम में काबिज महापौर शैली ओबरॉय पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक साल से अधिक समय से सिर्फ घोषणाएं करती आ रही हैं, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव के आते ही अब महापौर ने तीन हजार सड़कों के निर्माण का वादा करके जनता को फिर से गुमराह कर दिया है। इन सड़कों का कहीं निर्माण नहीं हुआ। पूर्व महापौर सत्या शर्मा का कहना है कि करीब चार माह पहले नगर निगम की महापौर शैली ओबरॉय ने राजधानी की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का वादा किया था और लम्बी चौड़ी घोषणा की थी, लेकिन सच्चाई यह है कि चार माह बीतने के बाद न तो सड़कों का निर्माण हुआ और न ही गड्ढे भरे गए। महापौर ने जनता को फिर गुमराह किया है। सत्या शर्मा का कहना है कि महापौर पूर्वी दिल्ली की सड़कों का हाल आकर देख सकती हैं कि निगम की सड़कों की हालत कैसी है। चाहे वह पूर्वी दिल्ली की सड़कें हो या फिर उत्तर-पूर्वी दिल्ली की गलियों की, सभी सड़कें खस्ताहाल हाल में हैं। सड़कों का निर्माण तो दूर उनमें पेचवर्क तक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा शेरपुर, तुकमीरपुर, करावल नगर, शिव विहार, ज्वाला नगर, कांति नगर, रोहताश नगर सहित अन्य सड़कों की हालत खस्ताहाल में है।

### गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों का न्यायालय के आदेश पर 2006 से ऑडिट होगा: कालका

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने सोमवार को कहा कि गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों और उन्हें चलाने वाली सोसायटी के खातों का कोर्ट के आदेश पर फॉरेंसिक ऑडिट होगा। उन्होंने कहा कि अगर कोर्ट को जरूरत हुई तो आवश्यकता के अनुसार 2006 से खातों का फॉरेंसिक ऑडिट भी किया जाएगा। इस मामले पर कालका ने कहा कि गुरुद्वारा कमेटी की अपील पर कोर्ट ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि अध्यक्ष व महासचिव के खिलाफ टिप्पणियां रूटीन से संबंधित थीं। उन्होंने यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। इस मौके पर कालका के अलावा जगदीप सिंह काहलों व अन्य मौजूद थे। दोनों ने बताया कि कमेटी ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी और कहा था कि गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों के वेतन और वेतन आयोग के बकाये का मुद्दा वर्ष 2006 से शुरू हुआ था। इसलिए ऑडिट 2006 से होना चाहिए लेकिन कोर्ट ने 2020 से 31 दिसंबर 2023 तक ऑडिट का आदेश दिया है। लेकिन बाद में अदालत ने दिल्ली कमेटी के तर्कों से सहमति जताते हुए कहा कि पहले आदेश के मुताबिक ऑडिट रिपोर्ट आने दीजिए, अगर फिर भी जरूरत हुई तो 2006 से ऑडिट भी कराया जाएगा।

### सफाई कर्मियों को रैली प्रदर्शन में ले जाने पर रोक लगाने की जरूरत : गहलोत

**नई दिल्ली।** राजनीतिक पार्टियों द्वारा सफाई कर्मियों को रैली प्रदर्शन में जबरन ले जाने पर रोक लगाने की जरूरत है। दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त और 12 जोनों के उपायुक्तों को दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग ने निर्देश जारी किए है। गहलोत ने आयुक्त और उपायुक्तों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि इस तरह की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए अन्यथा कानूनी रूप से कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय में मुकदमे के लिए तैयार रहें। आयोग के चेयरमैन संजय गहलोत ने बताया कि ऐसा संज्ञान में आया है कि उनके निगम अधिकारियों के डराने धमकाने के कारण जबरन कर्मियों को बस में भरकर स्टेडियम में ले जाया जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ निगम अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके सम्बंधित निगम पार्षदों ने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया जिसके चलते मजबूरीवश उन्हें ऐसा करने हेतु बाध्य होना पड़ा। सफाई कर्मियों ने अपनी शिकायत में बताया कि सुबह से शाम तक भूखे प्यासे बंधुआ मजदूरों की तरह उन्हें वहां रखा गया जबकि उनके विषय में किसी प्रकार की कोई बात ही नहीं थी।

### दिल्ली के यातायात प्रबंधन सहित अन्य सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर देंगे भाजपा प्रत्याशी

# भाजपा प्रत्याशियों ने दिया अपना परिचय, प्रदेश कार्यालय में रखा अपना 100 दिन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोक सभा चुनाव के लिए दिल्ली भाजपा ने सोमवार को अपने सातों सांसद प्रत्याशियों का परिचय कराया। इस दौरान अधिकतर प्रत्याशियों ने दिल्ली में यातायात जाम की समस्या बताई और कहा कि यहां यातायात प्रबंधन सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बता दें कि सोमवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से सभी सातों भाजपा सांसद प्रत्याशियों का औपचारिक परिचय दिल्ली वालों से करवाया जिसमें प्रत्येक सांसद प्रत्याशियों ने अपने-अपने कार्यकाल के पहले 100 दिनों के विकास कार्यों के लक्ष्य को मीडिया के सामने रखा। सचदेवा ने कहा कि हम सार्वजनिक यातायात साधनों के विकास में विश्वास रखते हैं और आगामी पांच साल में दिल्ली को पोड टैक्सी देने का लक्ष्य रखते हैं। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संचालित प्रेस वार्ता में सांसद एवं उत्तर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, पूर्वी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा, पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत, उत्तर पश्चिमी लोकसभा प्रत्याशी योगेन्द्र चंदोलिया, चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल, नई दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज और मीडिया रिलेशन विभाग के प्रमुख विक्रम मित्तल उपस्थित थे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों का नये दायित्व अवसर के प्रति उत्साह अभूतपूर्व है।

सांसद मनोज तिवारी ने अपने संसदीय क्षेत्र में किए गए 10 सालों के अपने कार्यकाल के कार्यों को मीडिया के समक्ष रखा और कहा कि हमने सिग्नेचर ब्रिज, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली की जाम के अधिकतर कार्य, अपने लोकसभा में मेट्रो को लाने का काम पूरा किया है। इसके साथ ही उन्होंने आगामी 100 दिनों के अपने कामों का लक्ष्य भी रखा जिनमें प्रमुख हैं।

दक्षिणी दिल्ली लोकसभा से सांसद प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बदरपुर विधायक के रूप में अपने कार्यों खासकर बदरपुर में बन रहे ईको पार्क आदि का जिक्र किया। बिधूड़ी ने आगामी 100 दिनों के अपने कामों का लक्ष्य रखा जिसके अनुसार, गांव के लाल डोरे के बाहर की एक्सटेंडेड आबादी को नियमित कराया जाएगा, संगम विहार देवली और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की भयंकर ट्रैफिक की स्थिति को खत्म कराने के लिए मास्टर प्लान रोड को बनवाना, 69 अनाधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक दिलवाकर उनको नियमित कराया जाएगा - पूर्वी दिल्ली से लोकसभा सांसद प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा ने भी सांसद के रूप में प्रथम 100 दिन की वरीयता और विकास कार्यों का लक्ष्य मीडिया सामने रखा।

पश्चिम दिल्ली लोकसभा सांसद प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने प्रथम 100 दिनों की वरीयता और विकास कार्यों को लेकर कहा कि पश्चिम दिल्ली शिवाजी मार्ग के लिए विशेष ट्रैफिक मास्टर प्लान लाना ताकि सुबह और शाम के पीक आवर की ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिले। मेट्रो लाइन के विस्तार के लिए काम करना नजफगढ़ से नांगलोई और नजफगढ़ से ढांसा गांव मेट्रो विस्तार। पश्चिमी दिल्ली के में बढ़ते पॉल्यूशन को कम करने के लिए इलेक्ट्रिकल बसों की संख्या बढ़वाना और पॉल्यूशन प्यूरीफायर प्लांट लगवाना।

उत्तर पश्चिम लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने अपने 100 दिन की वरीयता में बताया कि बवाना नरेला मेट्रो फेस की मांग उठाना, उप राज्यपाल के माध्यम से घेवरा में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी शुरू करवाना, किराड़ी में जल निकासी एक बहुत बड़ी समस्या है, मैं इस पर पहले 30 दिन में ही काम शुरू करने का प्रयास करूंगा।

चांदनी चौक से भाजपा लोकसभा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने अपनी 100 दिन की वरीयता में कहा कि सांसद आपके द्वार योजना प्रथम माह में ही लागू होगी, हर काम कॉलोनी में ही होगा। चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र संस्कृति एवं सभ्यता की विरासत का केंद्र है और इसी उद्देश्य से एक सांस्कृतिक संरक्षण केंद्र यमुना बाजार क्षेत्र में विकसित करने का काम करेंगे। चांदनी चौक के व्यापारी स्वरूप को बढ़ावा देते हुए चांदनी चौक, खारी बावली, चावड़ी बाजार, सदर बाजार के समग्र विकास प्रस्ताव पर और मॉडल टाउन कमला नगर जैसी मार्केट के सौंदर्यीकरण प्रस्ताव पर 100 दिन में काम शुरू होगा। एनजीओ और आरडब्ल्यूए के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर काम करना।

नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने प्रथम 100 दिनों की अपनी वरीयता को मीडिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली में स्टार्टअप हब की स्थापना के लिए काम करना ताकि युवाओं के लिए नए रोजगार अवसरों का सृजन हो और महिला सेल्फ हेल्प ग्रुपस को बढ़ावा देना। लोकल शॉपिंग सेंटर्स और अन्य व्यावसायिक परिसरों जो सील हैं उनके डी-सीलिंग के काम को पहले माह की वरीयता में रखूंगी। आयुष्मान भारत योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी योजनाओं को दिल्ली में लागू करवाने के लिए कानूनी रास्ते पर काम करूंगी। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में धौला कुआं के आसपास दिल्ली कैंट में ट्रैफिक की समस्या बहुत ज्यादा है, हम इसके लिए एक मास्टर प्लान योजना का प्रयास करेंगे।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि विकास कार्य एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और इसकी रफ्तार मोदी सरकार में लगातार बढ़ रही है। लेकिन दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य विस्तार के नाम पर झूठ बोलकर दिल्ली के लोगों के साथ छलावा किया है। इसलिए भाजपा सांसद जीत के बाद अपने विकास कार्यों में पहली वरीयता में प्रयास करेंगे कि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व एवं पश्चिम कैंपस बने ताकि दिल्ली में पढ़ने वाले छात्रों को और अधिक सुविधा मिल सके।

### लोकसभा चुनावों के मद्देनजर दिल्ली कांग्रेस ने सोशल मीडिया कमेटी का किया पुनर्गठन

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर दिल्ली कांग्रेस कमेटी ने अपनी सोशल मीडिया कमेटी का पुनर्गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने बताया कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सोशल मीडिया विभाग की जिम्मेदारी हिदायतुल्लाह को दी गई है। नई कमेटी में 114 सदस्यों को जगह दी गई है, जो सोशल युग में कांग्रेस से जुड़ी सभी जानकारियां लोगों तक पहुंचाएगें। लवली ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस की पांच न्याय गारंटी के वादे की समुचित जानकारी सोशल मीडिया कमेटी दिल्ली की जनता तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्र में 10 वर्षों के सुशासन और अस्तित्वहीन विकास कार्यों का भ्रम और झूठे प्रचार को कांग्रेस की सोशल मीडिया कमेटी जनता के समक्ष उजागर करेगी। नई कमेटी आधुनिक सूचना तंत्र के सहारे सोशल मीडिया पर भाजपा की केंद्र सरकार की जमीनी हकीकत की परतें खोलते हुए लोगों को वास्तविकता से परिचय कराने में कोई कोर कसर नहीं से छोड़ेगी। कमेटी का मुख्य लक्ष्य दिल्ली पिछले 10 वर्षों से भाजपा सांसदों के रहते उनकी नाकामियों को उजागर करने पर रहेगा। कांग्रेस सोशल मीडिया के द्वारा दिल्ली वालों को अवगत कराएंगे की कैसे भाजपा ने दस साल में दिल्ली के लोगों की अनेदखी की है।

## खबर संक्षेप

### मुरादनगर में बढ़ा एक सहायक मतदान स्थल



**गाजियाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों से अवगत कराया और उनका पालन करने को कहा। बताया कि जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हो गई है, वहां एक सहायक मतदेय स्थल बनाने होंगे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए होली मिलन समारोह



**फरीदाबाद।** नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ होली मिलन समारोह का आयोजन प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पं.मूलचंद शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में कई राजनेता मौजूद रहे। मूलचंद शर्मा ने कहा कि होली सद्भावना, प्रेम और भाईचारे का संदेश देती है।

### कांग्रेस नेता ने किया प्ले स्कूल का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर होता है, जहां बच्चों को शिक्षा देने के साथ संस्कारवान बनाया जाता है। वे प्ले स्कूल के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। मौके पर स्कूल की चेयरमैन ने उनका स्वागत किया।

### नरेन्द्र जैन को फरीदाबाद रत्न से सम्मानित



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच ने समाजसेवी नरेन्द्र जैन को उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए फरीदाबाद रत्न से सम्मानित किया। जैन ने इस सम्मान के लिए संस्था का आभार प्रकट किया और कहा कि यह सम्मान उनके लिए एक नई ऊर्जा का काम करेगा और वे पहले से ज्यादा सामाजिक कार्य करेंगे।

### जुआ खेलते 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** ईआरवी 208 व थाना सेक्टर-58 पुलिस टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप सिंह की टीम ने जुआ खेलने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में लाला उर्फ प्रेम, रोहित व आनंद का नाम शामिल है। पुलिस टीम को गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर कार्रवाई करते हुए मौके सेक्टर-58 एरिया से तीनों आरोपी को काबू किया गया है।



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान पार्टियों के रवानगी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चयनित मतदान पार्टियों की रवानगी स्थलों दिल्ली पब्लिक स्कूल साहिबाबाद, टीला शहबाजपुर, लोनी-53 के लिए, रामलीला मैदान कविनगर, गाजियाबाद स्थल से मुरादनगर-54, मोदीनगर-57 के लिए व केंद्रीय विद्यालय कमला नेहरू नगर का ग्राउंड स्थल से साहिबाबाद-55, गाजियाबाद-56, धौलाना 58 के लिए रवानगी होगी, जिनका जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।



**वाहनों का समय पर अधिग्रहण के निर्देश**

*इन्द्र विक्रम सिंह ने तीनों रवानगी स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि रवानगी के लिए चयनित वाहनों का समय से अधिग्रहण कर, रख-रखाव का ध्यान रखा जाए, जहां भी गड्ढे हैं उन्हें तुरंत भरवाया जाए। वाहनों की रवानगी के लिए क्रमवार तरीके से सूची बनाई जाए, जिससे की रवानगी में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही रूट चार्ट भी सावधानी से तैयार कर लिया जाए, जिससे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समय से वाहन अपने स्थान पर पहुंच जाए।*

### रूट चार्ट के अनुसार अपने निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करें नोडल अधिकारी

इसके साथ ही रवानगी स्थलों पर निर्वाचनकर्मियों की सुविधा के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएं। जिससे कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को आदेश दिए कि वे रूट चार्ट के अनुसार अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाएं और जांच करें कि बस सहित अन्य वाहनों को मतदान केन्द्रों पर पहुंचने पर कोई समस्या न हो, साथ ही मतदान केंद्रों एवं मतदेय स्थलों पर निर्वाचन कर्मियों एवं मतदाताओं की सुविधाओं के लिए जरूरी संसाधनों एवं आने-जाने के रास्तों सहित अन्य की जांच करें, यदि कहीं कोई समस्या हो तो उसका त्वरित कार्यवाही कर निस्तारण किया जाए। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ सीडीओ, अपर नगरायुक्त, एडीएम ई, एडीएम सिटी, एडीएम एल/ए, सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### संपत्ति विरूपण अधिनियम का आदेश जारी

# सरकारी संपत्ति या किसी के घर पर बिना अनुमति प्रचार सामग्री नहीं लगा सकेंगे

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की पालना सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा दा संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का पालन करना सुनिश्चित की जाए।



**राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव आचार संहिता का दृढ़ता से पालन करें**

डीसी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालन सुनिश्चित करें। सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है। इसी प्रकार से सार्वजनिक संपत्ति और सार्वजनिक स्थान पर सरकारी भवनों पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। अगर कोई ऐसा करता है तो डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। वहीं मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।




### सभी मतदाता लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं

**फरीदाबाद।** जिलाधीश व जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को संपत्ति विरूपण अधिनियम की पालन करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं। जिला निर्वाचन अधिकारी लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला के सभी राजनीतिक दलों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संपत्ति विरूपण अधिनियम की पालन करने के लिए दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघन न की जाए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 18वीं लोकसभा चुनाव की घोषणा जारी कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को कहा कि इस दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

### आओ मिलकर लोकतंत्र का पर्व मनाएं

# कूड़ा कलेक्शन वाहनों से मतदान के लिए प्रेरित कर रहा नगर निगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होते ही मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नगर निगम भी एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार को नगर निगम ने पांचों जोन में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से भी शहर वासियों को मतदान के लिए गाजियाबाद नगर निगम जागरुक व प्रेरित करना शुरू कर दिया है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी मतदान जागरूकता के लिए प्रचार किया जा रहा है। लगभग 415 वाहनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान के लिए शहर को जागरूक किया जा रहा है। शहर के 5 जोन में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मतदान अवश्य करने के लिए अपील की जा रही है। जिसमें वोट डालना हम सभी की जिम्मेदारी है। दायित्व को याद दिलाते हुए अपना वोट इस्तेमाल करने के लिए गाजियाबाद नगर निगम कूड़ा कलेक्शन वाहनों के माध्यम से अपील जारी है।

**सफाई के साथ बूथों की तैयारी**

नगर आयुक्त ने बताया कि सफाई व्यवस्था से लेकर बूथों की तैयारी पर विभाग अनुसार गाजियाबाद नगर निगम कार्य कर रहा है। अधिकारियों के साथ-साथ अन्य टीम भी लोकतंत्र के पर्व को सफल मनाने में जुटा हुआ है।
नगर स्वास्थ्य डॉ. मिथलेश कुमार ने बताया कि विभाग टीम ने बढ़-चढ़कर मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है, जहां कूड़ा कलेक्शन वाहन कूड़ा इकट्ठा कर रहे हैं, कचरा पृथक्करण के साथ-साथ मतदान के लिए भी जागरूक कर रहे हैं।

### सीसीटीवी कैमरों से 364 वाहनों के काटे चालान

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने स्मार्ट सिटी सीसीटीवी कैमरों की मदद से बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 364 पोस्टल चालान काट कर जुर्माना लगाया है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि बिना हेलमेट गाड़ी चलाने के कारण बढ़ रही दुर्घटनाओं को संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस द्वारा यह विशेष कार्यवाही की जा रही है। दोपहिया वाहन चालक केवल पुलिस की मौजूदगी के दौरान चालान से बचने के लिए ही हेलमेट लगाते है लेकिन शहर के सभी मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे है जिसके जरिए ट्रैफिक पुलिस निगरानी करती है।

### पंजाबी सभा की ओर से होली मिलन समारोह

# फरीदाबाद को बसाने में पंजाबी सभा का अहम योगदान रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हर वर्ष की तरह इस बार भी पंजाबी सभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह पंजाबी भवन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजाबी वर्ग समाज का अग्रणी वर्ग है, जिसने इस शहर को बसाने में विशेष भूमिका अदा की है।

उन्होंने सभा के अध्यक्ष गोल्डी संजीव सलूजा व उनकी संपूर्ण टीम को भव्य आयोजन के लिए शुभकामनाएं व होली की बधाई दी। निवर्तमान मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकसभा का चुनावी पर्व भी आरंभ हो चुका है, हरियाणा में सभी दस सीटों पर भाजपा का परचम लहराने वाला है। सामारोह में सभा के अध्यक्ष गोल्डी सलूजा, राजेश अरोड़ा, यश बब्बर, धरम बरेजा, पप्पू वर्मा, विनोद मलिक व अश्वनी सेठी सहित सभा की कार्यकारिणी ने कृष्णपाल गुर्जर, अजय गौड़, चेयरमैन धनेश अदलक्खा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमित गौड़, भाजपा के जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा, युवा मोर्चा के प्रधान शोभित अरोड़ा को पगड़ी पहनाकर स्वागत स्वागत किया।

कांग्रेस नेता सुमित गौड़ ने कहा कि पंजाबी समाज ने सभी समुदायों को बेहतरीन खान पान, पहनावा और रहन सहन की तहज़ीब सिखाई वहीं अपनी मेहनत के बल पर हर क्षेत्र में आगे बढ़े। की सेवा करेंगे।

कार्यक्रम में जाने-माने कवि दिनेश रघुवंशी, सरिता शर्मा, वेद प्रकाश वेद, सुनहरी लाल तुरंत व ईशान देव ने हास्य कविता पाठ कर खूब तालियां बटोरी।

अध्यक्ष गोल्डी सलूजा ने कहा कि उनके पिता व सभा के संस्थापक अध्यक्ष वासुदेव सलूजा ने अनेक आयोजन के जरिए समाज को जोड़ने का कामआरंभ किया था, वह उसी जिम्मेवारी को अपने साथियों के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए संस्था के संस्थापक प्रधान वासुदेव सलूजा के स्वस्थ एवं लंबी आयु की कामना की।




# 280 किलो लोहे की प्लेट बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

थाना सेक्टर-58 प्रभारी इंस्पेक्टर अनूप सिंह की टीम ने कंपनी में चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमित, टिका थापा और सन्नी का नाम शामिल है। आरोपी अमित वासी सौरव विहार जैतपुर दिल्ली का, आरोपी टिका थापा वासी रुमालढाना नेपाल हाल गुर्जर चौक राजीव कॉलोनी, आरोपी सनी वासी गांव जमालपुर जिला मुंगेर बिहार हाल गांव करनेरा का रहने वाला है। आरोपियों द्वारा सेक्टर-25 की एक कंपनी में से लोहा की प्लेट चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसमें मौके पर एक आरोपी अमित को काबू किया गया था जिसको अदालत में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। आरोपी से पूछताछ के दौरान अन्य आरोपी टिका थापा और सन्नी को राजीव कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। तीनों ने कंपनी की दीवार को लांघकर लोहे की प्लेट फेंक दी थी। आरोपियों से करीब 280 किलो ग्राम प्लेट बरामद हुई है। आरोपी टिका थापा से वाहन चोरी के एक और मुकदमें का खुलासा हुआ है। जिसमें आरोपी ने जीवन नगर गोच्छी से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। जिसको बरामद कर लिया गया है। तीनों आरोपी मजदूरी का काम करते हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद ईरशाद खान पुत्र मोहम्मद रिज़वान निवासी म.न. ए-31, भगवती गार्डन, द्वारका मोड़, उत्तम नगर, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **545/16, दिनांक 07.12.2016, अंतर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना मोती नगर, ज़िला पश्चिम, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ईरशाद खान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ईरशाद खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **545/16, दिनांक 07.12.2016, अंतर्गत धारा 392/411/34 आईपीसी, थाना मोती नगर, ज़िला पश्चिम, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद ईरशाद खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री शगुन**
महानगरीय दण्डाधिकार-03 (पश्चिमी)
कमरा नं. 268, तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3145/WD/2024**
**(Court Matter)**

**IndusInd Bank**

**Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25**

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
**IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below**

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DDF01404D | TONGAR TOUR AND TRAVELS | HR38AD7603 | 71K84425577 | MAT476107J0A00015 | TATA LPO 1515 / 55 TC BUS CHASSIS | 2018 |
| DSG00624D | AJAY | RJ11GC1991 | NDPZ130196 | MB1NGCHD9NPDT3480 | AL GM4220 BS6 GOODS TRUCK COWL CHASSIS | 2022 |
| DSG00811D | PRADEEP | HR63F4096 | 33LNGD11GWX520617 | MAT843016PAH10038 | TATA LPT 1816 DCR 45 HSD Bs6 | 2023 |
| DGP00614D | JAGAT | HR55AJ0390 | 7B6A250D06102J64124736 | MAT777002L3J08825 | TATA SIGNA 3525 TIPPER BS VI | 2020 |
| DAS00625G | POOJA | DL1LAG8926 | 275CNG17BXXS23345 | MAT556002NVB10073 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00832G | SHIV | DL1LAJ4119 | 275CNG17PXXSG6798 | MAT556002NVP69630 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00914G | GUDDU | DL1LAJ9576 | 275CNG17BWXS20539 | MAT556002PVB09341 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DAS00968G | Tanuja | DL1LAL1488 | 275CNG17AWXS05026 | MAT556002PVA02675 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2023 |
| DBR00486G | YOGESH LOGISTIC | DL1LAH8995 | 275CNG17EXXS75782 | MAT556002NVF32485 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00463G | AMIT | DL1LAF5871 | 275CNG17JYXS88576 | MAT556002MVJ47248 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2021 |
| DNG02696G | S FORAN | DL1LAJ1942 | 275CNG17NXXSF6868 | MAT556002NVN65360 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DUS00202G | INTAJAR | UP19T9146 | 275CNG17KYXSA5155 | MAT556002MVK53768 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DMM03602G | JYOTI | UP15GT1253 | 275CNG17KXXSE4655 | MAT556002NVK60227 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03573G | BIMLESH | UP15GT0640 | 275CNG17KXXSE1436 | MAT556002NVK5970 | Tata Ace Gold Cng+ Bsvi | 2023 |
| DMM03487G | FARMAN MOHD | UP15FT7928 | 275CNG17DXXS52696 | MAT556004NVD22985 | TATA ACE GOLD CNG+ BSV | 2022 |
| DMM02674G | SANJEEV | UP15FT0406 | 800CCDI02AYS09445 | MAT535072MYA04883 | Tata Intra V30 Bs Vi | 2021 |
| DMM03679G | SATBEER | UP15GT3116 | 700CCDI02PXXSH3325 | MAT559029NYP58127 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| DMM03614G | JABBAR | UP15GT1268 | 700CCDI02PXXSG9499 | MAT559029NVP70266 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| DUZ01289G | CHAND | UK17CA5303 | 800CCDI04BWXS18782 | MAT559007PZB03597 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| DUZ01317G | VASIM | UP12CT1666 | 800CCDI04PXXSH7183 | MAT559007PZA00248 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| DUS00195G | MONU | UP19T9085 | S1D9173247 | MA1LV2NRM5E84605 | Mahindra Alfa Lc Plus Diesel Bs Vi | 2021 |
| DUS00189G | MONU | UP19T9061 | TD3CSKZ3003070 | MBX0007MFZK138482 | Ape Auto Ht Dx Cng Bs6 | 2021 |
| DDP01485G | SATBIR JAIRAM | HR74B9958 | E08AN1060737 | MA3FZBHIT00155995 | MARUTI SUPER CARRY DDIS BSIV | 2019 |
| DDP01778G | MUNFED | HR74B2366 | AZXWNF74131 | MD2B47AXBNWF47861 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDU03592G | DEEPAK | HR55AL9432 | AZXWNC93781 | MD2B47AX2NWC25474 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs Vi | 2022 |
| DDU04164G | PARAS | HR55AQ0141 | TXTCSB13013326 | MBX000AFB2B269642 | APE XTRA HD LDX CNG | 2023 |
| DDU04242G | UMESH | NA | AZXWPC52225 | MD2B47AXXPWC35849 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs Vi | 2023 |
| UHK00620G | MR.K BINOD | UK19CA1143 | 700CCDI02BXXS25502 | MAT559029NYC13460 | Tata Ace Gold Diesel Bs 6 | 2023 |
| ULY04601G | MR.P LALTA | UP25FT1060 | 24637 | M4LUERSALHM024629 | Panther E-Rickshaw 1+4 Passenger | 2022 |
| DAA02127G | SAKIL | UP80FT7510 | AZXWNK21007 | MD2B18BXNWK58989 | BAJAJ RE MAXIMA X WIDE CNG Bs6 | 2022 |
| DAA02319G | SHYAM | UP80GT2681 | G12BN1111819 | MA3EZLF1T00244255 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAL01342G | AQUIL | UP81DT6218 | AZXWNE63665 | MD2B47AX6NWE43210 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs6 | 2022 |
| DAM05137G | MUJMMIL | UP86T9987 | AZXWNM93569 | MD2B47AX3NWM24725 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs6 | 2022 |
| DAM05707G | BHAGWATI | UP86AT0928 | 275CNG17NXXSG3677 | MAT556002NVN68146 | Tata Ace Gold Cng Bs 6 | 2023 |
| DAM05711G | LALATESH | UP85DT1411 | 275CNG17PXXSH0751 | MAT556002NVP70774 | Tata Ace Gold Cng Bs 6 | 2023 |
| DDB03606G | SHAMEEM | HR38AG2323 | AZXWPB14686 | MD2B25BX3PWB03461 | Bajaj maxima cargo cng bs6 | 2023 |
| DDB03384G | RAKESH | HR38AE1125 | AZXWNH89850 | MD2B47AX4NWH92821 | Bajaj re cng 4s fi bs6 | 2022 |
| DDB03280G | SHOKIN | HR38AD3733 | AZXWNF83100 | MD2B17AX4NWF32525 | Bajaj maxima z cng bs6 | 2022 |
| DAS03043L | GUPTA PLASTIC | DL1LAE4590 | 3.8SGI79KZX617374 | MAT810004L5K07674 | TATA 709G LPT DCR38 CBC CNG BS V | 2020 |
| DBO00203L | H SAGAR | DL1LAL0159 | 3.8SGI79BWX800142 | MAT810002P5B03095 | TATA 709G LPT DCR38 CBC CNG BS VI | 2023 |
| DDF02080L | K MOHAN SINGH | HR38AG1346 | E446CDPF070610 | MC2ERLRC0PF226575 | EICHER PRO 2110 HSD 22FT BS VI | 2023 |
| DDM01122L | N AMIR | DL01MB1140 | 38SGI79FXX811378 | MAT812028N5G10203 | TATA 1109G LPT DCR 49 CBC CNG 85 M5 BSVI | 2022 |
| DDM01177L | K SANJEEV | DL1LAJ5433 | NPH011449P | MB1AA23E9PRNF2174 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2023 |
| DDM01361L | L RAJ KUMAR | DL1LAL5794 | E416NCPG443627 | MC2EHFRC0PG533283 | EICHER PRO 2075 E HSD BS VI | 2023 |
| DDP00689L | M RAHIL | HR74B6955 | TNN1K12991 | MA1ZN2TNKN1K92447 | M&M BIG BOLERO PIK-UP CBC 1.7T PS BS VI | 2022 |
| DDV01877L | I MOHD | UP16HT7425 | E446CDNA025981 | MC2EGFRC0NAB09030 | EICHER 20.59XP HSD BS VI | 2022 |
| DDV02295L | SAVITRI GLOBAL FREIGHT FORWARDERS PVT LTD | DL1LAL0136 | 38SGI79BWX606571 | MAT810002P8B03411 | TATA LPT 709G/38 XD Bs6 | 2023 |
| DDV02337L | C UDAYVIR | UP16KT7381 | LPH023844P | MB1AA23EXPRLH2783 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2023 |
| DDZ03157L | D BHAGWAN | DL1LAL4720 | E416NCNG400551 | MC2EABRC0NG512726 | EICHER PRO 2049B CBC 10FT BS VI | 2023 |
| DED00777L | M NIJAMUDADEEN | DL1LAL0562 | UKP1C83634 | MA1ZP2UKKP1C33319 | BOLERO MAXI TRUCK CNG PS Bs6 | 2023 |
| DNE01922L | S MANGE RAM | HR55AP3649 | E446CDPB056547 | MC2ERLRC0PBB04881 | EICHER PRO 2110 XP PLUS HSD 22FT BS VI | 2023 |
| DSG00527L | K SUNIL | UP51BT4753 | NCPZ132160 | MB1A3HCD8NACM9779 | AL 1615 5200WD 22FT SLEEPER CABIN BS VI | 2022 |
| DED00660L | S UPENDRA KUMAR SINGH | HR55AM4017 | 3.3LNGD06DXX512588 | MAT563010N7E11050 | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | 2022 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : New Delhi**

**Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245**

## खबर संक्षेप

### एक्सयूवी और ट्रैक्टर की टक्कर, 8 की मौत



**खगड़िया।** पसराहा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर विद्यारतन पेट्रोल पंप पसराहा के पास भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई है। घटना सोमवार की सुबह की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मड़ैया ओपी क्षेत्र के बिठला गांव के इंद्रदेव ठाकुर के पुत्र सौरभ कुमार का विवाह होकर चौथम थाना क्षेत्र के ठूठी मोहनपुर से एक्सयूवी वाहन से बारात बिठला की ओर लौट रही थी। विद्यारत्न पेट्रोल पंप के पास सीमेंट लदा ट्रैक्टर से टक्कर हो गई।

### नशेड़ी कार ड्राइवर ने 7 लोगों को रौंदा



**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में नशे में धुत कार सवार ने अखाड़ाघाट से सिकंदरपुर तक 7 लोगों को रौंद दिया। सिकंदरपुर स्टेडियम के पास भीड़ ने कार को रोककर आरोपितों की जमकर पिटाई कर दी। लोगों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की। घटना रविवार की है। कार की ठोकर से घायल शीतल सहनी, उर्मिला देवी और मंजू देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं अन्य तीन लोग निजी नर्सिंग होम में भर्ती हैं। कार से पहले अखाड़ाघाट में एक युवक को ठोकर लगी। इसके बाद सिकंदरपुर स्थित राणी सती मंदिर के रिक्शा को ठोकर मारी।

### तंबाकू देने से किया मना तो टीचर पर चलाई गोली

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में एक सिपाही ने टीचर की गोली मारकर हत्या कर दी। सिपाही ने सरकारी कार्बाइन से टीचर को गोली मारी। घटना के वक्त सिपाही और टीचर एक ही वाहन में सवार थे। वे यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा की कॉपी लेकर वाराणसी से मुजफ्फरनगर आए थे। तभी वाहन में दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसके चलते सिपाही ने ये खौफनाक कदम उठा डाला।



# अपराधियों की अब खैर नहीं, यूपी पुलिस की मदद करेगा त्रिनेत्र 2.0, तुरंत देगा आपराधिक जानकारी, एआई टेक्नॉलाजी से है लैस

एजेंसी ⏭ लखनऊ

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक की मदद से आपराधिक रिकॉर्ड डिजिटलाइज करने के साथ-साथ मालखानों में रखे गए सामान की जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने त्रिनेत्र 2.0 की शुरुआत की है। अब तक त्रिनेत्र में करीब 9 लाख 32 हजार अपराधिक डाटा डिजिटलाइज किया जा चुका है। इसका इस्तेमाल आने वाले चुनाव में ग्राउंड जीरो पर पुलिसकर्मी आसानी से चेकिंग के दौरान कर सकेंगे।

यह टूल यूपी सरकार और स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मिलकर काम करता है। इस क्राइम जीपीटी लॉन्च का मकसद सिक्योरिटी को मजबूत करना है। इससे यूपी पुलिस को अपराधियों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी। इससे अब एक क्लिक पर अपराधियों की जानकारी मिलेगी।

**खास बातें**

- 9 लाख से अधिक अपराधियों के डेटाबेस से करता है मिलान
- लिखित और ऑडियो इनपुट दोनों का इस्तेमाल करता है
- यूपी सरकार और एसटीएफ के साथ मिलकर करता है काम
- एक क्लिक पर मिलेगी जानकारी
- ग्राउंड जीरो पर उपयोग होगा



क्राइम जीपीटी का लोकार्पण

### जनता के लिए सुरक्षा बढ़ाने में मिली मदद

इससे हमें न केवल जनता के लिए सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिली है, बल्कि हमें वास्तविक समय में सतर्क रखकर कानून और व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिली है। डीजीपी के मुताबिक, त्रिनेत्र के क्राइम जीपीटी फीचर से जरूरत पड़ने पर पुलिस को हर अपराधी और उसके संबंधित अपराधियों की कुंडली सिर्फ एक क्लिक में प्राप्त करने की सुविधा देगा। त्रिनेत्र 2.0 में सीजर डिटेल और अन्य संबंधित कागजात भी ऐड किए जा सकेंगे, क्राइम जीपीटी फीचर से जिसका एनालिसिस भी किया जा सकता है।

### गुमशुदा लोगों को भी ढूंढ सकेगा

डीजीपी ने बताया कि त्रिनेत्र 2.0 थाने में जब्त किए गए सामान का क्यूआर कोड जेनरेट करेगा। इससे सीज किए गए सामानों की जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इसके अलावा गुमशुदा लोगों की खोज में भी त्रिनेत्र 2.0 की मदद ली जाएगी। लापता लोगों के फोटोग्राफ जोड़ने और फेसियल रिकग्निशन के माध्यम से खोज की सुविधा प्रदान करेगा।

### संदिग्ध की हो सकेगी पहचान

सभी पुलिस फोर्स को त्रिनेत्र 2.0 ऐप और वेब डैशबोर्ड के जरिए फेसिअल रिकॉजिनिशन की सुविधा मिलेगी। जिससे संदिग्ध को उसके फोटो के जरिए सर्च किया जा सकेगा। इसके अलावा त्रिनेत्र 2.0 में ऑडियो बेस्ड सर्च की सुविधा भी होगी, जिससे अपराधी को उसकी आवाज के माध्यम से भी पहचाना जा सकेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने क्राइम जीपीटी के खुलासे के दौरान कहा कि हमने पिछले कुछ वर्षों से यूपी के जिलों के कुछ हिस्सों में त्रिनेत्र परियोजना के कार्यान्वयन के माध्यम से एक बड़ा प्रभाव देखा है।

### अपराधियों को पकड़ना हुआ आसान





क्राइम जीपीटी त्रिनेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी स्टैक टेक्नॉलाजीस का एआई पावर्ड क्राइम जीपीटी ऐप्लिकेशन है। इसका इस्तेमाल निशान का पता लगाने, ओरल सिग्नल, ऑडियो इनपुट, चेहरे की पहचान के आधार पर त्रिनेत्र अपराधियों को ट्रैक करना और पकड़ना आसान बनाता है। बता दें कि स्टैक पहला भारतीय स्टार्टअप था, जिसने पहले उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से 9 लाख से अधिक अपराधियों का डेटाबेस बनाया था। डेटाबेस से जुड़कर प्रोग्राम को जरूरी प्रोग्राम तुरंत मिल जाते हैं। इसमें आपराधिक गिरोह विश्लेषण, स्पीकर पहचान, आवाज पहचान, चेहरे की पहचान और कई चीजें शामिल हैं।

### सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाना लक्ष्य

क्राइम जीपीटी त्रिनेत्र के लोकार्पण के अवसर पर स्टैक टेक्नोलॉजी के को-फाउंडर और चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिर अतुल राय ने कहा कि हमारा विजन सिक्योरिटी स्ट्रक्चर को मजबूत बनाना है और इसको आगे बढ़ाने के लिए क्राइम जीपीटी अच्छी भूमिका निभाता है। इसके जरिये डिजिटल क्रिमिनल डेटाबेस तैयार किए जाते हैं। ऑडियो और लिखित इनपुट्स के आधार पर अपराधी की पहचान करने में मदद मिलती है। त्रिनेत्र हमारे काम का विस्तार है जिसको यूपी पुलिस के द्वारा अपनाया गया है।

सीएम योगी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डॉ. दिनेश शर्मा चर्चा में हुए शामिल

# कोर कमेटी की बैठक में किया मंथन भाजपा की जल्द जारी होगी दूसरी सूची

एजेंसी ⏭ लखनऊ

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची पर मंथन के लिए दिल्ली में कोर कमेटी की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक तथा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी शामिल हुए। बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर शेष 24 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। बैठक नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में हुई। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के चयन सहित कई प्रमुख मुद्दों को संबोधित करना है।

**खास बातें**

- आगामी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर हुई चर्चा
- पहली सूची में 51 उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है

यूपी में लोकसभा चुनाव के भाजपा उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने संभावित उम्मीदवारों की सूची पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद माना जा रहा है कि शेष उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी।



### राजभर ने सीएम योगी से की मुलाकात

यूपी के पंचायती राज व अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओपी राजभर ने सोमवार को अपने बेटे अरविंद राजभर के साथ सीएम योगी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए राजभर ने बताया कि सीएम से लोकसभा चुनाव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की एवं पंचायती राज विभाग / अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कार्यों की चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। बता दें कि घोसी लोकसभा सीट एनडीए के घटक दल के तौर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के खाते में गई है। घोसी लोकसभा सीट पर सातवें चरण में मतदान होना है। इस सीट पर ओमप्रकाश राजभर अपने बेटे अरविंद को चुनाव लड़ा रहे हैं।

### 80 सीटें यूपी से

आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी बहुत अधिक महत्व रखता है क्योंकि सर्वाधिक 80 सीटें यहीं से हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और महासचिव (संगठन) बीएल संतोष जैसे शीर्ष नेताओं की उपस्थिति इस बात को रेखांकित करती है। ये सभी यूपी चुनाव से पहले रणनीति बनाएंगे। इससे पहले भी भाजपा कुछ उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। इसमें चुनाव, विभिन्न सीटों और चुनाव से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई है। शेष उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी।

### सपा से दो बार सांसद रह चुके देवेंद्र सिंह भाजपा में शामिल



भाजपा ने रविवार को सपा को एक और झटका दे दिया। समाजवादी पार्टी से एटा से दो बार सांसद रह चुके देवेंद्र सिंह यादव ने भाजपा का दामन थाम लिया। उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी के राज्य मुख्यालय में रविवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उनकी ज्वाइनिंग में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के बेटे और एटा के सांसद राजवीर सिंह राजू की भी भूमिका रही है। वहीं लखनऊ की कैंट विधानसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रह चुके अनिल पांडेय ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।

'शक्ति' वाले बयान पर भड़के आचार्य सत्येंद्र

# सनातन विरोधी होने से हुई कांग्रेस की दुर्दशा

एजेंसी ⏭ लखनऊ

लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी राजनीतिक पार्टियों के अलावा अब साधु-संतों के निशाने पर भी वह आ गए हैं। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने उनके बयान पर सवाल खड़े करते हुए हिंदू विरोध बताया है।



उन्होंने कहा है कि इन्हीं कारणों से देश ने राहुल गांधी को नकार दिया है। कांग्रेस के इस तरह के बयान से ही उनका पतन हो रहा है। मुख्य पुजारी ने कहा कि राहुल गांधी हिंदुओं से लड़ रहे हैं और वह खुद घोषित कर रहे हैं कि उनकी पार्टी मुस्लिम पार्टी है। हमारे भगवान श्रीराम को भी नकार दिया काल्पनिक कह दिया। उनकी इन्हीं बातों के कारण देश ने उन्हें नकार दिया है। राहुल गांधी सड़क पर घूम रहे हैं और ऐसे ही वह सड़क पर घूमते रहेंगे। सनातन विरोधी के कारण उनकी पार्टी की दुर्दशा हो रही है।

### कांग्रेस राष्ट्र व सनातन विरोधी

हनुमान गढ़ी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत राजू दास ने कहा है कि जिस तरह से राहुल गांधी और कांग्रेस हिंदू धर्म से लड़ रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। एक तरफ राहुल गांधी देश को एकजुट करने की बात करते हैं। दूसरी ओर, उनका ध्यान इस बात पर है कि सनातन संस्कृति, हिंदुओं और हिंदू धर्म को कैसे नष्ट किया जाए। हिंदुओं को यह समझना होगा कि कांग्रेस भारत, सनातन, हिंदू धर्म और अखंड भारत की राजनीति के लिए अच्छे नहीं हैं। कांग्रेस राष्ट्र विरोधी है और सनातन विरोधी है।

### हम शक्ति के खिलाफ लड़ रहे

मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि हिंदू धर्म में शक्ति है, हम शक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं। सवाल है वह शक्ति क्या है। राजा की आत्मा ईवीएम में है, सही है। राजा की आत्मा ईवीएम में है और देश के हर संस्था में है। ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग हिन्दुस्तान की हर संस्था में है।

## पेज एक का शेष

### सीजेआई की एसबीआई ...

है कि एसबीआई इलेक्टोरल बॉन्ड के सभी विवरणों का खुलासा करें जो उनके अधीन हैं, इसमें कोई विवरण छिपाया नहीं जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग एसबीआई से जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत अपनी वेबसाइट पर विवरण अपलोड करेगा। वहीं, एसबीआई ने कहा कि उसे बदनाम किया जा रहा है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड को रद्द ...

पक्ष द्वारा कैसे की जा रही है। जज के रूप में, हम केवल कानून और संविधान के अनुसार काम करते हैं। सुनवाई के दौरान, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा खरीदे गए चुनावी बॉन्ड के खुलासे पर डेटा से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट थे।

### भड़क गए चंद्रचूड़- मेरा ...

लगेगा। हालांकि, वकील की बात से सॉलिसिटर जनरल मेहता दूरी बनाते दिखे। उन्होंने कहा कि अग्रवाल ने जो लिखा है, उससे मैं खुद को पूरी तरह अलग करता हूं। यह पूरी तरह से अनुचित और गलत सलाह है।

### आप किस फॉर्मेट ...

मामला एसबीआई के अर्जी के बाद सामने आया। उसके पास प्रेस इंटरव्यू देना शुरू किया गया। सोशल मीडिया पर भी इसे अलग तरीके से चलाया गया। अगर किसी ने किसी को पैसा दिया तो उसके बाद सब उसे अपने अपने अपने तरीके से देखते हैं। मीडिया कैंपेन चलाया गया ताकि जजों को शर्मिंदा किया जा सके। इस पूरी मुहिम के पीछे हिडेन एजेंडा है। सीजेआई ने कहा कि हमने तो केवल कानून के हिसाब से फैसला दिया था। सीजेआई ने मुकुल रोहतगी को कहा की आप अभी बहस न करें।

### आज शेष उम्मीदवारों...

पार्टी की शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कार्य समिति की बैठक में मसौदा घोषणापत्र को अपनी मंजूरी देगी जिसमें न्याय के लिए पांच 'गारंटी' दी गई हैं। बता दें कि कांग्रेस ने मार्च के पहले हफ्ते में आठ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 39 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। इसके बाद 12 मार्च को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के एक दिन बाद कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की थी।

### गामिनी ने पांच नहीं ...

'नामीबियाई मादा चीता 'गामिनी' ने मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पांच नहीं बल्कि छह शावकों को जन्म दिया है। भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर लिखा, 'गामिनी की विरासत आगे बढ़ी! खुशी का कोई अंत नहीं हैः ये पांच नहीं, बल्कि छह शावक हैं! गामिनी से पांच शावकों के जन्म की खबर के एक हफ्ते बाद अब ये पुष्टि हो गई है कि दक्षिण अफ्रीकी चीता मां गामिनी ने छह शावकों को जन्म दिया है, जो पहली बार मां बनने वाली मादा चीता के लिए ये रिकॉर्ड है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों की संख्या अब बढ़कर 27 हो गई है, जिसमें 14 शावक भी शामिल हैं। पिछले साल मार्च में मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था, लेकिन उनमें से केवल एक ही शावक जीवित बच पाया था। वहीं ज्वाला ने इस साल जनवरी में अपने दूसरे चार शावकों को जन्म दिया। इसके बाद चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया। अब गामिनी ने 6 शावकों को जन्म दिया है।

### साथ मिलकर काम...

रूस में सोवियत-काल के बाद के इतिहास में सबसे अधिक है। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर व्लादिमीर पुतिन को हार्दिक बधाई। राष्ट्रपति पुतिन ने इस साल की शुरुआत में स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए भारत और पीएम मोदी की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि आधुनिक दुनिया में यह आसान नहीं है। भारत और रूस दोनों ने बार-बार कहा है कि वे विश्वसनीय भागीदार हैं।

### नारायणमूर्ति ने चार ...

को शेयर दान में देने के बाद इन्फोसिस में नारायणमूर्ति की हिस्सेदारी 0.40 प्रतिशत से घटकर 0.36 प्रतिशत रह गई। उनके पास अब कंपनी के करीब 1.51 करोड़ शेयर हैं। फाइलिंग के अनुसार, यह लेनदेन 'ऑफ-मार्केट' तरीके से किया गया। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति नवंबर में दादा-दादी बने जब उनके बेटे रोहन मूर्ति और पत्नी अपर्णा कृष्णन को एक बेटा हुआ। नारायण मूर्ति और सुधा मूर्ति ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और अक्षता मूर्ति की दो बेटियों के नाना-नानी भी हैं।

**नारायण मूर्ति का इंफोसिस में सफरः** नारायण मूर्ति ने साल 1981 में इंफोसिस की स्थापना की थी। कंपनी को मार्च 1999 में नैस्डैक में सूचीबद्ध किया गया था और उस समय जारी एक बयान में, नारायण मूर्ति ने कहा था कि नैस्डैक लिस्टिंग से कंपनी को बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम उपलब्ध प्रतिभा को अपने साथ जोड़ने में मदद मिलेगी।

### 50 हजार लोगों के ...

बनाया गया है। कार्यक्रम रामघाट के पास महाकाल मंडपम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एक गणपति पूजन से लेकर हल्दी, मेहंदी, महिला संगीत और भूत पिशाच के डांस बारात निकालने तक का इंतजाम किया गया है। महाशिवरात्रि के त्योहार के बाद शिव-पार्वती विवाह की बारात और रिसेप्शन की परंपरा उज्जैन में निर्वहन की जाती है। रिसेप्शन में सब्जी, पूरी, खीर, खोपरापाक के साथ गन्ने का रस, शिकंजी, पानी पतासी और पान भी खाने को मिलेगा। 50 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार हो रहा है। इसके साथ भगवान के लिए 56 भोग भी बनेगा। करीब 10 से अधिक भट्टियों पर खाना बनाना शुरू है। 800 से अधिक लोग अलग-अलग कार्य में लगे हैं, जिन्हें अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

### यूपी की लालगंज...

आजाद के भाजपा में शामिल होने से न केवल लालगंज और आजमगढ़, बल्कि पूर्वांचल की पूरी राजनीति पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि पूर्वांचल की राजनीति में संगीता आजाद के परिवार को दलितों का बड़ा नेता माना जाता है। लालगंज से सांसद संगीता के ससुर गांधी आजाद क्षेत्र के जाने माने चेहरे रहे हैं। वो बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य भी रहे हैं। संगीता ने पीएम मोदी और सीएम योगी से बीते दिनों मुलाकात की थी, तब से उनके भाजपा में जाने की चर्चाएं चल रही थीं। वहीं, देश के चर्चित निर्भया केस की वकील रहीं सीमा कुशवाहा भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई हैं। निर्भया केस में सीमा कुशवाहा पीड़ित पक्ष की वकील थीं और कानूनी लड़ाई को अंतिम फैसले तक पहुंचाया था। सीमा कुशवाहा महिलाओं से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाती रही हैं। यूपी के इटावा जिले की रहने वाली सीमा कुशवाहा ने बीते दिनों बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी।

### मांझी की हम और कुशवाहा...

कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर से जद(यू) के उम्मीदवार मैदान में होंगे। तावड़े ने कहा कि लोजपा (रामविलास) के हिस्से वैशाली, हाजीपुर, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई की सीट गई है, जबकि गया से 'हम' और काराकाट से राष्ट्रीय लोक मोर्चा का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। बिहार की 40 लोकसभा सीट पर कुल सात चरणों में मतदान होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के मुताबिक, लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे। मतगणना चार जून को होगी.लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा, जद(यू) और लोजपा को संयुक्त रूप से 39 सीट पर जीत मिली थी। राज्य में राजग का मत प्रतिशत 53 से अधिक था, जो विपक्षी 'महागठबंधन' को मिले मतों से लगभग 20 प्रतिशत ज्यादा था।

आईएमडी ने जारी किया ऑरेंज और यलो अलर्ट

# आंधी और गरज चमक के साथ जोरदार बारिश की दी चेतावनी

एजेंसी ⏭ रांची

बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण झारखंड में मौसम बदल गया है। रांची समेत कई जिलों में बारिश देखी गई है। कुछ हिस्सों में हल्की ओलावृष्टि भी रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने झारखंड में आंधी और गरज चमक के साथ जोरदार बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो झारखंड में 22 मार्च तक मौसम खराब रहेगा। कई इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है।



### 60 किमी प्रति घंटे होगी हवा की गति

झारखंड में 22 मार्च तक मौसम खराब रहेगा। इसे लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया गया है। 19 और 20 मार्च को कई स्थानों पर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। झारखंड में 21 और 22 मार्च को भी विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

लवली आनंद जेडीयू में हुईं शामिल

# लोकसभा चुनाव के लिए सीट भी हो गई फाइनल!



एजेंसी ⏭ पटना

बाहुबली नेता आनंद मोहन की पत्नी और पूर्व सांसद लवली आनंद सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड में सोमवार को शामिल हो गईं। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। अब यह तय माना जा रहा है कि लवली आनंद लोकसभा का चुनाव लड़ेंगी, लेकिन किस सीट से उन्हें टिकट दिया जाएगा? इसकी भी चर्चा होने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार लवली आनंद शिवहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकती हैं।

घर के सभी सदस्य खुद आनंद मोहन, दोनों बेटे चेतन आनंद और अंशुमान सहित सभी जेडीयू की सदस्यता जल्द लेने वाले हैं, लेकिन सिर्फ लवली आनंद सदस्यता ली हैं।

### भाजपा की पारंपरिक सीट रही है शिवहर

हालांकि, शिवहर सीट भी भाजपा की पारंपरिक सीट रही है यहां से रामा देवी लगातार तीन बार 2009 से लेकर 2019 तक चुनाव जीतती आई हैं, लेकिन उनकी उम्र लगभग 75 वर्ष के करीब हो चुकी है इसलिए पार्टी इस बार उन्हें टिकट देने की फिराक में नहीं है और शिवहर सीट जेडीयू के खाते में जा सकती है। आनंद मोहन के करीबी ने बताया कि शिवहर दूसरी पसंद है। शिवहर से भी अगर टिकट मिलता है तो कोई परेशानी नहीं है। हम लोग आसानी से चुनाव जीत जाएंगे। शिवहर तो गृह क्षेत्र है।

रामपुर तिराहा कांडः अदालत ने जलियांवाला बाग से की तुलना

# दोषी सिपाहियों को उम्र कैद की सजा, अर्थदंड भी लगाया

एजेंसी ⏭ मुजफ्फरनगर

चर्चित रामपुर तिराहा कांड में सामूहिक दुष्कर्म, लूट, छेड़छाड़ और साजिश रचने के मामले में अदालत ने आखिरकार फैसला सुना दिया। तीन दशक बाद फैसले की घड़ी आ गई। पीएसी के दो सिपाहियों पर 15 मार्च को दोष सिद्ध हो चुका था। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय संख्या-7 के पीठासीन अधिकारी शक्ति सिंह ने सुनवाई की और दोनों दोषी सिपाहियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा दोषियों पर 40 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अभियुक्त मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप सिंह पर दोष सिद्ध हुआ था।



### यह था मामला

एक अक्तूबर, 1994 की रात अलग राज्य की मांग के लिए देहरादून से बसों में सवार होकर आंदोलनकारी दिल्ली के लिए निकले थे। इनमें महिला आंदोलनकारी भी शामिल थीं। रात करीब एक बजे रामपुर तिराहा पर बस रूकवा ली। दोनों दोषियों ने बस में चढ़कर महिला आंदोलनकारी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया। पीड़िता से सोने की चेन और एक हजार रुपये भी लूट लिए थे। आंदोलनकारियों पर मुकदमे दर्ज किए गए। उत्तराखंड संघर्ष समिति ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद 25 जनवरी 1995 को सीबीआई ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए।

### सीबीआई ने पेश किए कुल 15 गवाह

सीबीआई की ओर से कुल 15 गवाह पेश किए गए। दोनों अभियुक्तों पर धारा 376जी, 323, 354, 392, 509 व 120 बी में दोष सिद्ध हुआ था। दोषी मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को धारा 376 (2) (जी) में आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। धारा 392 में 7 साल का कठोर कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 354 में दो साल का कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड और धारा 509 में एक साल का कारावास और पांच हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया। दोनों पर कुल अर्थदंड एक लाख रुपए लगाया गया है। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

### आत्मा को झकझोर देने वाला प्रकरण

अदालत ने कहा कि अपराध करने वालों के कंधों पर आमजन की हिफाजत की जिम्मेदारी थी। ऐसा व्यक्ति यदि स्वयंत दुष्कर्म जैसी घटना में शामिल होता है तो यह पूरी व्यवस्था के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। यूपी पुलिस बल देश का सबसे बड़ा पुलिस बल है, जिसने अनेक जांबाज पुलिस अधिकारी दिए हैं। लेकिन जिस प्रकार का आचरण दोषी सिपाहियों द्वारा दिखाया गया है वह उनको इस न्यायालय की किसी भी प्रकार की सहानुभूति से वंचित कर देता है। उनका यह कृत्य जनमानस व इस न्यायालय की आत्मा को झकझोर देने वाला है और आजादी से पहले हुए जलियांवाला बाग की घटना की याद दिलाती है।

# सहेली

रंगोत्सव विशेष





स्त्रियां ही हैं, जो घर-परिवार को जोड़कर रखती हैं, उनकी यह सोच समाज में सौहार्द बनाती है। रंगों के त्योहार होली में तो वे सबको आपस में ऐसे जोड़ती हैं कि चारों ओर हर्षोल्लास के रंग बिखर उठते हैं। स्त्रियां इस तरह न सिर्फ जीवन में नए रंग भरती हैं, वे जीवन मूल्यों और अपनी संस्कृति को भी सहेजती हैं। रंगोत्सव में स्त्रियों की सतरंगी भूमिका निश्चित ही बहुत मायने रखती है।

## होली में स्त्रियों का सतरंगी मन

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

समाज और परिवार में स्नेह के रंग स्त्रियां ही बिखेरती हैं। संबंधों को सतरंगी इंद्रधनुष से सजाती हैं। नेह का गुलाल उड़ाती हैं। जुड़ाव की रंगाई से संवेदनाओं को पोसती हैं। घर-परिवार में अपने स्नेह की आभा से रिश्तों को मजबूती देती हैं। स्त्रियां ही तो हैं, जो साझी संस्कृति के अबीर-गुलाल से समाज की रंगत को कायम रखती हैं। स्नेह और सद्भाव का पर्व होली, स्त्रियों की इस मानवीय भूमिका को और गहराई से रेखांकित करता है, गुझिया की मिठास से लेकर अपनों की मनुहार तक। आस-पड़ोस के मेल-जोल से लेकर रिश्तों के त्योहारी अभिवादन तक। सहेलियों के आपसी उल्लास से लेकर परिजनों के मान-सम्मान तक। रंग पर्व पर स्त्रियों की संवेदनाओं से पूरित सतरंगी भूमिका और ज्यादा खिल उठती है।

### मन के रंग

महिलाएं मन के रंगों को पूरे मन और मान के साथ जीती हैं। अनगिनत तकलीफों के बीच भी त्योहारी रौनक को पोसने का भाव भारतीय स्त्रियां सदा से रखती आई हैं। होली भी औपचारिकताओं से परे, जीवन जीने का एक सतरंगी उत्सव है। महिलाएं भी रंगों की फुहार में खुलकर हास-परिहास करती हैं। गृहिणी हों या काम-काजी महिलाएं, होली के रंग उनके जीवन में नया उल्लास ले आते हैं। रंग तो यूं भी हर इंसान की मनःस्थिति पर सकारात्मक असर डालते हैं। खिलते पलाश और स्पंदित प्रकृति की इस ऋतु में स्त्री मन भी घर-आंगन में बिखरते रंगों से उल्लासित हो उठता है। अपनों के संग रंगभरी मस्ती में झूमने और त्योहारी रंगत में गुम हो जाने वाला स्त्रीमन का यह भाव-चाव सचमुच बेहद मोहक और सुंदर होता है।

### जीवन के रंग



स्त्री जीवन के रंग व्याख्या से परे हैं। हमारी स्त्रियों ने बंधन और खुलेपन दोनों के रंग जीए हैं। आज भी जीती हैं। बावजूद इसके जीवन के हर फीकेपन से आत्मविश्वास की रंगत के संग जूझने का पाठ भारतीय स्त्रियों से ही सीखा जा सकता है। हमारे यहां स्त्रियों ने जिजीविषा की लाली और सहजता की आभा सब कुछ जीया है। जैसे होली के रंग समाज में सामाजिकता और जुड़ाव को पोसते हैं, वैसे ही समाज को व्यवहार के सतरंगी वर्ण डोरी से बांधने वाली बहू-बेटियां ही रही हैं। इंद्रधनुष के रंग हर ओर बिखेरने वाला यह उत्सव, महिलाओं की जिंदगी को माधुर्य की उमंगों और तरंगों से जोड़ता है। स्त्रियां भी सकारात्मकता और नेह साथ का यह भाव, लौटाने से नहीं चूकतीं। होली पर गली में निकली स्त्रियों की टोलियां जुड़ाव के इसी जीवंत रंग की वाहक बनती हैं।

### संस्कृति के रंग

पारंपरिक परिधानों के रंगों से लेकर संस्कृति की सुंदर छटा तक, स्त्रियों ने सांस्कृतिक रंगों को खाद-पानी दिया है। लोकगीतों के शब्द तो स्त्रियों के सुर के बिना अधूरे हैं। भंवरों की गुंजन की इस ऋतु में होली के उत्सवीय रंग स्त्रियों के गाए गीतों में सुनाई भी देते हैं। लोक के सुंदर रंगों को स्त्रियां पीढ़ियों से पोसती आई हैं। इन गीतों में सुख-दुख बांटने से लेकर मन की कहने तक, कितने ही भाव छिपे हैं। राजस्थान में परंपरागत सफेद, लाल, पीले रंग की साड़ी पहनने की रीत है। इस 'फागणिया परिधान' को पहनना बहुत शुभ माना जाता है। कहा भी जाता है, स्त्री रंगों में रचा-बसा जीवन ही पसंद करती है। तभी तो जीवनभर प्रकृति, परिवेश, संस्कृति के रंगों को चाव के संग अपनी और अपनों की जिंदगी में शामिल करने का रास्ता खोजती रहती है। होली का उत्सव, नारी मन के इस पहलू की सतरंगी झांकी सा है।

### संबंधों के रंग

होली के त्योहार पर खुशी, उल्लास और हर औपचारिकता से परे अपनेपन का भाव मुखर होता है। संबंधों के लिए संजीवनी बनने वाला सुख और सहजता का यह परिवेश घर की बहू-बेटियां ही बनाती हैं। रिश्तों के रंगों को पोषण देती हैं। सुख-दुख में साथ देने का भाव हो या तीज-त्योहार की निबाह। हर आंगन में प्रेमपगे रंगों को जीते हुए ऐसी जिम्मेदारियां स्त्रियां ही निभाती आई हैं। होली, रिश्तों के बीच मतभेद और शिकायतें दूर करने का मौका भी होता है। याद रहे, अपनों को आंगन में इकट्ठा करने के ऐसे न्योते घर की स्त्रियां ही भेजती हैं। देश के कई हिस्सों में शादी के बाद बेटियां को पहली होली के लिए मायके बुलाया जाता है। सरसों और टेसू के चटक रंगों की यह ऋतु इस पर्व के माध्यम से संबंधों को सींचने भी आती है, जिसकी सेतु स्त्रियां बनती हैं।

### त्योहारी छटा के रंग



स्त्रियां ब्रज की लट्ठमार होली में हुड़दंग और मस्ती का भी हिस्सा बनती हैं और उत्तराखंड में पारंपरिक परिधान पहन लोकगीत गाते हुए शुभकामनाएं देती गांव-शहर भर में टोलियों में भी निकलती हैं। स्त्रियां, रंगों की बौछार के बीच खुलकर हंसी-ठिठोली करती हैं, बड़े-बुजुर्गों को अबीर-गुलाल लगाकर अहसासों से पूरित अभिवादन भी। हर अवसर पर विशेष बनाने वाली बहू-बेटियां होली के रंगीन उत्सव को भी प्यारा पर्व बना देती हैं। जिसके चलते परिवार और आस-पड़ोस में यह त्योहार मेल-जोल का सुंदर अवसर बन जाता है। स्त्रियों के मन का जुड़ाव ही है कि समय के साथ आए अनगिनत बदलावों के बावजूद इस त्योहार पर गुझिया की मिठास भी पकवानों का हिस्सा बनती है और मालपुआ-दहीबड़ा भी। असल में बात पकवानों और परिधान की हो या परंपराओं के निर्वहन की, त्योहारी छटा के रंग स्त्रीमन के साझीदार होते ही हैं। होली इस रौनक को जीने का सबसे प्यारा उत्सव है।

अभिव्यक्ति

## भीगें प्रेम-स्नेह के रंगों से

हर त्योहार के पीछे एक उद्देश्य होता है, होली के भी अपने उद्देश्य हैं। आधुनिक जीवनशैली में हम इस पर्व को कैसे मनाएं कि इसके पारंपरिक उद्देश्य पूरे हों। समाज में प्रेम-सौहार्द और उत्साह-उमंग का वातावरण बने, जिंदगी में नए रंग बिखरें, साहित्य, संगीत और चित्रकला से जुड़ी मशहूर हस्तियों के महती विचार।

### रंगोत्सव की सार्थकता तभी है, जब बने हर वर्ग के साथ प्रेम का रिश्ता : संजू दास, चित्रकार



**मैं एक** चित्रकार हूं। हर चित्रकार के जीवन में रंगों का अपना एक अलग महत्व है। होली का पर्व तो हमारे लिए मानो एक इंद्रधनुषी कलर पैलेट है, जिसमें जीवन के विविध रंग एक साथ दिखते हैं। हर भारतीय, चाहे वो शहरी हो या ग्रामीण, होली का नाम सुनते ही उसके दिलो-दिमाग में रंग,अबीर-गुलाल उड़ने लगते हैं। हम सभी के जीवन में रंगोत्सव का बहुत ही महत्व है, क्योंकि आज के भौतिकतावादी युग में हम सभी पैसे के पीछे भाग रहे हैं। आज की भागती जिंदगी में किसी के पास दूसरे के लिए समय नहीं है। ऐसे में होली का त्योहार ही वह अवसर होता है, जब हमें एक-दूसरे से मिलने-जुलने का अवसर मिलता है। इस रंगोत्सव की सार्थकता तभी है, जब हम अपने परिवार ही नहीं, समाज के हर वर्ग के साथ प्रेम का रिश्ता बनाएं। अमीर-गरीब, ऊंच-नीच और जाति-धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ मानवीय मूल्यों को महत्व दें। होली पर हम अपने परिवार में एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हैं, गुझिया और मालपुए खाते-खिलाते हैं। इस अवसर पर अगर हम अपना परिवार और बढ़ा दें, जिसमें हमारे घरेलू सहायक, गार्ड और लिफ्टमैन भी शामिल हों, तभी इस पर्व की सार्थकता है। होली में हम समाज के हर वर्ग के साथ प्रेम-सौहार्द बनाकर रखें।

### इस पर्व का अर्थ है सबका एक जैसे रंग में रंग जाना
### डॉ. शरद सिंह, साहित्यकार



**होली खेलने** की परंपरा बहुत पुरानी है। द्वापर युग से चली आ रही यह परंपरा राधा-कृष्ण के होली खेलने के प्रसंग से जुड़ी हुई है। इस पर्व का अर्थ ही है, सबका एक जैसे रंग में रंग जाना। संपूर्ण भारत में फाल्गुन में मनाए जाने वाले रंगों का यह पर्व ऋतु परिवर्तन का प्रतीक भी माना जाता है। होली का स्मरण करते ही रंग और अबीर-गुलाल मन में बिखर उठते हैं। उत्साह-उमंग और परस्पर मेल-मिलाप का एक ऐसा सुंदर दृश्य बन जाता है, जो सारे वैर-भाव को भूलकर गले मिलने को प्रेरित करता है। भागम-भाग की इस जिंदगी में ये त्योहार ही तो हैं, जो हमें कुछ अलग हटकर जीने और खुलकर हंसने-खिलखिलाने का मौका देते हैं। होली का पर्व हमें एकता और भाईचारे का संदेश देता है। यह पर्व बताता है कि हमें अपने व्यस्त जीवन में भी परस्पर मिलकर खुशियां मनाने का समय निकालना चाहिए। लेकिन जरा सोचिए, यदि इस त्योहार में हानिकारक जहरीले रंग, अभद्रता और पानी की बर्बादी होने लगे, तो इस पारंपरिक त्योहार की गरिमा धूमिल होने लगेगी। उत्साह फीका पड़ जाएगा। इसलिए जरूरी है कि सूखे रंग-गुलाल से हम होली खेलें ताकि पानी की बर्बादी न हो। होली के गीत गाएं, गुझिया खाएं और धूम मचाएं। तो आने वाली होली में, खूब धमाल मचाएं। आप सभी को होली की शुभकामनाएं!

### सुर, लय और रंगों से सजा त्योहार है होली
### मीता पंडित, शास्त्रीय गायिका



**मैं संगीत** के क्षेत्र से जुड़ी हूं, होली से इसका बहुत करीबी रिश्ता है। हमारी संस्कृति में होली गायन की तो बहुत पुरानी परंपरा रही है। अपनी संस्कृति और पारंपरिक संगीत से जुड़े रहने का बहुत खूबसूरत माध्यम है, होली का पर्व। होली की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह समानता और सद्भावना से जुड़ा पर्व है। समाज में हर वर्ग के लोग बड़े उत्साह से साथ मिलकर होली मनाते हैं। पहले लोगों के पास फुर्सत होती थी, तो त्योहार के अवसर पर हफ्तों मिलने-जुलने का कार्यक्रम चलता था। मुझे याद है, बचपन के वे दिन, जब त्योहारों पर बहुत रौनक होती थी। अब लोगों के पास समय की कमी है, बड़े शहरों में दोस्तों और रिश्तेदारों के घर काफी दूर होते हैं, वहां जाने में बहुत परेशानी होती है। इसलिए अब होली के त्योहार में पहले जैसी बात नजर नहीं आती। फिर भी बदलते वक्त की जरूरत के अनुसार लोगों ने इस त्योहार को मनाने के नए तरीके खोज लिए हैं, जैसे सबके घर बारी-बारी से मिलने जाने के बजाए, अब लोग साथ मिलकर किसी एक दोस्त या रिश्तेदार के घर पर एकत्र होते हैं, वहीं साथ मिलकर त्योहार मनाते हैं। कुल मिलाकर सुर, लय और रंगों से सजा यह त्योहार हम सभी को प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

**प्रस्तुतिः विनीता**



होली का मौका है तो रंग तो आप जरूर खेलेंगी। लेकिन इसके साथ आपको अपने स्किन और हेयर का ध्यान भी रखना चाहिए। लापरवाही बरतने पर आपको स्किन और हेयर से जुड़ी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। इनसे कैसे करें खुद को प्रोटेक्ट, जानिए।

## रंग खेलने से पहले-बाद में ऐसे करें स्किन केयर

एडवाइस / निधि गोयल

यह तो सही है कि होली खेलने में मजा बहुत आता है। लेकिन अगर ध्यान ना दिया जाए तो इस वजह से स्किन रिलेटेड कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं। सबसे बड़ी समस्या तो होली खेलने के बाद स्किन से कलर रिमूव करने में होती है। ज्यादा रब करने से और बार-बार सोप-बॉडी वॉश लगाकर धोने से स्किन को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे स्किन बहुत ड्राय और रफ महसूस होती है। कई बार कलर की वजह से एलर्जी होने का रिस्क भी बढ़ जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप होली खेलने से पहले और उसके बाद भी स्किन की केयर पर ध्यान दें। इसलिए आपके लिए हम कुछ यूजफुल टिप्स दे रहे हैं।

**होली खेलने से पहलेः** जब आप होली खेलने जाएं तो उससे पहले कुछ तैयारियां कर लें।



**आइस क्यूब से रबिंगः** रंग खेलने के लिए घर से निकलने से पहले बर्फ को अच्छी तरह स्किन पर रगड़ लें। इससे आपकी स्किन पोर्स बंद हो जाएंगे। इससे किसी भी तरह की डस्ट या कलर पार्टिकल स्किन के अंदर तक नहीं जा पाएंगे। इस वजह से नहाने पर ये सब स्किन से हट जाएंगे। साथ ही इससे आपको बाद में पिंपल्स और ब्लैक हेड्स की दिक्कत भी नहीं होगी।

**बादाम तेल लगाएंः** स्किन प्रोटेक्शन के लिए बादाम का तेल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन ई भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जब आप रंग खेलने से पहले बादाम तेल लगा लेती हैं तो यह स्किन पर प्रोटेक्शन लेयर की तरह कार्य करता है। इस वजह से कलर पार्टिकल्स स्किन से चिपक नहीं पाते हैं।

**अप्लाई करें सनस्क्रीन लोशनः** जब आप धूप में घर से बाहर रंग खेलने जाते हैं तो आपको धूप और रंग दोनों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए स्किन पर सनस्क्रीन लोशन लगा लें। यह आपकी स्किन को टैन होने से भी बचाता है।

**लगाएं नारियल तेलः** नारियल तेल से रंग स्किन और हेयर पर चिपकता नहीं है। साथ ही पानी से धोने पर जल्दी से हट भी जाएगा।

**होली खेलने के बाद :** रंग खेलने के बाद भी स्किन प्रोटेक्शन के लिए कुछ टिप्स को फॉलो करना जरूरी है।

**बॉडी क्लीनिंगः** जब आप रंग खेल लें तो शरीर को हल्के साबुन और गुनगुने पानी से धो लें। ध्यान रहे कि बहुत ज्यादा गर्म पानी से ना धोएं। साथ ही बहुत ज्यादा प्रेशर से रंग को स्किन से साफ ना करें। इससे रैशेज हो सकते हैं। अगर रंग नहीं हट रहा है तो आप बेसन और दही का पेस्ट बनाकर उससे भी रंग को हटा सकती हैं। स्किन को क्लीन करने के बाद उस पर एलोवेरा जैल लगाएं। इससे स्किन में होने वाली जलन खत्म हो जाएगी।

**मॉयश्चराइजेशनः** होली खेलने के बाद जब आप नहाकर रंग हटा लें तो उसके बाद पूरी बॉडी की अच्छी तरह मॉयश्चराइजिंग कर लें। इससे स्किन ड्राय नहीं रहेगी।

**ये भी रखें ध्यानः** रंग खेलने के बाद सिंथेटिक के बजाए कॉटन फैब्रिक के ड्रेस ही पहनें। क्योंकि अगर आपको रंगों से एलर्जी हो गई है तो सिंथेटिक ड्रेस पहनने से और भी ज्यादा एलर्जी बढ़ सकती है। रंग खेलने के बाद खूब पानी पीएं, जिससे स्किन में मॉयश्चर बना रहे। **(स्किन स्पेशलिस्ट नीरज बजाज से बातचीत पर आधारित)**

### रंगों से बालों को ऐसे करें प्रोटेक्ट



**होली की** मस्ती में अपने बालों की हिफाजत करना बिल्कुल ना भूलें, क्योंकि रंगों में कई तरह के केमिकल जैसे लेड ऑक्साइड, मरकरी सल्फाइट, कॉपर सल्फेट, कांच के कण, अभ्रक और धूल की भी अच्छी-खासी मौजूदगी होती है। इसलिए होली खेलने के लिए घर से निकलने से पहले बालों पर हेयर ऑयल से मालिश कर लें। होली खेलने के बाद पहले सादे पानी से धोएं, ताकि बालों में लगे सूखे रंग बालों से अलग हो जाएं। इसके बाद किसी हर्बल शैंपू से बालों को धोएं।

-प्रतिमा अरोड़ा

होली के इस अवसर पर आप अपने किसी फ्रेंड, रिलेटिव्स या फिर आस-पड़ोस के लोगों को कोई प्यारा-सा गिफ्ट देकर त्योहार की खुशी और बढ़ा सकती हैं। गिफ्ट के तौर पर आप क्या कुछ दे सकती हैं, आपके लिए यूजफुल आइडियाज।

## अपनों को दें कलरफुल गिफ्ट

सजेशन / नम्रता नदीम

आमतौर पर दीपावली पर एक-दूसरे को गिफ्ट दिए जाते हैं। लेकिन आप चाहें तो इस होली पर भी अपने फ्रेंड्स और रिलेटिव्स को प्यारा-सा गिफ्ट देकर इस फेस्टिवल को और भी कलरफुल बना सकती हैं। यहां कुछ गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं आपको।



**रंग-अबीर-गुलाल-पिचकारियांः** इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू से लेकर चेन्नई तक और अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात तक होली का एक रूप कॉमन है कि इसमें लोग एक-दूसरे पर रंग डालते हैं। अबीर का टीका लगाते हैं और गालों पर गुलाल मलते हैं। इसलिए होली में आपको अगर गिफ्ट देते समय यह ना सूझ रहा हो कि क्या दें तो आप बेझिझक रंग, गुलाल, अबीर और पिचकारियों का सेट दे सकती हैं। इस मौके पर यह गिफ्ट एकदम परफेक्ट रहेगा। होली का यह गिफ्ट होली को और रंगीन बनाने की शुभकामनाओं को अपने में समेटे होगा।

**स्वीट डिशेजः** हम सब जानते हैं कि होली जितना मस्ती का त्योहार है, उतना खाने-पीने के आनंद का भी अवसर है। होली के मौके पर मिठाई का डिब्बा और खासतौर पर गुझिया भी फेवरेट गिफ्ट में शामिल हैं। ये ऐसे गिफ्ट आइटम्स हैं, जो इस मौके के लिए अनुकूल हैं। स्वीट डिश के बजाय अगर आपके निकट संबंधी लो स्वीट के शौकीन हैं तो उन्हें चॉकलेट भी गिफ्ट के रूप में दिया जा सकता है। इसलिए अपने दिल के करीब लोगों को होली का गिफ्ट चॉकलेट भी दे सकती हैं। आप चाहें तो ड्राय फ्रूट्स भी गिफ्ट में दे सकती हैं। ड्राय फ्रूट्स गिफ्ट के तौर पर देना हेल्दी ऑप्शन माना जाता है।

**ड्रेसेसः** अगर आप गिफ्ट के रूप में किसी को ड्रेसेस देना चाहती हैं तो इस मौके पर महिलाओं को कॉटन की साड़ी, सलवार-सूट और पुरुषों को कुर्ते-पायजामे गिफ्ट में दिए जा सकते हैं। वैसे भी सफेद रंग पर होली के रंग अपनी सुंदर छटा बिखेरते हैं। इसलिए इस मौके पर महिलाओं को सलवार-सूट और पुरुषों को सफेद कुर्ता-पायजामा गिफ्ट में दे सकती हैं।

**ये भी हैं ऑप्शंसः** इस मौके पर आप इंद्रधनुषी वॉल हैंगिंग भी गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। यह एवरग्रीन गिफ्ट माना जाता है। राधा-कृष्ण की प्रतिमा होली के अवसर पर भक्ति भाव और होली रास को दर्शाने के लिए एक अच्छा गिफ्ट माना जाता है। सुंदर फूलों की टोकरी, बुके, फूलों का गुलदस्ता, कारपेट जैसी तमाम चीजें भी होली के अवसर पर घर सजाने के लिए उम्दा गिफ्ट आइटम्स हैं। इस मौके पर खास पर्सनल केयर किट भी गिफ्ट दे सकती हैं। चंदन का पावडर, मॉयश्चराइजर क्रीम, नेल पेंट्स, फेशियल क्लीनर, सनटैन लोशन, सुंगधित टिश्यू पेपर। इसके अलावा स्पा किट भी एक ऐसी गिफ्ट आइटम है, जो किसी के भी दिल को खुश कर सकता है।

रेसिपी
ओमप्रकाश गुप्ता

## होली के लिए बनाएं मीठे-मीठे व्यंजन

### अनारी गुझिया



**सामग्रीः** ब्रेड स्लाइस-6, दूध-1 लीटर, अनार के दाने-1 कप, हरी, लाल पेठा चेरी-1 बड़ा चम्मच, शुद्ध घी-आवश्यकतानुसार, चीनी- स्वादानुसार

**विधिः** पहले दूध को मंदी आंच पर पकाएं। चौथाई रह जाने पर आंच से उतार कर चीनी मिलाएं। ब्रेड स्लाइसेस को कटोरी से गोल काट लें। अब कड़ाही में घी गर्म करके गोल ब्रेड स्लाइसेस को हल्के गुलाबी होने तक तलें। फिर इन्हें गाढ़े दूध में डालें। नरम हो जाने पर हथेली पर रखकर हल्का निचोड़ लें। फिर इसे फैलाकर अनार के दाने भरकर फोल्ड करते हुए गुझिया का आकार दें। प्रत्येक गुझिया पर हरी-लाल पेठा चेरी बुरक दें।

### रिमझिम ब्रेड पेड़े



**सामग्रीः** ब्रेड स्लाइस-6, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-तीन चौथाई कप, कोकोनट पावडर-2 बड़े चम्मच, दूध-1 कप, पिसी चीनी-1 कप, इलायची पावडर-1 छोटा चम्मच, घी-2 बड़े चम्मच

**विधिः** ब्रेड के टुकड़े करके मिक्सी में डालकर पीस लें। इसे भारी तले की कड़ाही में मध्यम आंच पर चलाते हुए 1 चम्मच घी, कोकोनट पावडर और पिसी चीनी के साथ रोस्ट करें। 1 चम्मच घी और दूध डालकर लगातार चलाते हुए मिश्रण थिक होने तक पकाएं और आंच बंद कर दें। इलायची पावडर और पेठा चेरी डालकर अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण थोड़ा ठंडा होने पर हाथों में चिकनाई लगाकर मनचाहे नाप की बॉल बनाकर दबा लें। रिमझिम ब्रेड पेड़े तैयार हैं।



प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने राजगढ़ में किया संवाद

# प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रगतिशील देशों में भारत सबसे आगे

## विष्णुदत्त ने दीवार लेखन कर लाभार्थियों से किया संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को दुनिया भर के देशों में वह मान-सम्मान दिलाया है, जो देश के आजाद होने के बाद से 2014 तक नहीं मिला था।

मोदी की नीतियों से भारत आज दुनियाभर के प्रगतिशील देशों में सबसे आगे है। आज सफल विदेश नीति से दुनिया भर के देशों में भारत का सम्मान बढ़ाने का कार्य किसी ने किया है तो वे प्रधानमंत्री मोदी हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद शर्मा ने राजगढ़ में प्रबुद्धजनों से चर्चा करते हुए कही।

### अब पड़ोसी देश भारत को आंख नहीं दिखा सकते

शर्मा ने जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित करने के साथ वार्ड 8 पर दीवार लेखन कर लाभार्थियों से संपर्क भी किया। उन्होंने कहा कि एक समय वह भी था कि देश में कांग्रेस की सरकार थी और तत्कालीन प्रधानमंत्री अरूणाचल दौरे पर जाने वाले थे। चीन ने आंखें तरेरी तो कांग्रेस नेता व तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अरूणाचल दौरा ही निरस्त कर दिया। आज नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं तो कोई भी पड़ोसी देश भारत को आंख नहीं दिखा सकता। देश की सभी सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं।



### बूथ समिति की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने राजगढ़ के वार्ड क्रमांक 8 में दीवार लेखन करने के बाद लाथार्थियों से संपर्क किया। इसके बाद शर्मा बूथ क्रमांक 102 के बूथ अध्यक्ष जितेन्द्र खिंची के निवास पहुंचकर बूथ समिति के बैठक ली और 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिर्शा-निर्देश दिए। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने भाजपा कॉल सेंटर का निरीक्षण किया एवं उपस्थित कर्मचारियों से चर्चा कर कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली को जाना।

### हम भाजपा कार्यकर्ताओं को मिले काम को पूर्ण करना है: उपाध्याय

लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में अनेक ऐसी उपलब्धियां हैं, जिन्हें जनता तक हमें पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान भाजपा कार्यकर्ता के रूप में है, हमें मिले काम को 100 प्रतिशत पूर्ण करना है। यह बात लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी उपाध्याय ने रविवार को उज्जैन के पार्टी कार्यालय लोकशक्ति भवन पर आयोजित उज्जैन लोकसभा क्षेत्र प्रबंधन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से विश्व गुरु रहा है।

### हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दें कार्यकर्ता

भारतीय जनता पार्टी की ओर से चलाए जा रहे बूथ विजय अभियान के तहत 22 मार्च तक बूथ पर सभी कार्यकर्ता हर दिन दो घंटे का समय दें और 370 नए वोट पार्टी के लिए जोड़ें। पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें हर बूथ पर 370 नए मतदाता जोड़ने हैं। पार्टी लोकसभा चुनाव में 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करेगी। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने देवास में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी और विधायक गायत्री राजे पवार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण और अलगाववादी ताकतों के दबाव में जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाकर जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का बीज बोया था। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लागू कर जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने का बीज बोया गया था। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देते हुए धारा 370 का विरोध करते हुए बलिदान तक दे दिया, लेकिन तुष्टिकरण की राजनैतिक सोच के चलते इस पर पुनर्विचार कर निरस्त नहीं किया।

स्क्रीनिंग कमेटी की वर्चुअल बैठक के बाद सिंगल नाम तय, अब सीईसी की बैठक में होगा फैसला

# 18 सीटों पर कांग्रेस के बड़े दिग्गजों के नाम: दिग्विजय कमलनाथ, अरुण, पटवारी को चुनाव लड़ाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस पार्टी मप्र में 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर चुकी है, पर बाकी बचे 18 सीटों पर अभी तक कोई भी फैसला नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी के साथ आपसी समझौते के तहत कांग्रेस खजुराहो लोकसभा सीट पहले ही सपा को दे चुकी है। अब बाकी बचे सीटों पर नामों का ऐलान होना है। कांग्रेस हाईकमान ने पिछले दिनों प्रदेश संगठन से बाकी बचे सीटों पर सिंगल नाम देने को कहा था।

रविवार को इसे लेकर स्क्रीनिंग कमेटी की वर्चुअल बैठक में गहन मंथन हुआ है। अब अंतिम फैसला केंद्रीय चुनाव कमेटी को करना है। कांग्रेस 18 सीटों पर सीनियर नेताओं को चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। इसके लिए स्क्रीनिंग कमेटी की वर्चुअल बैठक हुई है। इसमें कमलनाथ, जीतू पटवारी, दिग्विजय सिंह सहित कई और बड़े नेता बैठक में मौजूद थे। लोकसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में काफी देर तक चर्चा हुई है। इसमें तय हुआ कि बाकी बचे 18 सीटों पर बड़े सीनियर नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा जाए।

### मप्र में 28 सीटों पर ही चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, 10 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान पहले ही कर चुकी है कांग्रेस

**समझौते के तहत खजुराहो लोकसभा सीट पहले ही सपा को दे चुकी**









### भूपेश बघेल, वेणुगोपाल पहले ही मैदान में

*कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पहले ही कह चुके हैं कि पार्टी उन्हें जो जिम्मेदारी देगी, वह निभाएंगे। पार्टी कहेगी तो चुनाव मैदान में भी वह उतरेंगे। यह फैसला पार्टी की ओर से होगा। माना जा रहा है कि सीनियर नेताओं को चुनाव लड़ने की वजह यह है कि राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि जब केसी वेणुगोपाल और भूपेश बघेल को टिकट दिया गया है, वे चुनावी मैदान में हैं, तो फिर मध्यप्रदेश में भी सीनियर नेताओं को चुनाव लड़ना होगा। यही कारण है कि 19 तारीख को दिल्ली में होने वाली बैठक से पहले वर्चुअल बैठक हो रही है। इसमें सिंगल नाम पर चर्चा हुई है। इसके बाद दिल्ली में बैठक के दौरान नाम पर चर्चा होगी। इसके बाद चुनाव लड़ने वाले नेताओं के नाम की सूची जारी कर दी जाएगी।*

### बड़े नेताओं में से सबसे पहले अरुण ने मांगा

*पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह कह चुके हैं कि वह राज्यसभा के सदस्य हैं, इसलिए चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन पार्टी कहेगी तो चुनाव लड़ेंगे। वही कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि कमलनाथ छिंदवाड़ा से सांसद रह चुके हैं। इसलिए यदि पार्टी उन्हें दूसरी सीट से चुनाव लड़ना चाहती है, तो फिर कमलनाथ खुद लोकसभा सीट का चुनाव करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि अरुण यादव खुद ही लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते हैं, लेकिन खंडवा से नहीं गुना से उन्होंने दावेदारी की है। खास बात है कि अरुण यादव दिल्ली में हाई कमान से मुलाकात का खुद ही टिकट भी मांग चुके हैं।*

### आज नहीं, कल होगी सीईसी की बैठक

*दिल्ली में कांग्रेस इलेक्शन कमेटी की बैठक 18 मार्च को होने वाली थी, लेकिन 18 सीटों पर सिंगल नाम पर फैसला करने के लिए हाई कमान ने स्क्रीनिंग कमेटी के साथ एक और बैठक करने के लिए कहा है। इसी कारण से 18 मार्च को होने वाली दिल्ली में बैठक 19 मार्च को होगी। इसके बाद कांग्रेस की सूची जारी हो जाएगी। दिल्ली में होने वाली बैठक में जितेंद्र सिंह, उमंग सिंगार, जीतू पटवारी और ओमकार मरकाम भी शामिल होंगे।*

संपति विरूपण के तहत कार्रवाई

## नगर निगम ने आचार संहिता लगने के बाद से अब तक हटाए 4 हजार से ज्यादा बैनर-फ्लैक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम ने आचार संहिता लगने के बाद से रविवार रात तक व्यापक पैमाने पर की संपत्ति विरूपण की कार्रवाई की। समस्त 21 जोन क्षेत्रों में कार्रवाई कर लगभग 4 हजार से ज्यादा फ्लैक्स, बैनर, झंडे, पोस्टर, बोर्ड आदि हटाए।

निगम अधिकारियों के अनुसार 85 वार्ड क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों, शासकीय भवनों आदि पर लगाई गई विभिन्न प्रकार की सामग्री को हटाने की कार्रवाई की गई।

### पोस्टर, झंडे, बोर्ड समेत प्रचार सामग्री जब्त की

निगम के दलों ने लगभग 4000 से ज्यादा फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, झंडे, बोर्ड आदि प्रचार सामग्री हटाकर जब्त की गई। निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण द्वारा आदर्श आचार संहिता के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने तथा संपत्ति विरूपण कर शहर की संपत्तियों को विरूपित करने वालों के विरूद्ध सख्त करने के निर्देशों के परिपालन में निगम के संपत्ति विरूपण दलों को निर्देश दिए।

शादी में सिंगल यूज प्लॉस्टिक का नहीं किया गया इस्तेमाल

## बुरहानपुर में जीरो वेस्ट विवाह समारोह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छ भारत मिशन अभियान की प्रेरणा और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनिस की पहल पर बुरहानपुर में जीरो वेस्ट विवाह समारोह का आयोजन किया गया। शहरवासियों ने शादी-विवाह और आम भंडारों में सिंगल यूज प्लॉस्टिक का इस्तेमाल न करके प्लॉस्टिक की बजाय स्टील के बर्तनों का इस्तेमाल करना शुरू किया है। इसी पहल पर बुरहानपुर के रास्तीपुरा निवासी भास्कर महाजन ने अपने पुत्र की शादी जीरो वेस्ट की है।

महाजन ने बताया कि इसके लिए विधायक चिटनिस एवं निगम के स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष धनराज महाजन ने मुझे प्रेरित किया। चिटनिस ने बताया कि पिछले दिनों जिला प्रशासन की ओर से कराए गए जीरो वेस्ट प्लास्टिक कार्यक्रम को देख कर कई लोगों ने प्लास्टिक का उपयोग न करने का विचार बना लिया था। इसके लिए उन्हें साधुवाद देती हूं। निश्चित ही हमारे इस प्रयासों के परिणाम स्वरूप हम अपने बुरहानपुर को प्लॉस्टिक मुक्त और समृद्ध बुरहानपुर बनाने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि एक सजग समाज के रूप में हम सब को ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। शादी-विवाह और आम भंडारों में सिंगल यूज प्लॉस्टिक का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

### स्वच्छ भारत का विजन साकार

*चिटनिस ने कहा कि हम सभी सामूहिकता के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के विजन को साकार कर सकते है। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यक्तिगत समारोह और आयोजनों को भी जीरो वेस्ट और बिना प्लॉस्टिक का उपयोग कर आसानी से कर सकते है। इसके लिए नगरीय निकायों और पंचायतों के माध्यम से जन जागरण करना होगा। व्यक्तिगत समारोह और सामुदायिक समारोह में भी जीरो वेस्ट को जन जागरण कर एक उदाहरण बन सकेगा।*

## बालाघाट जिले में तुमड़ीटोला सावंगी की चंदन नदी में मिला बाघ का शव

**भोपाल।** वन विकास निगम वारासिवनी के तुमड़ीटोला सावंगी से प्रवाहित होने वाली चंदन नदी में एक बाघ का क्षत-विक्षत हालत में शव मिला है। रविवार को शव मिलने की जानकारी एक किसान ने वन विभाग को दी। इसके बाद वन विभाग के अमल ने पहुंचकर डाग स्क्वॉड की मदद लेकर जांच शुरू की है, लेकिन अभी कोई खास जानकारी हाथ नहीं लग सकी। जानकारी के अनुसार, रविवार को सुबह करीब साढ़े 11 बजे के बीच तुमड़ीटोला सावंगी से एक किसान को चंदन नदी किनारे बाघ का शव दिखाई दिया। जिसकी हालत क्षत-विक्षत हालत थी। बाघ की आधी खाल निकल गई है। दोनों आंखें, सामने के दोनों पैर, पिछले हिस्से का दाएं पैर भी गायब है। शव को देखने से तो करीब 15 दिन पुराना लग रहा है।

कांग्रेस ने सपा को समझौते में दी संसदीय सीट

# खजुराहो में भाजपा के वीडी के पास जीत का रिकार्ड बनाने का मौका

सपा को यादव-मुस्लिम मतदाताओं से उम्मीद

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में खजुराहो लोकसभा सीट से 4 लाख 92 हजार वोटों के अंतर से तब बड़ी जीत दर्ज की थी, जब वे क्षेत्र के लिए बिल्कुल नए थे और उनके सामने कांग्रेस के तत्कालीन



विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता राजे सिंह मैदान में थीं। वीडी तब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं थे। इस बार कांग्रेस ने खजुराहो सीट समझौते में समाजवादी पार्टी को सौंप दी है। सपा यह सीट सिर्फ इसलिए चाहती थी क्योंकि यह क्षेत्र उत्तरप्रदेश से सटा है। कभी चंदला विधानसभा सीट से उसके विधायक जीतते रहे हैं। विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की कुछ सीटों में पार्टी को अच्छे वोट मिलते हैं। मुलायम सिंह यादव के समय से ही सपा की कोशिश बुंदेलखंड के इस हिस्से में अपना आधार मजबूत करने की रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से पहली बार कांग्रेस ने पार्टी की मंशा पूरी की है और खजुराहो सीट सपा को दे दी है। इस एक निर्णय से वीडी को जीत का रिकार्ड बनाने का सुनहरा मौका मिल गया है।

### ज्यादा अंतर से जीतने वाले चौथे प्रत्याशी थे वीडी

2019 के चुनाव के रिकार्ड में भाजपा के वीडी शर्मा की खजुराहो से जीत चौथे नंबर पर दर्ज है। जीत का रिकार्ड होशंगाबाद से भाजपा के राव उदय प्रताप सिंह ने बनाया था। उन्होंने अपने निटकतम प्रतिद्वंद्वी को 5 लाख 53 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। सबसे ज्यादा मतों से जीतने वाले दूसरे प्रत्याथी थे इंदौर से भाजपा के शंकर लालवानी। उन्होंने 5 लाख 47 हजार से भी ज्यादा वोटों के अंतर से अपने प्रतिद्वंद्वी को हराया था। 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीतने वाले तीसरे प्रत्याशी थे विदिशा के रमाकांत भार्गव। इनकी जीत का अंतर 5 लाख 3 हजार से ज्यादा था। चौथी बड़ी जीत वीडी शर्मा ने खजुराहो से दर्ज की थी। शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 4 लाख 92 हजार से ज्यादा अंतर से हराया था। राजनीतिक हालात ऐसे हैं कि इस बार वीडी जीत का रिकार्ड अपने नाम दर्ज करा सकते हैं।

### विकास, संगठन और विष्णुदत्त की सक्रियता ने बढ़ाई ताकत

खजुराहो से सांसद बनने के बाद वीडी शर्मा की ताकत लगातार बढ़ी। इसके बाद ही वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने और प्रदेश के साथ खजुराहो क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने पर खास ध्यान दिया। यहां के विकास में उन्होंने पूरी ताकत झोंकी। वीडी थे तो प्रदेश अध्यक्ष लेकिन खजुराहो क्षेत्र पर हमेशा ध्यान केंद्रित रखा। वे लगातार क्षेत्र का दौरा करते रहे। उनकी सक्रियता का ही नतीजा है कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की एक भी विधानसभा सीट कांग्रेस नहीं जीत सकी।

### तीन जिलों में फैली है लोस सीट

*खजुराहो वैसे तो बुंदेलखंड में है, लेकिन इस संसदीय का क्षेत्र महकौशल तक है। इसके तहत तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें छतरपुर जिले की दो, पन्ना और कटनी जिले की तीन-तीन विधानसभा सीटें शामिल हैं। कटनी महाकौशल का हिस्सा है जबकि छतरपुर और पन्ना बुंदेलखंड का। सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लोकसभा चुनाव में इसका लाभ शर्मा को मिलेगा। विश्लेषक मानते हैं कि यदि चुनाव व्यवस्थित लड़ा गया तो इस बार वीडी देश के अंदर अपना रिकार्ड बना सकते हैं।*

### यादव प्रत्याशी को लाभ हो सकता है!

समाजवादी पार्टी को कांग्रेस ने समझौते में खजुराहो सीट दे भले दी है, लेकिन पार्टी का वोट सपा को मिलेगा, इसकी संभावना कम है। ऐसी स्थिति में सपा अपने परंपरागत मुस्लिम और यादव समाज के मतों के भरोसे रहेगी। क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की तादाद बहुत ज्यादा नहीं है। यादव मतदाताओं की संख्या काफी है, लेकिन मप्र के ये मतदाता अखिलेख यादव के कारण सपा में जाएंगे या इन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का असर होगा, ये देखने लायक होगा। अलबत्ता यदि सपा ने यादव प्रत्याशी उतारा तो उसे समाज का होने का लाभ मिल सकता है। लेकिन यह तादाद ऐसी नहीं होगी कि सपा वीडी मुकाबले में आ सके। इससे भी वीडी को मदद मिलेगी।

## टॉलस्टॉय व गाँधी के विचार आज भी प्रासंगिक है,युवा पीढ़ी को इनसे सीखना चाहिए : गेलिना

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में बने गाँधी भवन द्वारा आयोजित अपनी व्याख्यान श्रृंखला के तहत "भारत के संविधान के 75 वर्ष - हमारा संविधान, हमारा सम्मान " और महात्मा गांधी की 155 वीं और लियो टॉलस्टॉय की 196 वीं जयंती के उपलक्ष्य में " गांधी व टॉलस्टॉय के विचार — ए हिस्टोरिकल प्रॉस्पेक्टिव " पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया । व्याख्यान से पूर्व गाँधी भवन के निदेशक प्रोफेसर के.पी.सिंह ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय में 1966 में गाँधी भवन की स्थापना हुई थीं । इसका प्रमुख उद्देश्य प्रगतिशील , सामाजिक व शैक्षणिक स्तर पर गाँधी जी के सत्य , अहिंसा , सत्याग्रह और स्वच्छता के दर्शन को बढ़ावा देने तथा उनके विचारों को प्रसारित करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है । यही कारण है



कि गाँधी भवन दिल्ली विश्वविद्यालय में ही नहीं बल्कि अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के कारण अब पूरे देश में अपनी पहचान बना चुका है , इसलिए गाँधी जी के सत्य , अहिंसा का जीवंत केंद्र बन गया है । उन्होंने यह भी बताया कि यहाँ पर हर दिन अनेक विश्वविद्यालयों से शोधार्थी शोध संबंधी जानकारी प्राप्त करने आते हैं । यह कार्यक्रम गांधी भवन और रूसी दूतावास के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

महादेव एप मामले में डिप्टी सीएम साव ने कहा

छत्तीसगढ़ को लूटने वाले बख्शें नहीं जाएंगे, जांच

# कानूनी प्रक्रिया और कानूनी कार्रवाई किसी के पद और कद को देखकर नहीं होती

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर

महादेव एप मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि जिस तरह भूपेश बघेल बोल रहे हैं उससे साफ है कि चोर की दाढ़ी में तिनका है, मामले में न्यायालयीन प्रक्रिया और कार्रवाई हो रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि गूगल में 508 करोड़ सर्च करने पर भूपेश बघेल का उल्लेख मिलता है। कानूनी प्रक्रिया और कानूनी कार्रवाई किसी के पद और कद को देखकर नहीं होती है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि एजेंसियां कानून सम्मत कार्य कर रही हैं, इस कार्रवाई का चुनावी कार्रवाई से कोई लेना देना नहीं है। जांच के बाद एफआईआर दर्ज हुई है, एफआईआर दर्ज होने के बाद पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा



कि बेटिंग एप के जरिए युवाओं के भविष्य से खेला गया और आकाओं के एटीएम के रूप में कार्य किया गया। कोई भी कितना भी बड़ा हो कार्रवाई होनी चाहिए। अरुण साव ने आगे कहा कि छग को लूटने और बर्बाद करने वालों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनीतिक विद्वेष में कार्रवाई के आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। राजनीतिक विद्वेष वश कार्रवाई की सरकार की कोई मंशा नहीं है। भूपेश बघेल न्यायालयीन प्रक्रिया और कार्रवाई का सामना करें। अनाप-सनाप बयानबाजी से कुछ होने वाला नहीं है। जांच की कार्रवाई लंबे समय से चल रही है, जांच के आधार पर ही कार्रवाई हो रही है। भगवान के नाम पर जालसाजी और धोखाधड़ी करने वालों पर महादेव का प्रहार निश्चित है।

ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

## ट्रेलर की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत



एजेंसी ▶▶ कोरबा

सर्वमंगला चौकी के तहत कनकी कनबेरी मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया जिससे लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज रही थी, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। किसी तरह पुलिस ने ग्रामीणों को समझाया और उनकी मांगों को जल्द पूरा करने की बात कर शव को जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बताया कि घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों को समझाइस दी गई है इसके लिए एसईसीएल और जिला प्रशासन से बात हुई है जहां ग्रामीणों की मांग पर अमल किया जाएगा। फिलहाल इस घटना में मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।

चिंतन

# पुतिन के सामने शांति का मार्ग चुनने का अवसर

रूस में अपेक्षित रूप से व्लादिमीर पुतिन की जीत वैश्विक स्तर पर पश्चिम की टेंशन बढ़ाने वाला है। पश्चिम की नाटो थ्योरी के मुखर विरोधी पुतिन के अधिक ताकतवर बनकर सत्ता में लौटने से अमेरिका व यूरोप के कुछेक देशों के लिए वैश्विक स्तर पर शक्ति प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। देखने वाली बात यह होगी कि पश्चिम पुतिन से कैसे निपटता है? पुतिन की जीत यूं तो रूसी लोकतंत्र की प्रायोजित जीत जैसी है, जिसमें जनता की मुहर केवल औपचारिता भर थी, लेकिन इस जीत की व्याख्या यूक्रेन से जंग के फैसले पर भी जनमत हासिल करने के रूप में की जाएगी। आज के रूस में, चुनावों का उद्देश्य अपने शासकों के निर्णयों को मान्य करना है, न कि लोगों की इच्छा के बारे में जानना है। रूस के इतिहास में आठवीं बार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हुआ है। पुतिन का फिर से राष्ट्रपति चुना जाना किसी के लिए भी हैरानी की बात नहीं है। साल 2000 में बोरिस येल्तसिन के स्थान पर राष्ट्रपति बने पुतिन ने चार साल का समय छोड़ कर, 24 साल तक देश पर प्रभावी रूप से शासन किया है। पुतिन ने स्पष्ट रूप से यूक्रेन में अपनी पसंद के युद्ध को पश्चिम के साथ व्यापक, दीर्घकालिक संघर्ष के रूप में प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि पश्चिम असंयमित है, पतन की ओर है और आसानी से विचलित हो जाता है। यूक्रेन को आगे की सैन्य सहायता पर पश्चिमी देशों की झिझक, पुतिन को और अधिक प्रोत्साहित करेगी। वे अपनी सफलता से उत्साहित होकर, आगे जोखिम भरे और उत्तेजक दुस्साहस पर उतर सकते हैं। ऐसे में पुतिन और ''पुतिनवाद'' की विचारधारा पश्चिमी सरकारों और नीति निर्माताओं के लिए एक गंभीर चुनौती होगी, जो आने वाले वक्त में दो विचारों में टकराव बढ़ाने वाली होगी। अमेरिका व ब्रिटेन खुले तौर पर रूस के विरोधी हैं, हालांकि जर्मनी, फ्रांस व नार्डिक देशों की लाइफलाइन रूस पर टिकी है, इसलिए अगले छह वर्ष तक अमेरिकी व रूसी टकराव दिखती रहेगी। पिछले तीन वर्ष से रूस यूक्रेन संग युद्ध कर रहा है, अमेरिका ने इसमें खुलकर यूक्रेन का साथ दिया है, नैतिक रूप से यह युद्ध भी रूस अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो के खिलाफ लड़ रहा है। अब पुतिन के फिर से सत्ता में लौटने के बाद यूक्रेन के साथ जंग को शांतिपूर्वक खत्म कराने में वक्त लग सकता है। मजबूत रूस व पुतिन वैश्विक भू- राजनीतिक परिदृश्य को और पेचीदा बनाएंगे। विश्व में शक्ति संतुलन के बहुध्रुवीय केंद्र द्विध्रुवीय केंद्र की ओर बढ़ते दिखाई देंगे। पुतिन ने जिस तरह युद्ध लड़ते हुए रूसी अर्थव्यवस्था को संभाला है, वह वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी प्रभाव के लिए नई चुनौती है। अब रूस, चीन एक मंच पर मुखर होंगे। हालांकि पुतिन के सामने यूक्रेन संग जंग को खत्म कर शांति का मार्ग अपनाने का अवसर है और रूस को और शक्तिशाली बनाते हुए वैश्विक समस्याओं के समाधान में भूमिका निभाने का मौका है। जियो पॉलिटिक्स में भारत ये सेतु के रूप में है जिसके अमेरिकी और रूसी दोने शक्ति केंद्र से मधुर संबंध हैं। ऐसे में पुतिन के इस नए कार्यकाल में भारत यूएन में अपनी स्थाई सदस्यता का लक्ष्य हासिल कर सकता है। पुतिन के जरिये चीन को साधा जा सकता है। नव-उदारवादी विचारधारा ने विश्व में अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है, हमें यह भी मानना होगा कि जब असमानता बड़े पैमाने पर होती है तो लोकतंत्र का स्वरूप भी बदलने लगता है। आधुनिक लोकतंत्र को नवीनीकरण की जरूरत है, वरना इस पर छिपी हुई निरंकुशता में ढक जाने का खतरा है।



विश्लेषण
अवधेश कुमार

# धनबल मुक्त चुनाव की दरकार

वास्तव में बाहुबलियों के प्रभाव से चुनाव काफी हद तक मुक्त हुआ है लेकिन धनबल का वर्चस्व बढ़ता गया है। हर चुनाव में देखा गया है कि अलग-अलग तरीकों से उम्मीदवार के लोग मतदाताओं तक धन पहुंचाने की कोशिश करते हैं। धनबल के प्रभाव पर आयोग ने चिंता व्यक्त की है तो यह सबकी जिम्मेदारी है कि आयोग और प्रशासन को सहयोग करते हुए चुनाव को धन के प्रभाव से मुक्त करने में सहयोगी बने। इसी तरह चुनाव आयोग ने फेक न्यूज़ को लेकर बात की है। सोशल मीडिया और कई बार मुख्य मीडिया के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से ऐसे झूठ फैलाए जाते हैं जो पहली दृष्टि में देखने पर लगते हैं सच ही होंगे।

चुनाव आयोग द्वारा मतदान तिथियों की घोषणा के साथ लोकसभा चुनाव की औपचारिक शुरुआत हो गई है। जैसा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विश्व के कई महाद्वीपों की जनसंख्या से ज्यादा हमारे देश के मतदाताओं की संख्या है। कुल मतदाताओं की संख्या 96.88 लाख करोड़ है। इस चुनाव में 10.5 लाख मतदान केंद्र होंगे जहां 55 लाख से ज्यादा इवीएम में लोग वोट डालेंगे। विश्व के किसी कोने के आम व्यक्ति को एहसास भी नहीं होगा कि इतना बड़ा चुनावी व्यवस्था और तंत्र कहीं संभव है। वास्तव में भारतीय संसद के निचले सदन लोकसभा चुनाव पर हमेशा से विश्व की दृष्टि रही है। विश्व के नेताओं और विश्लेषकों में आज भी ऐसे लोग हैं जो भारत के इतने बड़े चुनाव के शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हैं। स्वतंत्रता के बाद देश में 17 आम चुनाव तथा लगभग 400 विधानसभा के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अगर छोटे चुनावों को देखें तो 16 राष्ट्रपतियों एवं उपराष्ट्रपतियों का चुनाव भी इसी तरह संपन्न कराया जा चुका है।

निश्चित रूप से इसमें चुनाव आयोग की प्रमुख भूमिका होती है लेकिन राजनीतिक प्रतिष्ठान और मतदाताओं का अपनी व्यवस्था के प्रति सम्मान एवं अनुशासन नहीं हो तो यह संभव नहीं हो सकता। हम अपनी व्यवस्था , राजनीतिक दलों, मतदाताओं की सोच और व्यवहार की आलोचना करते हैं पर संसदीय लोकतंत्र का जो ढांचा, उससे जुड़ी हुई जो व्यवस्थाएं हमारे समक्ष उपस्थित हैं और विश्व समुदाय की प्रशंसा पाती हैं, वह इनके बगैर संभव नहीं हो सकता। इस चुनाव की विशेषता यह है कि पहली बार 1 करोड़ 82 लाख मतदाता पहली बार अपना वोट डालेंगे। 20 वर्ष से 29 वर्ष के बीच के मतदाताओं की संख्या 19 करोड़ 74 लाख है। इतनी बड़ी युवा आबादी किसी देश का भविष्य होती है और मतदान द्वारा भविष्य के सत्ता और विपक्ष की भूमिका तय करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

कोई भी व्यवस्था संपूर्ण रूप से दोषरहित नहीं होती। किंतु इतनी संख्या में मतदाताओं को संभालने के लिए लगभग 1.5 करोड़ चुनाव अधिकारी और सुरक्षा कर्मियों के साथ 2100 पर्यवेक्षकों की भूमिका होती है। कुल 3 लाख 40 हजार से अधिक सुरक्षा बल के जवान तैनात होंगे। लोकसभा चुनाव हम सबको अपने उत्तरदायित्वों का भान कराता ही है यह अवसर इसका भी अहसास कराता है कि जिन्हें हम हर स्तर पर सत्ता शीर्ष पर देखते हैं केवल उनकी ही भूमिका हमारी व्यवस्था तंत्र को आगे ले जाने और बनाए रखने में नहीं होती। भारी संख्या में लोग समय-समय पर इसमें योगदान करते रहते हैं। यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की संवेदनशीलता है जिसमें चुनाव आयोग यहां तक घोषणा कर चुका है और इसकी व्यवस्था भी है कि जो मतदाता मतदान केंद्रो तक पहुंचने की स्थिति में नहीं हैं वह घर से मतदान का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें उपलब्ध होगा। अगर कहीं एक मतदाता ऐसा होगा तो उसके भी मतदान की व्यवस्था कराई जाएगी। यह पहली बार होगा जब पचासी से अधिक उम्र और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांग वाले अपने घर से मतदान कर



सकेंगे। चुनाव आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के 82 लाख पंजीकृत मतदाता है, जबकि 2.38 लाख मतदाताओं की उम्र 100 वर्ष से अधिक है। यानी इन मतदाताओं ने देश का पहला आम चुनाव भी देखा होगा या इनमें से कुछ ने मतदान भी किया होगा। 88.35 लाख दिव्यांग मतदाताओं की संख्या है। व्यवस्था में कमियां हैं किंतु यही इनको लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अंग बनाने की तैयारी भी दिखाता है।

यही अप्रोच हमारे चुनाव प्रणाली को आज काफी सहज, सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने में प्रमुख कारण रहा है। अगर एप्रोच में संवेदनशीलता और स्पंदनशीलता नहीं हो तो न इतना ज्यादा मतदाता जागरूकता अभियान चलाने और न ही सुरक्षा से लेकर मतदान को भ्रष्टाचार व कदाचार से मुक्त रखने के लिए इतना भारी भरकम तंत्र उपयोग में लाया जाता। एक समय था जब भारत में महिलाओं का मतदान प्रतिशत कम होता था। किंतु अब यह स्थिति बदली है। विधानसभाओं से लेकर लोकसभा चुनावों में अनेक स्थानों पर मतदान करने वाली महिलाओं की संख्या ज्यादा रही है। वैसे भी 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से ज्यादा हो गई है। यानी महिलाओं में भी स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराने की जागरूकता बढ़ी है। इसकी कल्पना काफी पहले नहीं थी। चुनाव आयोग के आंकड़े बताते हैं कि लगातार आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है। यह सब यूं ही नहीं हुआ है। चुनाव आयोग और अन्य संस्थाएं मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हैं तो इसके साथ अगर मतदाताओं को अपनी सुरक्षा का विश्वास नहीं हो तो काफी संख्या मतदान केंद्रों तक नहीं जाएंगे। देश में जब राजनीति के अपराधीकरण का दौर था, बाहुबली मत लूटते थे, हत्या तक करते थे तब काफी संख्या में आम लोग मतदान करने से दूर रहते थे। यह स्थिति बदल गई है। इनमें चुनाव आयोग, न्यायपालिका मीडिया सबकी भूमिका है। किंतु राजनीतिक दलों को अलग कर दें तो इसका विश्लेषण पूरा नहीं होगा। दलों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को अपने यहां स्थान दिया, उनको महत्व दिया, टिकट दिया, विधायक व सांसद से लेकर मंत्री तक बनाया। किंतु दूसरी ओर दलों ने उनके विरुद्ध आवाज़ भी उठाई और अनेक दलों ने धीरे-धीरे ऐसे लोगों को अपने यहां महत्व देना कम किया है। चुनाव आयोग ने कई बातें कहीं हैं जो हम सबके लिए चिंता का विषय होना चाहिए। इस बात पर चिंता व्यक्त किया है कि पिछले विधानसभा चुनावों में 3400 करोड़ अवैध धन पकड़े गए। यह बहुत बड़ी राशि है और लोकसभा चुनाव में भी न जाने कितने करोड़ पकड़े जाएंगे। वास्तव में बाहुबलियों के प्रभाव से चुनाव काफी हद तक मुक्त हुआ है लेकिन धनबल का वर्चस्व बढ़ता गया है। हर चुनाव में देखा गया है कि अलग-अलग तरीकों से उम्मीदवार के लोग मतदाताओं तक धन पहुंचाने की कोशिश करते हैं। धनबल के प्रभाव पर आयोग ने चिंता व्यक्त की है तो यह सबकी जिम्मेदारी है कि आयोग और प्रशासन को सहयोग करते हुए चुनाव को धन के प्रभाव से मुक्त करने में सहयोगी बने। इसी तरह चुनाव आयोग ने फेक न्यूज़ को लेकर बात की है। सोशल मीडिया और कई बार मुख्य मीडिया के माध्यम से अलग-अलग तरीकों से ऐसे झूठ फैलाए जाते हैं जो पहली दृष्टि में देखने पर लगते हैं सच ही होंगे। किसी आरोप में ऐसे झूठे आंकड़े और तथ्य होते हैं तथा स्रोत तक लिख दिए जाते हैं जिनका कोई अता-पता नहीं होता। इसी तरह जातीय सांप्रदायिक वोटों के ध्रुवीकरण की दृष्टि से भी झूठ समाचार फैलाने की लगातार कोशिश होती है। इन सब पर दृष्टि रखना, इसके पीछे के लोगों को पकड़ना तथा इन्हें नियंत्रित करना अत्यंत कठिन कार्य है। इसमें आम मतदाताओं का सहयोग आवश्यक होता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

परिवर्तन
विवेक शुक्ला



# पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर लौटता गोवा

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है पर गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने क्लचरल डीएनए पर नाज कर रहा। गोवा का यह नाज वहां के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के संकल्प के साथ और मजबूत हुआ है। उन्होंने गोवा के पर्यटन को आध्यात्मिक राष्ट्रवाद का नया टैंपलेट दिया है।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है, पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आहवान किया था। गोवा के लोग लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ. लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है।

गोवा भारतीय आस्था और पंरपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं। बेशक,डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भाजपा की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। इतिहास बताता है कि गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निमाण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता। गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 फीसद जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 फीसद है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूढ़ते हैं दोष



संकलित
दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन




आज की पाती

### सूर्योदय योजना से बिजली क्षेत्र में आएगा सुधार

मोदी सरकार की सूर्योदय योजना देश में बिजली की किल्लत को दूर करने वाली योजना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सौभाग्य योजना को शुरू किया है जिसका उद्देश्य देश के दूरदराज के गांवों तक हर घर बिजली पहुंचाना है, लेकिन जब बिजली का उत्पादन ही कम होगा तो यह योजना कैसे अपनी मंजिल तक पहुंचेगी? अगर सरकार सूर्योदय योजना पर गंभीरता से काम करे तो देश के दूरदराज के गांवों तक भी बिजली सुविधा उपलब्ध हो सकती है। हमारे देश में अभी भी बिजली संकट का सामना कुछ राज्यों को करना पड़ता है, खासतौर पर गर्मियों में।

- **सूरज कुमार मिश्रा**, भिलाई

करंट अफेयर

## इजराइल के लोग तय करेंगे कब चुनाव हो

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ विनाशकारी युद्ध के बीच अपने नेतृत्व के खिलाफ अमेरिका की बढ़ती आलोचना पर रविवार को पलटवार किया और नए सिरे से चुनाव के आह्वान को पूरी तरह से अनुचित बताया। हाल के दिनों में अमेरिकी सीनेट के बहुसंख्यक नेता चक शूमर ने इज़राइल से नए सिरे से चुनाव कराने का आह्वान करते हुए कहा था कि नेतन्याहू रास्ता भटक चुके हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शूमर के भाषण का समर्थन किया था। इससे पहले बाइडेन गाजा में बड़ी संख्या में नागरिकों की मौत को लेकर नेतन्याहू पर इजरायल को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था।



नेतन्याहू ने टीवी चैनल 'फॉक्स' न्यूज को बताया कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद इज़राइल ने कभी भी नए सिरे से अमेरिका में चुनाव कराने का आह्वान नहीं किया होगा। उन्होंने शूमर की टिप्पणियों को अनुचित बताया। उन्होंने कहा 'हम कोई साधारण गणराज्य नहीं हैं। इज़राइल के लोग तय करेंगे कि उनके यहां चुनाव कब होंगे और वे किसे चुनेंगे और यह कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे हम पर थोपा जाएगा।' सीएनएन द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या वह युद्ध समाप्त होने के बाद नए चुनाव के लिए प्रतिबद्ध होंगे, नेतन्याहू ने कहा 'मुझे लगता है कि यह इजराइली जनता को तय करना है।'

ऑफ बीट

## ऑनलाइन स्वास्थ्य दावों को मिल रहा है बढ़ावा

'मैं बोरेक्स पीता हूँ!' टिकटॉकर मुस्कुराते हुए यह घोषणा करती है। लॉन्ड्री एडिटिव का एक डिब्बा हाथ में लेते हुए, वह इसके कथित स्वास्थ्य लाभों की एक सूची बताती है: 'टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन को संतुलित करता है। यह एक पावरहाउस प्रदाह रोधी है... यह गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस के लिए अद्भुत है... और जाहिर तौर पर यह आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है।' इस तरह के वीडियो ने स्वास्थ्य अधिकारियों को जनता को इस जहरीले डिटर्जेंट के सेवन के खतरों के बारे में चेतावनी देने के लिए प्रेरित किया – और ऐसे वायरल संदेशों से दूर रहने को कहा जो निराधार और चिकित्सकीय रूप से खतरनाक स्वास्थ्य दावों को बढ़ावा देते हैं। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी तेजी से ऑनलाइन साझा की जा रही है, और अक्सर वैध स्वास्थ्य विशेषज्ञता और छद्म विज्ञान के बीच की सीमाएं स्पष्ट नहीं हैं। जबकि इंटरनेट स्वास्थ्य के बारे में जानने का एक मूल्यवान और सुलभ तरीका हो सकता है, यह दुष्प्रचार और भ्रष्टाचार से भरा एक स्थान भी है, क्योंकि बेईमान प्रभावशाली लोग अपने शरीर के बारे में लोगों के डर का फायदा उठाते हैं। कोई व्यक्ति जो मानव शरीर के बारे में अधिक जानना चाहता है वह जानकारी कैसे पहचानेगा? बुरी सलाह को अच्छी सलाह से कैसे अलग करेगा?



ट्रेंड

### पुतिन को बधाई



पुतिन की जीत रूस के लोगों के उनके प्रति समर्थन को दर्शाती है। उनको बधाई, हाल के वर्षों में रूस के लोगों के बीच एकजुटता बढ़ी है, चुनौतियों का बखूबी से सामना किया है और देश के विकास और पुनरोद्धार की दिशा में लगातार प्रगति की है।

**-शी चिनफिंग, राष्ट्रपति, चीन**

### ऑनलाइन मतदान



वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग व्यक्तियों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़े लोगों को ऑनलाइन मतदान की सुविधा प्रदान कर इस सेवा की शुरुआत की जानी चाहिए। राजनीतिक दल भौतिक सार्वजनिक बैठकों की संख्या में कटौती करने की संभावना पर विचार करें।

**- टी.एस. कृष्णामूर्ति, पूर्व सीईसी**

### प्रशासन ने विघ्न डाला



हम लोकसभा चुनावों के साथ ही (विस) चुनाव भी चाहते थे लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। जम्मू कश्मीर के मौजूदा प्रशासन ने चुनाव कराने में विघ्न डाला क्योंकि वे जनता को दोबारा सत्ता नहीं सौंपना चाहते। वे बेताज बादशाहों की तरह शासन कर रहे हैं।

**-उमर अब्दुल्ला, पूर्व सीएम**

### नवाज किंगमेकर



एमएनएस (मियां नवाज शरीफ) की उस कोठरी को देखना भावनात्मक क्षण है, जहां तीन बार के प्रधानमंत्री को रखा गया था। नवाज आज 'किंगमेकर' हैं जबकि उनके उत्पीड़क कहीं नहीं हैं।

**-मरयम नवाज़, सीएम, पाक पंजाब**

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राहुल के 'शक्ति' वाले बयान पर भड़के मोदी, मैं इसके लिए जान की बाजी लगा दूंगा

तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। तेलंगाना के जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं।



**एजेंसी ▶▶ हैदराबाद/बेंगलुरु**

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है। तमिलनाडु और केरल में रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना पहुंचे। जगतियाल में सोमवार को उन्होंने एक बैठक को संबोधित किया। बैठक में पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने राहुल गांधी के शक्ति वाले बयान पर भी पलटवार करते हुए कहा कि उनके लिए हर मां और बेटी शक्ति का रूप है और वह उनकी पूजा करते हैं।

इंडि गठबंधन पर निशाना साधते हुए पीएमने कहा कि मुंबई में एक रैली की। चुनाव के नतीजों की घोषणा होने के बाद यह उनकी पहली और सबसे महत्वपूर्ण रैली थी। उन्होंने कहा कि मेरे लिए हर मां, बेटी, बहन शक्ति का रूप है। मैं शक्ति के रूप में उनकी पूजा करता हूं। मैं भारत माता का पुजारी हूं। उनके घोषणापत्र में शक्ति को खत्म करने की बात कही गई, लेकिन मैं इस चुनौती को स्वीकार करता हूं। मैं जान की बाजी लगा दूंगा।

## तेलंगाना में पीएम ने भरी हुंकार

- जगतियाल में पीएम मोदी ने राहुल के बयान पर कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी
- कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर किया पलटवार कांग्रेस की दशा दिशा को बताया

## लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा दक्षिण में अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी



### चंद्रयान का नाम भी शिवशक्ति रखा

पीएम मोदी ने कहा, क्या कोई शक्ति की विनाश के बारे में बात कर सकता है? हमने चंद्रयान मिशन की सफलता को उस बिंदु का नाम देकर समर्पित किया जहां चंद्रयान उतरा था। हमने उस बिंदु को शिव शक्ति का नाम दिया था। यह लड़ाई शक्ति को नष्ट करने वालों और शक्ति की पूजा करने वालों के बीच है। मुकाबला चार जून को हो जाएगा।पीएम मोदी ने बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव शुरू हो चुका है और 13 मई को तेलंगाना के मतदाता इतिहास लिखेंगे।

### आपका वोट 5 बड़े फैसले देगा

पीएम ने कहा, शिवमोगा में कई ऐसे विकासकार्य किए गए जिससे यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। अगले 5 साल देश उन फैसलों का गवाह बनेगा जो पहले कभी नहीं हुए। अ गरीब-कल्याण की योजनाएं 100 फीसदी लोगों को तक पहुंचेगी। अगले 5 सालों में युवाओं के लिए अवसर के नए द्वार खुलेंगे। ये रास्ता आपके वोट से पक्का होगा।

**शिवमोगा की रैली में विपक्ष पर बरसे**

### कांग्रेस का हथकंडा... बार-बार झूठ बोलो

पीएम ने कर्नाटक के शिवमोगा में एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता विकास, गरीब कल्याण और सामर्थ्यवान भारत है। कांग्रेस के पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है इसलिए वह तरह-तरह के हथकंडे आजमाती है। उसका पहला हथकंडा है बार-बार झूठ बोलो। सुबह शाम झूठ बोलो। अपने झूठ को ढंकने लिए नए झूठ बोलो, लेकिन जब पकड़े जाओ तो उसका ठीकरा दूसरे पर फोड़ दो। कांग्रेसी बड़े झूठ बोलने में एक्सपर्टहैं। कांग्रेस का केवल एक ही इरादा है लूटना और जेब भरना।

### जनता इस बार कांग्रेस को चुन-चुन कर साफ करे

कर्नाटक की जनता इस बार के लोकसभा में कांग्रेस को चुन-चुन कर साफ कर देना चाहिए। आप अपने वोट से कांग्रेस के विभाजनकारी मंसूबों को ध्वस्त करना है। कांग्रेस की नीतियों की वजह से गरीब और गरीब होता गया, कंगाल होता गया। कांग्रेस ने हमेशा देश के गरीब को मूल सुविधाओं से दूर रखा। पिछले 10 साल में भारत के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए हैं। ये इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने गरीबों की समस्याओं पर फोकस किया।

### वंचित समुदाय की सेवा कर रही भाजपा

पीएम मोदी ने कहा, ये जो लाखों-करोड़ों लोगों को हमारी योजनाओं का फायदा मिला है। उसमें एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। पिछली बार मैं यहां शिवमोगा एयरपोर्ट का उद्घाटन करने आया था. वंचित समुदाय की सेवा के प्रति भाजपा लगातार समर्थित है।आजाद भारत के इतिहास में भाजपा ही वो पार्टी है जिसने एससी और एसटी समुदाय के लोगों का राष्ट्रपति बनाया है।

**कर्नाटक में समझाया गणित**

### इसलिए चाहिए अबकी बार 400 पार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए 400 पार, विकसित कर्नाटक के लिए 400 पार, गरीबी कम करने के लिए 400 पार, आतंक पर प्रहार करने के लिए 400 पार, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई के लिए 400 पार, किसानों की समृद्धि के लिए 400 पार, युवाओं को नए अवसर के लिए 400 पार, अबकी बार 400 पार। दूसरी तरफ भ्रष्टातार और तुष्टिकरण में डूबे इंडि गठबंधन की नींद उड़ गई होगी। वे बेवजह की बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे। कुछ भी बक रहे हैं।

**शक्ति' वाले बयान पर राहुल ने दी सफाई**

### मेरी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे पीएम मोदी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर अपने शक्ति वाले बयान का स्पष्टीकरण जारी करते हुए लिखा कि पीएम मोदी उनकी बातों का गलत मतलब निकाल रहे हैं। मोदी जी को मेरी बातें अच्छी नहीं लगतीं। किसी न किसी तरह उन्हें घुमाकर वह उनका अर्थ हमेशा बदलने की कोशिश करते हैं। राहुल ने शक्ति के विषय में श्पष्टीकरण भी दिया।

### राहुल का रोने वाला बयान बेबुनियाद मैं सोनिया से कभी नहीं मिलाः चह्वाण

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़ने से पहले 'सोनिया गांधी के सामने रोने' के राहुल गांधी के दावों 'बेबुनियाद' और 'तथ्यात्मक रूप से गलत' बताया है। चव्हाण ने कांग्रेस नेता के बयान को 'राजनीतिक स्टंट' बताया है। चव्हाण का कहना है कि राहुल ने कोई नाम नहीं लिया है, लेकिन यदि वे मुझ पर कोई टिप्पणी करना चाहते हैं। यह भी झूठ है।

### डीएमके और एमडीएमके में हुआ गठबंधन



एमडीएम के सांसद वाइको ने बताया है कि डीएमके-एमडीएमके के बीच गठबंधन हो गया है। तमिलनाडु कांग्रेस अध्यक्ष सेल्वापेरुंथगाई ने बताया कि सीएम स्टालिन ने हमें 10 सीटें दी हैं। हम सभी 39 सीटों और एक पुडुचेरी की सीट पर भी बड़े अंतर से जीत दर्ज करेंगे।

**दक्षिण के 5राज्यों की 129 सीटें होंगी इस चुनाव में निर्णायक**

आम चुनावों में इस बार पांच दक्षिण भारतीय राज्यों की 129 सीटों की भूमिका अहम हो गई है। एक तरफ भाजपा अपने मिशन 370 में इन सीटों पर बड़ी जीत हासिल करने की तैयारी कर रही है, वहीं कांग्रेस को दक्षिण से बड़ी उम्मीदें हैं, इसके अलावा डीएमके, वाईएसआर, बीआरएस, माकपा जैसे क्षेत्रीय दल भी अपना क्षेत्रीय वर्चस्व बचाए रखने में जुटे हैं।

**एनडीए में बनी बात**

### भाजपा 17 तो जेडीयू 16 सीटों पर लड़ेगी



बिहार एनडीए के अंदर सीट शेयरिंग को लेकर बात बन गई है। बिहार में भाजपा 17, जेडीयू 16, लोजपा रामविलास 5 और उपेंद्र कुशवाहा 1 और जीतन राम मांझी 1 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। भाजपा नेता विनोद तावड़े, सम्राट चौधरी, मंगल पांडे, जेडीयू नेता संजय झा आदि थे।

**'शक्ति' पर सियासी संग्राम**

### राहुल नारी शक्ति के खिलाफ : पूनावाला



भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल नारी शक्ति के खिलाफ हैं। इंडि गठबंधन के कई नेताओं ने कहा है कि हिंदू धर्म धोखाधड़ी है। रामचरितमानस पोटेशियम साइनाइड है। भगवान राम के अस्तित्व को नकारने से लेकर शक्ति के बारे में बयान देने तक, कांग्रेस पार्टी का हिंदू घृणा का एक लंबा इतिहास है।

### भारत को विदेशी नजरों से देख रहे राहुलः चुघ



भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कहा कि राहुल भारत को इटली से आए एक विदेशी की नजर से देखते हैं। वे देश को बदनाम करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वे कभी सेना का अपमान करते हैं, कभी धर्म का अपमान करते हैं। देश की संस्थाओं का अपमान करते हैं।

### राहुल हिंदू धर्म के खिलाफ हैः आचार्य प्रमोद



पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि राहुल को खुद नहीं पता कि वह किस बारे में बात कर रहे हैं, उन्हें यह भी नहीं पता कि वह ऐसा क्यों कह रहे हैं, वह बस कहते हैं। राहुल गांधी को नहीं पता कि 'शक्ति' और 'भक्ति' क्या है? उनके साथ कुछ लोग हैं जो उन्हें बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं। वे उन्हें एक कागज का टुकड़ा देते हैं और वह उसे पढ़ते रहते हैं। क्या वे हिंदू धर्म के खिलाफ हैं या भाजपा के खिलाफ हैं?

## खबर संक्षेप

### सिसोदिया पर सुनवाई कुछ बड़े भी होंगे अरेस्ट

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले के आरोपी आप नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई हुई है।



सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया। सीबीआई ने विरोध करते हुए कहा कि कुछ हाई प्रोफाइल लोग गिरफ्तार हो सकते हैं। जांच चल रही है और आरोपी इसको नुकसान पहुंचा सकता है। मनीष के वकील ने कहा कि कोर्ट कार्रवाइयों में काफी देर हो रही है।

### साबरमती आगरा की 4 बोगियां पटरी से उतरीं

**अजमेर।** राजस्थान में साबरमती-आगरा कैंट ट्रेन (गाड़ी संख्या 12548) की 4बोगियां पटरी से



उतरा गई। ये हादसा सोमवार रात 1 बजे अजमेर में मदार स्टेशन के पास हुआ है। इंजन समेत ट्रेन के जनरल डिब्बे पटरी से उतर गए।रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बेपटरी हुए कोच व इंजन को पटरी पर लाने का रेस्क्यू शुरू किया गया। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है।

### सत्येंद्र को जाना होगा जेल, सरेंडर किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत वाली



याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया है। जैन की सभी याचिकाएं खारिज कर दी गई हैं। अब उन्हें सरेंडर करना होगा। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने यह आदेश दिया है। इस बीच खबर है कि उन्होंने सरेंडर कर दिया है।

**भारत मंडपम में किया जा रहा आयोजन, नई दिशा मिलेगी**

# उद्यमिता को बढ़ावा देने को तीन दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ का दिल्ली में आगाज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

स्टार्टअप क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय स्टार्टअप महाकुंभ सोमवार से नई दिल्ली,भारत मंडपम में शुरू होने जा रहा है। यह कार्यक्रम 18 से 20 मार्च तक किया जाएगा।



कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग,ई-स्पोर्टस,फिनटेक,साथ ही इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए सेक्टर-विशिष्ट मंडप शामिल किए जाएंगे। स्टार्टअप महाकुंभ का लक्ष्य उद्यम पूंजीपतियों, निवेशकों और संभावित कॉर्पोरेट भागीदारों सहित विभिन्न प्रकार के हितधारकों को एक साथ लाकर स्टार्टअप के क्षेत्र में नई दिशा देना है।

**(एआई), बी2बी, एग्रीटेक, डीपटेक, क्लाइमेट टेक, गेमिंग, ई-स्पोर्टस,फिनटेक, इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर होंगे शामिल**

### तीसरा बड़ा आयोजन, 50 हजार बिजनेस विजिटर आएंगे



सिंह ने बताया कि भारत में यह तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप आयोजन है और हर दिन बड़ी तादात में स्टार्टअप इस सूची में जुड़ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के भाग लेने की उम्मीद है। इस मेगा इवेंट में 2 हजार से अधिक स्टार्टअप, तीस हजार भावी उद्यमी, 50 हजार बिजनेस विजिटर, हजारों निवेशक और दस देशों के 500 से अधिक इनक्यूबेटर और प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। भारत स्टार्टअप और उद्यमिता को एक वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

### 1000 स्टार्टअप दिखाएंगे अपना इनोवेशन

महाकुंभ' में 1,000 से अधिक स्टार्टअप , 1,000 से अधिक निवेशक , 5,000 भावी उद्यमी और 40 हजार आगंतुक भाग लेंगे। 34 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप नैसकॉम पवेलियन में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपनी भूमिका को बताने महिला नेता भी भाग लेंगी।

**20देशों के प्रतिनिधि आएंगे**

इस कार्यक्रम में दो हजार से अधिक स्टार्टअप, एक हजार से अधिक निवेशक, 300 इनक्यूबेटर, तीन हजार सम्मेलन प्रतिनिधि, 20 से अधिक देश के प्रतिनिधि होंगे।

### यह पिछले आयोजनों से 100 गुना अधिक बढ़ा

सिंह ने कहा कि यह आयोजन इस तरह के पिछले किसी भी आयोजन के मुकाबले 100 गुना अधिक बड़ा है। नीति संवाद इस आयोजन का एक छोटा सा हिस्सा होगा। यह स्टार्टअप की खुशी मनाने, सफलता का प्रदर्शन करने के लिए है। सरकार इस आयोजन के लिए पीछे से एक बड़ी भूमिका निभा रही है। इस कार्यक्रम को एसोचैम, नैसकॉम, बूटस्ट्रैप इनक्यूबेशन एंड एडवाइजरी फाउंडेशन, टीआईई और इंडियन वेंचर एंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन मिलकर आयोजित कर रहे हैं। इस आयोजन को उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग , एमईआईटीवाई स्टार्टअप हब (एमएसएच) और इन्वेस्ट इंडिया का भी समर्थन प्राप्त है।

**सुप्रीम कोर्ट ने दिया फैसला**

# कांग्रेस के बागी विधायकों की अयोग्यता का फैसला बरकरार

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश के 6 बागी कांग्रेस विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश के बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। बागी नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने मामले को अदालत में पेश किया।

सुप्रीम कोर्ट ने बागी नेताओं की उन्हें अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने बागी नेताओं



को अयोग्य ठहराने के विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। साथ ही वोट देने या सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने से भी इनकार कर दिया। मामले की सुनवाई 6 मई को होगी। दोनों को पक्षों को 4सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करना होगा। विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है।

# ट्राई ने जारी की नई गाइडलाइन, उसी नंबर का नया सिम लेने में लगेंगे 7 दिन

## नए नियम एक जुलाई से होंगे लागू

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

टेलीकॉम रेगुलरेटरी ऑथरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने देश के सभी मोबाइल यूजर्स के लिए नई गाइडलाइन जारी की है। यह गाइडलाइन वास्तव में मोबाइल नंबर पोर्टेबलिटी के लिए है। ट्राई ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से नए नियम के बारे में जानकारी दी है जो कि 1 जुलाई से देशभर में लागू होंगे। ट्राई के मुताबिक नए नियमों की मदद से सिम स्वैप, साइबर फ्रॉड और ऑनलाइन ठगी पर लगाम लगाया जा सकेगा।

ट्राई के नए नियम के मुताबिक यदि आप अपने सिम को स्वैप कराते हैं यानी उसी नंबर से नया सिम लेते हैं तो नंबर को तुरंत पोर्ट कराना संभव नहीं होगा। सिम स्वैप के 7 दिन बाद ही पोर्ट कराया जा सकेगा। आए दिन किसी और के नाम पर नया सिम निकलवाकर लोगों के साथ ठगी की जा रही है। सिम स्वैपिंग स्कैम भी देश में खूब रहा है लेकिन नए नियम से इसे रोकने




में मदद मिलेगी। ट्राई ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी रेगुलशनको भी जारी किया है जिसमें यह नियम है।

### 7 दिन तक नेटवर्क में पोर्ट नहीं

यदि आपने नया सिम कार्ड लिया है तो सात दिन तक आप उसे किसी अन्य नेटवर्क में पोर्ट नहीं करा सकेंगे। ट्राई ने नई गाइडलाइन सिम स्वैपिंग से होने वाले फ्रॉड को लेकर जारी की है।

एमएनपी की सुविधा पहली बार 2009 में दी गई थी। इससे आप फोन नंबर बदले बिना एक-दूसरे नेटवर्क में स्विच कर सकते हैं। इसके लिए आपको उस नंबर से एक मैसेज भेजना होगा।

**नमाज के दौरान हनुमान चालीसा बजाने पर बवाल**

# दुकानदार को पीटा, 6 पर मामला किया दर्ज और 3 लोग गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित नगराथपेट में एक दुकानदार की लोगों ने पिटाई कर दी। मुकेश नाम के दुकानदार ने आरोप लगाया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने उसकी इसलिए पिटाई की क्योंकि नमाज के दौरान वह



दुकान में हनुमान चालीसा सुन रहा था। इस मामले में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह घटना रविवार को नगराथपेट शहर के सिद्दन्ना लेआउट इलाके में हुई।


## गुमशुदा/अपहृत लड़की की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम रीता D/o वेद पाल R/o फ्लैट नंबर 445, गेट नंबर 2, लाल फ्लैट बवाना, दिल्ली उम्र 17 साल जो कि 28.02.2024 को करीब दोपहर 2 बजे अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत FIR No.193/24 u/s 363 IPC दिनांक 28.02.2024 थाना बवाना, दिल्ली में दर्ज है।



रीता

इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:
रंगः गोरा, कदः 5', चेहराः लम्बा, शरीरः पतला,
जिसने सफेद रंग का सूट, काले रंग की पैंट और जूते पहनी है।
अगर किसी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष बवाना, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/-
थानाध्यक्षः बवाना, दिल्ली
फोनः 011-27751949
मो.: 7065036321

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./3103/बाहरी उत्तर/2024

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/नई दिल्ली के अंतर्गत एसएसई/वर्क्स नई दिल्ली में वीडीसी फर्श के साथ सिकलाइन एप्रोच रोड का पुनर्निर्माण जिसमें जल निकासी प्रणाली में सुधार और दिव्यांग सुविधाओं सहित पुरुष/महिला शौचालय परिसर का निर्माण, कोच केयर सेंटर के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान, ईओजी शेड, लेथ मशीन शेड आदि शामिल हैं ताकि एनजीटी दिशानिर्देशों के अनुसार जल स्तर को रिचार्ज किया जा सके, चारदीवारी पर क्रश एंटीना बाड़ लगाने के प्रावधान सहित आरसीसी के साथ सिकलाइन सीमा दीवार की मरम्मत और अन्य संबद्ध कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.2,28,03,565.05/- (मात्र दो करोड़ अटठाईस लाख तीन हजार पांच सौ पैंसठ रुपये और पांच पैसे) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,64,000/- (दो लाख चौसठ हजार रुपये) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.04.2024 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 20426203 |

- ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/89-2023-24/डब्यू-3
दिनांक : 18.03.2024
865/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नजदीक आई जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम की डेडलाइन, 31 मार्च है आखिरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष समाप्त होने में अब कुछ ही दिन बचे हुए हैं। 31 मार्च 2024 को चालू वित्त वर्ष के साथ-साथ कई जरूरी काम की डेडलाइन भी समाप्त हो रही है। उनमें से एक है जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम की डेडलाइन। मौजूदा जीएसटी टैक्सपेयर 31 मार्च तक वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम को चुन सकते हैं।

■ दूसरी बार मौका हर नए वित्त वर्ष की शुरुआत में मिलता है

अप्रत्यक्ष कर का भुगतान करने के दायरे में आने वाले टैक्सपेयर्स को जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम चुनने का दो बार मौका मिलता है। टैक्सपेयर्स के पास पहला मौका तब होता है, जब वह जीएसटी का रजिस्ट्रेशन करा रहे होते हैं। जो टैक्सपेयर फ्रेश जीएसटी रजिस्ट्रेशन के समय जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम नहीं चुन पाते हैं, उनके पास दूसरी बार मौका हर नए वित्त वर्ष की शुरुआत में मिलता है।

## जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम चुनने का दो बार मिलता है मौका

### जीएसटी पोर्टल से कर सकते हैं फाइल

अगले वित्त वर्ष के लिए जो टैक्सपेयर जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम को चुनना चाहते हैं, उन्हें इसके लिए एक इलेक्ट्रॉनिक इंटिमेशन फाइल करना होगा। इलेक्ट्रॉनिक इंटिमेशन को फॉर्म सीएमपी-02 में फाइल किया जा सकता है। इसे एक ही बार फाइल करने की जरूरत होती है, उसके बाद वह टर्नओवर के लिमिट से ऊपर निकल जाने तक वैलिड बना रहता है। टैक्सपेयर जीएसटी पोर्टल के माध्यम से इसे फाइल कर सकते हैं।




### क्या है जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम?

जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम के तहत टैक्सपेयर्स को सिम्पलीफाइड टैक्स स्ट्रक्चर का लाभ मिलता है। इसका लाभ उठाने वाले टैक्सपेयर्स के लिए सालाना टर्नओवर की ऊपरी सीमा तय की गई है। जब तक टर्नओवर ऊपरी सीमा से ज्यादा नहीं हो जाता है, टैक्सपेयर जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम का फायदा उठाते रह सकते हैं, बशर्ते वे खुद स्कीम से ऑप्ट आउट नहीं करते हैं।

### अगले महीने से शुरू होगा नया वित्त वर्ष

नए वित्त वर्ष की शुरुआत हर साल अप्रैल महीने से होती है। अभी वित्त वर्ष 2023-24 चल रहा है, जो 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाला है। उसके बाद 1 अप्रैल 2024 से वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में उन टैक्सपेयर्स के पास नए वित्त वर्ष के लिए जीएसटी कम्पोजिशन स्कीम चुनने का मौका अब 31 मार्च तक ही है, जिनका जीएसटी रजिस्ट्रेशन पहले से हुआ है।

## सोने में मामूली गिरावट चांदी 100 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 10 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 100 रुपये की गिरावट के साथ 77,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमत (24 कैरेट) 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम रहीं, जो पिछले बंद भाव से 10 रुपये कम है।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,156 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से अपरवर्तित रुख को दर्शाता है।

## बीमा क्षेत्र में नौ साल में आया 54,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। जोशी ने कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था।


## जॉब

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782

## ज्योतिष

मात्र 5 घंटे में घर बैठे समाधान
21 सालो के तर्जुबेकार
लाखो-करोड़ो लोगो का कार्य करने वाले
तंत्र-मंत्र के सम्राट
मिया मूसा जी
Gold Medalist
प्यार एवं कारोबार में चोट खाये तुरन्त फोन करें।
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, ग्रहक्लेश, मनचाहा प्यार, किया कराया, कारोबार रुकावट, तलाक, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, शादी में रुकावट, लवमैरिज A to Z समाधान।
अगर किसी का पति, प्रेमी या बेटा-बेटी किसी के वश में हो तो अवश्य फोन करें।
9878685639

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## डीपीआईआईटी सचिव सिंह ने दी स्टार्टअप कुंभ में जानकारी

# सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति अंतर मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सिंह ने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिये ऐसा किया जा सकता है।

### स्टार्टअप नीति जल्द लाई जाएगी

सिंह ने कहा, 'भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा। हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे।'

### भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही






### पीएमएसटीआईएसी ने दिया था प्रस्ताव

प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी।

■ स्वयं के लाभ के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए

■ इस नीति से हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे

### वित्त पोषण से जरूरी काम मिलना

सिंह ने कहा कि स्टार्टअप को वित्तपोषण से ज्यादा सरकार से काम मिलने की जरूरत होती है और गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) इस जरूरत को पूरा कर रहा है। सिंह ने सरकारी विभागों में रक्षा मंत्रालय के आईडेक्स (रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार) मॉडल को लागू करने का भी आह्वान किया।

### इस साल 8-12 अरब डॉलर जुटाने की तैयारी

उद्यम पूंजी फर्म पीक एक्सवी के प्रबंध निदेशक राजन आनंदन ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्टार्टअप इस साल 8-12 अरब डॉलर जुटा सकते हैं। उन्होंने यहां आयोजित स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि देश का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र दुनिया में सबसे जीवंत है।

### 20 अरब डॉलर की पूंजी बिना निवेश पड़ी है

आनंदन ने कहा कि लगभग 20 अरब अमेरिकी डॉलर की निजी पूंजी बिना निवेश के पड़ी है और वह भारत में निजी फर्मों और स्टार्टअप में निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि 2021 से पहले भारतीय स्टार्टअप में निवेश की राशि लगभग 8-10 अरब डॉलर थी, जो 2021 और 2022 में संयुक्त रूप से बढ़कर 60 अरब डॉलर हो गई।

### हर साल 10 अरब डॉलर का वित्त पोषण पर्याप्त

आनंदन ने कहा, 'पिछले साल यह सात अरब डॉलर थी, जिसे लोगों ने कम कहा। यह शून्य भी हो सकती थी, क्योंकि छह साल का वित्त पोषण दो साल में मिल गया था। इस साल हम 8-10 या 12 अरब डॉलर की राह पर हैं।' उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हर साल 10 अरब डॉलर या लगभग 80,000 करोड़ रुपये का वित्त पोषण पर्याप्त है।

### 20 स्टार्टअप शेयर बाजार में सूचीबद्ध

आनंदन ने कहा कि आज भारत में करीब 20 स्टार्टअप हैं, जो शेयर बाजार में सूचीबद्ध हैं और अगले 7-8 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 100 तक पहुंचने की उम्मीद है।

# बीमा क्षेत्र में नौ साल में आया 54,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। वित्तीय सेवा सचिव ने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस



■ वित्तीय सेवा सचिव जोशी ने कहा, मानदंड़ों को उदार बनाया गया

■ एफडीआई की सीमा को 26 से बढ़ाकर 74 फीसदी किया गया

अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया। बीमा कंपनियों के प्रबंधन-अधीन परिसंपत्तियां 2013-14 में 21.07 लाख करोड़ रुपये थी जो लगभग तीन गुना होकर 60.04 लाख करोड़ रुपये हो गईं।


## NAME CHANGE

I, Abhishek Garg R/o B-3/40, Ashok Vihar, Phase-2, Delhi-110052 have changed my minor son's name from Tejeishth Garg to Tejisht Garg for all purposes.

## PUBLIC NOTICE

I, Sneh Chadha W/o Arun Kumar Chadha R/o B-476, First floor, Meera Bagh, Pashchim Vihar, New Delhi-110063 have purchased a property bearing unit no. B1/2206 in Romano, Sector- 118, Noida, Gautam Buddha Nagar. I have lost the original allotment letter of the above said property. I have requested M/s Supertech Limited. to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Suprtech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida 201303 UP, Within 15 Day.


## पतंजलि अनुसंधान संस्थान में आज 'जिज्ञासा' कार्यक्रम संपन्न

**हरिद्वार।** पतंजलि अनुसंधान संस्थान में आज 'जिज्ञासा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां देशभर के छात्र-छात्राओं तथा वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. निर्मल कुमार अवस्थी (अध्यक्ष, परंपरागत ज्ञान एवं वनौषधि विकास फाउंडेशन) तथा डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय (पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ सुशील उपाध्याय ने परंपरागत औषधीय ज्ञान तथा वनौषधि के संरक्षण, संवर्धन पर जोर दिया और कहा,“ जनजाति समूह के ज्ञान परंपरा, तथा औषधीय पादपो का संरक्षण व संवर्धन आज की प्राथमिकता होनी चाहिए।” कार्यक्रम के समापन के अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने संबोधित करते हुए पतंजलि द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। विश्व भेषज संहिता, सौमित्रेय संहिता सहित औषधीय पादप म्यूजियम तथा साक्ष्य आधारित



आयुर्वेद पर बल दिया और उन्होंने बताया कि पतंजलि परिवार परंपरागत औषधि ज्ञान के संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर कार्य कर रहा है।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 105 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। इस सप्ताह आने वाले अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भी बाजार की बढ़त सीमित रही। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 104.99 अंक बढ़कर 72,748.42 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 32.35 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 22,055.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ‘‘भारतीय बाजारों ने उतार-चढ़ाव के बीच अपने अन्य एशियाई समकक्षों की तरह तेजी दर्ज की। म्यूचुअल फंड के दबाव की जांच करने जैसे घरेलू मुद्दों का शायद ही कोई नकारात्मक असर पड़ा, लेकिन बढ़ा हुआ मूल्यांकन चिंता का विषय बना हुआ है।’’ एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। अमेरिकी बाजार में ब्याज दरों पर चिंता के बीच आईटी शेयरों में गिरावट आई।

## राशिफल

**मेष** — कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। संयत रहें। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**वृष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मिथुन** — संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मन परेशान हो सकता है।

**कर्क** — आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है। व्यर्थ के विवादों से दूर रहने का प्रयास करें।

**सिंह** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साथ बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — भागदौड़ अधिक रहेगी। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। पिता का साथ मिलेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। सुस्वादु खानपान के प्रति रुझान बढ़ेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के मिश्रित भाव रहेंगे।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

## रिलायंस रिटेल ने ‘ली कूपर’ डेनिम ब्रांड के साथ विमेन फुटवियर में रखा कदम

**मुंबई।** ली कूपर डेनिम ब्रांड की आईकॉनिक ने 'नो शू पार्टी' थीम पर एक धमाकेदार आयोजन मुंबई में करते हुए विमेन फुटवियर कलेक्शन प्रारंभ करने की घोषणा की। ली कूपर रिलायंस रिटेल ब्रांड ने अपने विमेन फुटवियर सेगमेंट में एक अनोखी एवं महत्वपूर्ण अनुभवों के साथ ली कूपर फुटवियर व्यवसाय में प्रवेश किया। यह आयोजन देर रात तक चलती रही। इसमें भाग लेने वालों को विशेष आश्चर्य तब हुआ जब पार्टी के बाद उन्हें उनके पसंद का फुटवियर उपहार भेंट किया गया। ली कूपर की प्रमुख महिला फुटवियर रेंज के लॉन्च की शोभा बढ़ाने वाली खूबसूरत अभिनेत्री सुश्री सान्या मल्होत्रा थीं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से लॉन्च पार्टी की शोभा बढ़ाई। 'स्प्रिंग समर' 24 कलेक्शन के लॉन्च पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, सान्या ने कहा, ‘नया कलेक्शन शानदार है और इसने मुझे वास्तव में आकर्षित किया है। चाहे स्टाइल के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री हो, गुणवत्ता, आराम से लेकर स्टाइल तक सब कुछ सटीक है। मैं इस अद्भुत शाम का हिस्सा बनने के लिए आभारी हूं और ऐसे असाधारण संग्रह का अनावरण करने के लिए टीम को बधाई देती हूं, यह मेरी निजी पसंदीदा ब्रांड बन गयी है।" 'नो शू पार्टी' अवधारणा को ली कूपर के आत्म-अभिव्यक्ति और प्रामाणिकता के लोकाचार के साथ पूरी तरह से संरेखित करते हुए, व्यक्तित्व को प्रभावी बनाने के लिए जीवन में लाया गया है।



## एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट 24 व 31 मार्च को

**कोटा।** एलन कैरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड में बोर्ड परीक्षा के बाद शुरू होने वाले बैच की घोषणा कर दी गई है। एडमिशन के लिए होने वाले एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट की तिथियां भी घोषित कर दी गई है। एलन के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के बाद कक्षा दसवीं से ग्यारहवीं में जाने वाले विद्यार्थियों के लिए (नर्चर बैच) कक्षाएं 27 मार्च से शुरू होंगी। इस बैच में प्रवेश के लिए एलन स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (एसेट) 24 मार्च को होगा। इसके बाद के बैच के लिए ए-सेट 31 मार्च व अप्रैल माह में होंगे। इस परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर विद्यार्थियों को 10 से 90 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप देय होगी। एडमिशन के साथ ही कैम्पस व अन्य संबंधित जानकारियां मैसेज के माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों को प्रेषित की जाती है।


## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** नामालूम **पुत्रः** नामालूम **निवासीः** नामालूम **उम्र :** लगभग 30–35 साल, **कदः** 5'5", **रंग :** साफ, **चेहरा :** गोल, **शरीर :** मध्यम, **पहचान :** शव सड़े–गले हालत में है, **कपड़े :** गहरे हरे रंग की जर्सी स्वेटर, काले रंग की जीन्स पैंट पहने हुए है, जो दिनांक 22.02.2024 को एनटीपीसी ईको पार्क, बिलासपुरी कैंप, लोहिया पुल के निकट, मीठापुर, जैतपुर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया है। इस संदर्भ में डीडी संख्या 62ए दिनांक 22.02.2024 थाना जैतपुर, दिल्ली में दर्ज है। इसके शव को एम्स अस्पताल, दिल्ली के मुर्दाघर में सुरक्षित रखा गया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

थानाध्यक्ष
थाना जैतपुर, दिल्ली,
दक्षिण पूर्वी जिला, दिल्ली
दूरभाष 011-26666410, 26666412, 8750871645, 9871133028

DP/3119/SE/2024


## शब्द पहेली - 5457



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

### शब्द पहेली-5456 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5468

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5467 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |



## कोहली के विराट प्रदर्शन पर नजर

टूर्नामेंट में कोहली के प्रदर्शन पर सभी की करीबी नजर रहेगी क्योंकि इसके तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप खेला जाना है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व कप 2022 के बाद अपना पहला टी20 मैच इस साल के शुरू में अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। रोहित शर्मा ने भी इस श्रृंखला में वापसी की थी और संभावना है कि वह एक जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।

# आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े कोहली

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 22 मार्च से शुरू होने वाली आईपीएल से पहले सोमवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को ही भारत पहुंचे थे। भारत और आरसीबी के पूर्व कप्तान को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते हुए देखा गया। टीम के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भी अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। आरसीबी ने अभी तक आईपीएल का खिताब नहीं जीता है। उसका पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होगा।



### विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरके कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली अपनी ऊर्जा से टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके शानदार प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी मैदान के बाहर भी इस भारतीय सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर 'अपडेट' का इंतजार

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने सोमवार को कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस की स्थिति को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड से 'अपडेट' का इंतजार है।



टी20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। बाउचर ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है।'



### रोहित हमेशा मेरे मार्गदर्शक बने रहेंगे : पंड्या

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने सोमवार को कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे। मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। आपने बताया कि वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने अब तक जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में ही मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है।'

## खबर संक्षेप



### पंत को लय पाने में होगी मुश्किल

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि ऋषभ पंत को आईपीएल के शुरू में अपनी सर्वश्रेष्ठ धाराप्रवाह लय में आने में बहुत मुश्किल होगी लेकिन उनका मानना है कि जब वह ज्यादा से ज्यादा बल्लेबाजी करना शुरू कर देंगे तो उनके घुटने मैच परिस्थितियों के हिसाब से बेहतर ढंग से मूव करेंगे। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए पंत 14 महीनों बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे जिसके लिए दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ने कड़े 'रिहैबिलिटेशन' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### मोहसिन दूसरी रेस में 16वें स्थान पर रहे

**बुरिराम।** इदेमित्सु होंडा रेसिंग भारतीय टीम के ड्राइवर मोहसिन परमबान सोमवार को यहां एशिया



रोड रेसिंग चैम्पियनशिप 2024 की एशिया प्रोडक्शन 250 सीसी क्लास के पहले राउंड की दूसरी रेस में 16वें स्थान पर रहे। मोहसिन ने 21वें स्थान से रेस शुरू की थी और अंतरराष्ट्रीय ड्राइवरों को कड़ी चुनौती दी। उन्होंने 19:30.033 सेकेंड के कुल समय से 16वां स्थान हासिल किया लेकिन दुर्भाग्य से टीम के लिए कोई अंक नहीं जुटा सके। मोहसिन के साथी काविन क्विंटल दूसरी रेस में शीर्ष 15 में शामिल रहे।

### फुटबॉल मैच के बाद झड़प, 12 गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्किये में शीर्ष स्तर की घरेलू फुटबॉल में ट्रैब्जोनस्पोर क्लब के प्रशंसकों ने हार के बाद मैदान पर हमला बोल दिया और



मेहमान टीम फेनेरबाश के खिलाड़ियों के साथ हिंसक झड़प में उलझ गए। 'तुर्किये सुपरलीग' मैच में रविवार को फेनेरबाश के खिलाड़ियों ने जैसे ही ट्रैब्जोनस्पोर पर 3-2 की जीत का जश्न मनाना शुरू किया, घरेलू टीम के प्रशंसक मैदान पर आ गए। गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को 'एक्स', पर लिखा कि पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 12 लोगों को हिरासत में लिया है।

### हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने सोमवार को घोषणा की कि उसने हाई परफोरमेंस निदेशक बर्नार्ड डुने से नाता तोड़ दिया है और साथ ही कहा कि भारतीय टीम विदेशी कोच दिमित्रिज दिमित्रुक के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग जारी रखेगी। आयरलैंड के पूर्व पेशेवर मुक्केबाज डुने को अक्टूबर 2022 में हाई परफोरमेंस निदेशक बनाया गया था। उन्होंने इटली में इस महीने पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद अपना इस्तीफा भेज दिया।

## फुटबॉल : लीग वन में शीर्ष पर बनाई 12 अंक की बढ़त

# एमबापे की हैट्रिक से पीएसजी ने मोंटपेलियर को 6-2 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| पेरिस

किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली।

एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किए जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है।

वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए। रिम्स, मोनाको और रेनेस के साथ ड्रॉ खेलने के बाद पीएसजी के लिए चार लीग मैचों में यह पहली लीग जीत थी। लीग में अभी आठ दौर के मैच बचे हैं। पीएसजी के 59 अंक हैं, ब्रेस्ट के 47 और मोनाको के 46 अंक हैं।



### बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 3-0 से हराया

**मैड्रिड।** बार्सीलोना ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग 'ला लिगा' में रविवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को 3-0 से हराया। जोओ फेलिक्स, रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और फर्मिन लोपेज ने बार्सीलोना के लिए गोल दागे जिससे यह टीम एटलेटिको के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से बार्सीलोना 29 मैचों में 64 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। वह शीर्ष पर काबिल रियल मैड्रिड से आठ अंक पीछे हैं।

### एफए कप के सेमीफाइनल में पहुंचा यूनाइटेड

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में रविवार को यहां लिवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। नियमित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। स्थानापन्न खिलाड़ी अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को यादगार जीत दिला दी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैच के अहम पलों में गोलकर शानदार वापसी की। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी और उस पर हार का खतरा मंडरा रहा था। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा।

# राहुल को एनसीए से मिली हरी झंडी, विकेटकीपिंग से रहेंगे दूर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की मंजूरी मिल गई है लेकिन उन्हें शुरू में ही ज्यादा कार्यभार नहीं लेने की सलाह दी गई है। राहुल इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान फिर से चोटिल हो गए थे। उनके तीसरे मैच के लिए टीम से जुड़ने की संभावना थी लेकिन मांसपेशियों में अकड़न के कारण वह बाकी मैचों में भी नहीं खेल पाए। राहुल ने एनसीए में बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग से जुड़ी ड्रिल और आउटफील्ड में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। बीसीसीआई के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'एनसीए ने राहुल को खेलने की मंजूरी दे दी है तथा वह गुरुवार को लखनऊ में टीम से जुड़ जाएंगे। लखनऊ की टीम अपना पहला मैच 24 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जयपुर में खेलेगी। उन्हें शुरू में विकेटकीपिंग नहीं करने की सलाह दी गई है तथा वह शुरुआती मैचों में विशुद्ध बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे।'



### लखनऊ टीम में दो विकेटकीपर

लखनऊ हालांकि उनके विकेटकीपिंग नहीं करने को लेकर परेशान नहीं है क्योंकि उसके पास दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकाक और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरण के रूप में दो अच्छे विकेटकीपर हैं। पूरण इस साल टीम में उप कप्तान की भूमिका भी निभाएंगे। राहुल का हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलना बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके दम पर वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपना दावा पेश कर सकते हैं।

पोलिश ग्रां प्री

# अखिल, अनीश को स्वर्ण भारत ने जीते छह पदक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण और अनीश भानवाला ने स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले जिससे भारत ने पोलिश ग्रां प्री में अपना अभियान छह पदक से समाप्त किया।

श्योराण ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन मैच 2 में 468.4 के रिकॉर्ड स्कोर से स्वर्ण पदक जीता। चेक गणराज्य के पैट्रिक जानी उनसे 2.2 अंक पीछे ग्रां प्री व्रोक्लाविया एवं डोलनेगो स्लास्का में दूसरे स्थान पर रहे। इन दोनों निशानेबाजों के स्कोर मौजूदा 466.1 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से बड़े रहे जो चेक गणराज्य के जिरी प्राइव्रातस्की के नाम था। भानवाला ने इस प्रतियोगिता के साथ ही आयोजित की गई जोजेफ जापेदज्की ग्रां प्री में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। भारतीय नौसेना के निशानेबाज नीरज कुमार ने भी प्रभावित किया। वह पुरुषों की राइफल थ्री पी के दोनों मैच में दो कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। इससे वह दो पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय बने।



पहले मैच में वह जानी और रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता यूक्रेन के सेरही कुलिश के बाद तीसरे स्थान पर रहे। पेरिस कोटा हासिल कर चुकी श्रियंका सादांगी ने महिलाओं की थ्री पी स्पर्धा में कांस्य पदक जबकि आशी चौकसी ने दूसरी महिला थ्री पी में रजत पदक जीता।

### 27 सदस्यीय हॉकी दल के साथ ऑस्ट्रेलिया जाएंगे कोच फुल्टन

**नई दिल्ली।** ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की हॉकी टेस्ट श्रृंखला में 27 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने भुवनेश्वर में अभ्यास कर



रहे संभावित खिलाड़ियों के लगभग पूरे कोर समूह के साथ ऑस्ट्रेलिया जाने का विकल्प चुना है। भारतीय टीम एक अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। टीम छह अप्रैल को अपना पहला मैच खेलेगा। इसके बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे। सभी मैच पर्थ में खेले जाएंगे। इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के मद्देनजर हॉकी की सबसे मजबूत टीमों में से एक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह श्रृंखला टीम की तैयारियों के लिए काफी अहम है। यह दौरा फुल्टन को ओलंपिक के लिए अपनी संभावित 16 सदस्यीय टीम को परखने का मौका देगा। पेरिस ओलंपिक से पहले भारतीय टीम को मई में प्रो लीग के बेल्जियम चरण में खेलना है। ऐसे में खिलाडियों को परखने के लिए कोच और अधिक विकल्प मिलेगा।

# अल्कराज और स्वियाटेक बने इंडियन वेल्स चैंपियन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

गत चैंपियन कार्लोस अलकराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद अपना पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे।

उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था लेकिन वह यहां लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियाटेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में 6-4, 6-0 से करारी शिकस्त दी। स्वियाटेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। स्वियाटेक की इस साल 22 मैचों में यह 20वीं जीत है। उन्होंने पिछले साल भी इस आयोजन के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी को 6-4, 6-1 से मात दी थी। अल्कराज, नोवाक जोकोविच के 2014 से 2016 तक लगातार तीन बार चैंपियन बनने के बाद इस खिताब का बचाव करने वाले पहले खिलाड़ी हैं।





## सिंधू का सामना पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा

# लक्ष्य, सिंधू स्विस ओपन में करेंगे भारत की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| बासेल

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस 22 साल के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।

सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सेन 210,000 डॉलर (लगभग 1.74 करोड़ रुपए) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने के कारण मैच को बीच में छोड़ दिया था।





### आकर्षी को मिला कड़ा ड्रा

महिला एकल में अन्य भारतीय आकर्षी कश्यप को कड़ा ड्रा मिला है। वह अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। अच्छी लय में चल रही तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में अमेरिका की एनी जू और केरी जू की जोड़ी से होगा।

# ठंड से बचाव के लिए चीन की सीमा पर भारत बना रहा नए बंकर

एजेंसी ▶▶ सेला दर्रा

अरुणाचल प्रदेश में सामरिक महत्व की सेला सुरंग बनाने के बाद अब भारतीय सेना चीन से लगती सीमा पर दर्जनों बंकरों का निर्माण कर रही है। प्रत्येक में कम से कम 120 सैनिक रहेंगे और उन्हें शून्य से कम तापमान पर भी युद्ध के लिए तैयार रखा जाएगा।

लंबे समय से चीन से लगती सीमा पर तैनात भारतीय सैनिकों को अक्सर अत्यधिक ठंड और कठोर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। इसलिए हाल ही में सैनिकों के लिए विशेष इन्सुलेटेड बंकरों को बनाने का काम जारी है। टीओआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक इन बंकरों में अग्रिम पंक्ति के बंकर ज्यादातर लकड़ी या कंक्रीट के ढाँचे होते थे जो रेत की बोरियों से ढके होते थे। ये बंकर सैनिकों को कठोर जलवायु या दुश्मन से बहुत कम सुरक्षा प्रदान करते थे।

### भारतीय सेना हर मोर्चे पर रहेगी तैयार

- चीन से लगती सीमा पर दर्जनों बंकरों का निर्माण जारी
- माइनस 30 डिग्री तापमान में भी रह सकेंगे जवान
- प्रत्येक बंकर में कम से कम 120 सैनिक रहेंगे
- सोने के लिए क्वार्टर भी बन रहे
- नए बंकरों में सौर और भू-तापीय ऊर्जा का उपयोग करके एयर कंडीशनिंग
- अभी तक ठंड से बचाव के थे कम उपाय



### 3,488 किमी लंबी विवादित सीमा

बता दें कि भारत चीन के साथ 3,488 किमी लंबी विवादित सीमा साझा करता है। इसमें पूर्वी लद्दाख में 1,597 किमी, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 545 किमी, सिक्किम में 220 किमी और अरुणाचल प्रदेश में 1,126 किमी लंबी सीमा है। ये खास बंकर पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड बना रही है। गृह मंत्रालय ने 2016 में आईटीबीपी जवानों के लिए पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया था। नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनपीसीसी) ने परियोजना शुरू की और इसे पटेल इंजीनियरिंग लिमिटेड को दे दिया और उन्होंने 2019 में बंकरों का निर्माण पूरा कर लिया। एनपीसीसी अब डीआरडीओ विशेषज्ञों के परामर्श से और आईटीबीपी की सहमति के बाद कुछ डिजाइन सुधार उपाय लेकर आया है।

### 3डी-प्रिंटेड बंकरों की भी योजना बनाई

सेना ने एलएसी पर सैनिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 3डी-प्रिंटेड बंकरों की भी योजना बनाई है। ये बंकर टी-90 जैसे एमबीटी से 100 मीटर की सीधी मार झेलने में सक्षम होंगे। पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में उनका व्यापक परीक्षण हुआ है। सेना ने सीमा पर विशिष्ट उपयोग के लिए बुलेटप्रूफ बंकर, भूमिगत सर्वाइवल बंकर और मॉड्यूलर बंकर भी बनाए हैं। भारत सरकार अब क्षेत्र में सैनिकों की सुविधा के लिए सीमा पर अपनी सड़कों और बुनियादी ढांचे का लगातार निर्माण कर रही है।

## खबर संक्षेप



### लोकसभा चुनाव के बीच भूटान जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान दौरे पर जाएंगे। ऐसा महज एक बार हुआ है, जब भारत का कोई प्रधानमंत्री चुनाव की घोषणा के बाद विदेश दौरे पर जा रहा हो। हालांकि इस यात्रा के दौरान दोंनो देशों के बीच कोई समझौता नहीं होगा। हाल ही में भूटान के पीएम भारत आए थे।



### ऋषि सुनक की नेतागीरी से कंजर्वेटिव पार्टी में बवाल

**लंदन**। यूनाइटेड किंगडम में इस साल अक्टूबर महीने में चुनाव होने वाले हैं, लेकिन सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी अंदरूनी कलह में फंस गई है, जिसकी वजह से प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की पार्टी का सूपड़ा साफ हो सकता है। सुनक की लीडरशिप को लेकर कंजर्वेटिव पार्टी में भारी असंतोष है।



### छत गिरने से 2 बच्चों सहित 6 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक घर की छत गिरने से 2 बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिणी वजीरिस्तान आदिवासी जिले के रघजई इलाके की है। छत गिरने की इस घटना में 6 लोगों की मौत के साथ ही 10 लोग घायल हो गए हैं।



### उत्तर कोरिया ने फिर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**प्योंगयांग**। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने सोमवार सुबह पूर्वी जल क्षेत्र की ओर मिसाइल दागी है। इससे क्षेत्र में एक बार फिर तनाव फैल गया है। उत्तर कोरिया ने सोमवार को सुबह उसके पूर्वी तट की ओर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया के सेना प्रमुख ने विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया है।



### 180 यात्रियों से भरे विमान की टूटी खिड़की

**ओरेगॉन**। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की और विमान का एक एक हिस्सा बीच हवा में ही उड़ गया। ओरेगॉन के पोर्टलैंड से शाम उड़ान भरने के तुरंत बाद यह हादसा हुआ। यह विमान 174 मेहमानों और चालक दल के 6 सदस्यों के साथ पोर्टलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से वापस उतर गया।

### अमेरिका के लोकतंत्र का उड़ाया मजाक, नाटो में बढ़ी दहशत

# 5वीं बार राष्ट्रपति का चुनाव जीतते ही पुतिन ने दी तीसरे विश्वयुद्ध की धमकी

*व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस और अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन में अगर संघर्ष हुआ तो इसका मतलब ये है कि यह दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध से महज एक कदम दूर होगी और शायद ही कोई ऐसी परिस्थिति देखना चाहता है। पुतिन इस बयान ने नाटो देशों की चिंता बढ़ा दी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

व्लादिमीर पुतिन ने रूस में हुए राष्ट्रपति चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है, जिसके बाद पुतिन का पांचवी बार रूस का राष्ट्रपति बनना तय हो गया है। सोमवार को नतीजों की घोषणा होने के बाद पुतिन ने अपने पहले संबोधन में पश्चिमी देशों को धमकी देते हुए तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दे दी।

उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो गठबंधन में अगर संघर्ष हुआ तो इसका मतलब ये है कि यह दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध से महज एक कदम दूर होगी और शायद ही कोई ऐसी परिस्थिति देखना चाहता है। साल 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस और पश्चिमी देशों के संबंध सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने बीते महीने ही भविष्य में यूक्रेन में अपने सैनिकों को उतारने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया। इस बारे में जब पुतिन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'आज के आधुनिक दौर में कुछ भी संभव है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो तीसरा विश्वयुद्ध ज्यादा दूर नहीं है।' पुतिन ने ये भी कहा कि 'वैसे नाटो के सैनिक अभी भी यूक्रेन में मौजूद हैं। रूस को पता चला है कि युद्ध के मैदान में इंग्लिश और फ्रेंच भाषा बोलने वाले जवान भी मौजूद हैं। ये अच्छी बात नहीं है, खासकर उनके लिए क्योंकि वे बड़ी संख्या में यहां मर रहे हैं।'

### पुतिन का दावा- अभी भी नाटो के सैनिक यूक्रेन में मौजूद

**खास बातें**

- रूस में 30 साल तक राज करने वाले इकलौते राष्ट्रपति होंगे पुतिन
- 88 प्रतिशत वोट पाकर एकतरफा जीत गए पुतिन
- विरोधी की मौत पर दुख भी

#### यूक्रेन युद्ध पर बातचीत के लिए तैयार



पुतिन ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण किया था। पुतिन ने यूक्रेन युद्ध पर कहा कि फ्रांस बातचीत में अहम भूमिका निभा सकता है क्योंकि अभी भी सबकुछ खत्म नहीं हुआ है। पुतिन ने कहा कि 'मैंने पहले भी कहा है, और मैं अब भी कहता हूं कि हम बातचीत के लिए तैयार है और ये बातचीत सिर्फ इसलिए नहीं होगी क्योंकि दुश्मनों के पास गोला-बारूद खत्म हो चुका है। अगर वे सचमुच गंभीर हैं और शांति चाहते हैं तो उन्हें पड़ोसी देशों की तरह अच्छे संबंध बनाकर चलना होगा।'

#### जंग के अंजाम को लेकर डरा नाटो

यूक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने वाले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हर कोई डरा हुआ है। नाटो देश खुद को बेशक बेहद ताकतवर मानते हों, लेकिन उन्हें पुतिन की ताकत का अंदाजा है। नाटो देश के लीडर में डर साफ देखा जा सकता है। फ्रांस के बाद अगला नाम जर्मनी का है। ये जर्मनी ही था जिसने सबसे पहले पोलैंड के रास्ते यूक्रेन में हथियार भेजना शुरू किया था। रूस के इतिहास में स्टालिन ने 29 साल तक राज किया था। अब पुतिन अगला कार्यकाल पूरा कर लेते हैं तो वो 30 साल तक राज करने वाले इकलौते राष्ट्रपति होंगे। दूसरी ओर रूस में पुतिन सरकार की एक बार फिर से वापसी से नाटो में खौफ बैठ गया है। साथ ही यूक्रेन भी टेंशन में आ गया है। नाटो को डर है कि आखिर जिस जंग की शुरुआत पुतिन ने 2 साल पहले की थी उस जंग का अंजाम क्या होगा? कीव पर जिस अटैक को पुतिन ने मिलिट्री ऑपरेशन कहा था उस युद्ध की पूर्णाहुति आखिर कितने बड़े अटैक से होगी। क्योंकि चुनाव जीतने के बाद पुतिन और भी ज्यादा ताकतवर बन जाएंगे।

#### अमेरिका पर दुनिया हंस रही है

पुतिन ने अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा रूस के चुनाव की आलोचना करने पर खुद अमेरिका के लोकतंत्र का मजाक उड़ाया और कहा कि 'पूरी दुनिया उन (अमेरिका) पर हंस रही है, वहां क्या हो रहा है।' पुतिन ने ट्रंप के खिलाफ पूरी स्टेट मशीनरी को लगाए जाने का भी आरोप लगाया। पुतिन के विरोधी माने जाने वाले एलेक्सी नवलनी की मौत पर पुतिन ने पहली बार उनके नाम का जिक्र किया और कहा कि अब वह मर चुके हैं और उनकी मौत पर दुख जताया।

नवलनी की बीते दिनों ही रूस की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। नवलनी को पुतिन का विरोधी माना जाता था। नवलनी की मौत के आरोप पुतिन पर ही लगे थे।

# पाक ने अफगान में की एयर स्ट्राइक, 8 की मौत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबानी सेना के बीच जंग जैसे हालात बन गए हैं। पाकिस्तान की वायुसेना ने सोमवार की रात अफगान धरती पर एयर स्ट्राइक की। तालिबान ने दावा करते हुए कहा कि हवाई हमलों में 8 लोगों की मौत हुई है।

पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों को निशाना बनाया है। दो पाकिस्तानी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में पाकिस्तानी तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। तालिबान सरकार ने हवाई हमलों की निंदा की है। साथ ही, पड़ोसी देश को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी है।

## जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

**क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका**

**जानू बस्ती थेरेपी क्या है**

वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

**जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये**

इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।

**जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है**

आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।




24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

### कंपनियां उठा रहीं फायदा!

## अमेरिका से शुरू नाजायज टैक्स! भुगत रहीं दुनियाभर की महिलाएं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में 'पिंक टैक्स' के ऊपर बहस शुरू हो चुकी है। यह कंपनियों द्वारा महिलाओं से मनमाने ढंग से अधिक पैसे वसूलने का तरीका है।



पिंक टैक्स पर चर्चा आंत्रप्रेन्योर किरण मजूमदार शॉ द्वारा एक वीडियो को साझा करने के बाद शुरू हुई। महिलाओं को समान प्रोडक्ट्स के लिए पुरुषों से अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। कंपनियों द्वारा महिलाओं से पैसा कमाने की इसी तरकीब को ही 'पिंक टैक्स' कहा गया है।

#### कैसे हुआ शुरू?

पिंक टैक्स पहली बार 1994 में यूएसए के कैलिफोर्निया में सामने आया। पिंक टैक्स जेंडर के हिसाब से वसूला जाता है। दरअसल, महिलाओं के वही प्रोडक्ट जो मर्दों के लिए भी हैं उनकी कीमत अधिक है। इन प्रोडक्ट में साबुन, परफ्यूम, लोशन जैसे पर्सनल केयर प्रोडक्ट से लेकर गारमेंट, जूलरी और अपैरल समेत कई तरह के प्रोडक्ट्स पर महिलाएं अधिक कीमत चुकाती हैं।

### समुद्र में तैरता 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन'




**गाजा पट्टी**। गाजा में राहत पहुंचाने के लिए अमेरिका का एक संगठन ऐसा है जिसने एक नए रास्ते से गाजा में सैकड़ों टन खाना पहुंचाया है। अमेरिका का ये संगठन 'वर्ल्ड सेंट्रल किचन' है। इसने गाजा का पेट भरने का जिम्मा उठाया है। इसने अब तक एक दर्जन से ज्यादा देशों में सहायता मिशन चला चुका है। इस संगठन को शेफ जोस एन्ड्रेस ने 2010 में शुरू किया था। इसका मकसद प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकट के दौरान पीड़ित लोगों तक खाना पहुंचाना है।

### राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन से बात की

## भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग कार्ययोजना को लागू करने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ महत्वाकांक्षी भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग कार्ययोजना को लागू करने के तरीकों और साधनों पर चर्चा की। जिसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाना है।

टेलीफोन पर बातचीत में सिंह और ऑस्टिन ने क्षेत्रीय सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। सिंह ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा रक्षा सहयोग के मुद्दों पर संक्षेप में चर्चा की। अमेरिका के रक्षा मंत्री ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोधी अभियान चलाने में भारतीय नौसेना द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। भारतीय पोत कारखानों में अमेरिकी नौसैनिक जहाजों की मरम्मत जैसे अन्य रक्षा औद्योगिक सहयोग से जुड़े मुद्दों पर भी संक्षेप में चर्चा की गई।

- समुद्री डकैती रोधी अभियान चलाने पर भारतीय नौसेना की सराहना की
- द्विपक्षीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा की



#### न्यायाधिकरण देखेगा दो समूहों को प्रतिबंधित करने के सबूत

केंद्र ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा के तहत दो न्यायाधिकरणों का गठन किया, ताकि यह निर्णय किया जा सके कि मुस्लिम कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) और मुस्लिम कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) को प्रतिबंधित समूह घोषित करने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं। दोनों संगठनों को उनके भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक प्रचार तथा लोगों को चुनाव में भाग लेने से परहेज करने के लिए कहने के कारण 28 फरवरी को सरकार द्वारा 5 साल के लिए प्रतिबंधित समूह घोषित किया था।

#### सरकारी फैसले की पुष्टि के लिए न्यायाधिकरण आवश्यक

यूएपीए के अनुसार, किसी संगठन पर प्रतिबंध लगाने वाले किसी भी सरकारी फैसले की पुष्टि के लिए एक न्यायाधिकरण का गठन आवश्यक है। मुस्लिम कांफ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) (एमसीजेके-बी) को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के लिए पर्याप्त कारण हैं या नहीं, इस पर फैसला देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की सदस्यता वाले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) न्यायाधिकरण का गठन किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109